सुप्रभात
रांची, मंगलवार
14.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 299



12 वाराणसी के रोडशो में उमड़ी भीड़ से पीएम मोदी गदगद

# झारखंड की चारों सीटों पर 63.14% मतदान

## खूंटी 65.82%, सिंहभूम 66.11%, पलामू 59.99% व लोहरदगा में 62.60% मतदान

- नक्सली धमकी बेआसर, सिंहभूम में सर्वाधिक वोटिंग, पलामू में सबसे कम
- कहीं से भी हिंसा की कोई बड़ी खबर नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड की चार लोकसभा सीटों खूंटी, सिंहभूम, पलामू और लोहरदगा में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। कहीं से भी हिंसा की कोई बड़ी खबर नहीं है। आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक चारों लोकसभा क्षेत्र में औसत 63.14 प्रतिशत मतदान हुआ। खूंटी 65.82%, सिंहभूम : 66.11%, लोहरदगा में 62.60% व पलामू में 59.99% मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। नक्सली धमकी का सिंहभूम के मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ा। वहां सर्वाधिक वोट पड़े। सोमवार को जिन उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी, उनमें अर्जुन मुंडा, बीडी राम, गीता कोड़ा, जोबा मांझी, सुखदेव भगत, समीर उरांव, ममता भुइयां व कालीचरण मुंडा शामिल हैं। वोटिंग के दौरान मामूली झड़प के भी दो मामले दर्ज किये गये हैं। शाम पांच बजे तक अनुमानित वोटर टर्नआउट 63.14 प्रतिशत रहा। लोहरदगा में भी यही हाल था।

**नक्सली धमकी बेअसर :** सिंहभूम लोकसभा सीट पर नक्सलियों की धमकी को ठेंगा दिखाते हुए मतदाताओं ने जमकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। बंदूक की गोलियों के भय को दरकिनार करते हुए मतदाताओं ने अपनी उंगली पर लोकतंत्र को मजबूत करने वाली नीली स्याही लगवायी और अपने पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। यहां नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर चुनाव बहिष्कार की घोषणा की थी, लेकिन आम लोगों ने इसकी तनिक भी परवाह नहीं की।



### खूंटी की महिला वोटरों में जबर्दस्त उत्साह दिखा

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में भी मतदाताओं में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। खासकर महिलाओं में। आदिवासी वोटर पारंपरिक वेशभूषा में मतदान करने के लिए पहुंचे। एक मतदाता भगवान बिरसा मुंडा का रूप धरकर वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचा था। पारंपरिक वेश में पहुंचे मतदाता वहां मौजूद लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने थे।

**इनमें टक्कर :** पलामू में भाजपा के वीडी राम और राजद की ममता भुइयां की बीच मुकाबला है। लोहरदगा में भाजपा की ओर से समीर उरांव और कांग्रेस की ओर से सुखदेव भगत, खूंटी में भाजपा की ओर से अर्जुन मुंडा और कांग्रेस की ओर से कालीचरण मुंडा आसने सामने हैं। वहीं सिंहभूम सीट पर भाजपा की ओर से गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच मुकाबला है।

### चंपई, गीता और मधु कोड़ा ने डाले वोट





मुख्यमंत्री चंपई सोरेन अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा (सरायकेला-खरसावां)के गम्हरिया थाना अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अपने परिवार संग वोट डाला। वोट डालने के बाद सीएम ने मीडिया से बातचीत के क्रम में राज्यवासियों से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा व पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने जगन्नाथपुर पताहातु स्थित अपने पैतृक गांव में मतदान किया।

### अर्जुन मुंडा ने लाइन में लगकर किया वोट



खरसावां के खेलारीसाई में बूथ संख्या 172 पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी मीरा मुंडा संग कतार में लगकर मतदान किया। अर्जुन मुंडा काफी उत्साहित दिखे। मताधिकार का प्रयोग करने के बाद इन्होंने पत्रकारों से बातचीत की, इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश को बेहतर भविष्य की ओर ले जायेगा। गठबंधन की सिंहभूम से प्रत्याशी जोबा माझी ने कार्मेल हाई स्कूल में मतदान किया। गम्हरिया प्रखंड निवासी पद्मश्री छुटनी महतो ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चाईबासा के विधायक सह मंत्री दीपक बिरुवा, मझगांव के विधायक निरल पूर्ति, जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू, चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान किया।

### कालीचरण ने की वोटिंग



खूंटी से कांग्रेस प्रत्यासी कालीचरण मुंडा सुबह पौने नौ बजे अपने घर से वोट देने माहिल स्थित बूथ संख्या 220 पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में वोटर लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार मतदान किया।

### समीर उरांव व सुखदेव किया मतदान





लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव बिशुनपुर (गुमला) में बूथ संख्या 141 राज्यकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुर पर सुबह 8 बजे पहुंचे और वोटिंग की। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपना मतदान अवश्य करें। लोहरदगा लोकसभा सीट कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में पूरे परिवार के साथ पहुंचकर अपना वोट डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा को लेकर इस बार मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### नहीं रहे सुशील मोदी कैंसर से एम्स में निधन



नयी दिल्ली। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा नेता सुशील मोदी (72) का निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे और नयी दिल ली एम्स में भर्ती थे। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अपने पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी। सुमो के निधन पर पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने गहरा दुख जताया है।

### आज बिरनी में पीएम मोदी करेंगे जनसभा

रांची। पीएम मोदी मंगलवार को फिर झारखंड आयेंगे। वह गिरिडीह और कोडरमा सीट के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी एवं अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के पेशम अरवाड़ मैदान में दोपहर 1.30 बजे से जनसभा में बोलेंगे। वहीं असम के सीएम डॉ हिमंत बिस्वा सरमा 15 मई को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में करेंगे जनसभा। डॉ सरमा रजरप्पा डीएवी मैदान में जनसभा संबोधित करेंगे।

### हेमंत को झटका जमानत अर्जी खारिज

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गहरा झटका लगा है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने उनकी नियमित जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी है। अदालत ने 4 मई आदेश सुरक्षित रख लिया था। वह बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं।

### विधायक नेहा तिर्की पर प्राथमिकी दर्ज

रांची। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पर एफआईआर दर्ज किया गया है। नेहा तिर्की ने 12 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र (जिला-रांची) के मांडर के सरवा पंचायत (थाना नरकोपी) स्थित भोबरो गांव में एक जनसभा की थी। उन्होंने इस सभा को संबोधित भी किया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# 10वीं में दिव्यांशु और 12वीं में प्रखर ने बढ़ाया राज्य का मान



सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ की 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया गया। 10वीं में दिव्यांशु अग्रवाल ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य में सबसे ज्यादा नंबर पाने वाले छात्र बने हैं। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में पीयूष प्रताप सिंह ने साइंस स्ट्रीम में 98.4 फीसदी अंक प्राप्त किये, जबकि कॉमर्स में प्रखर अदुकिया ने 99.2 प्रतिशत हासिल का राज्य का नाम रोशन किया है। बोर्ड की ये परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक चली थीं। दो माह में रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस रिजल्ट में रांची डीपीएस के बच्चों ने सबसे ज्यादा अंक हासिल किये हैं। सफल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बाद दिव्यांशु ने कहा कि उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है। स्कूल में शिक्षकों ने जो भी सिखाया था उसे उन्होंने बेहतर तरीके से सीखा और परीक्षा में इसका परिणाम भी देखने को मिला। दिव्यांशु के पिता-माता ने कहा कि आज उन्हें बहुत खुशी है कि उनका बच्चा पूरे राज्य में सबसे अव्वल नंबर प्राप्त किया है। उन्होंने अन्य अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों पर पढ़ाई का प्रेशर न दें वह जिस प्रकार से पढ़ाना चाहे उसी प्रकार से पढ़ने दें। वहीं 12 वीं कामर्स के टापर अदुकिया ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई तो की थी पर इतना अच्छा परसेंटेज आयेगा, ऐसा नहीं सोचा था। मेरे माता-पिता और मेरे स्कूल के टीचर्स के सहयोग से आज यह सफलता मिली है। रांची डीपीएस के प्रिंसिपल राम सिंह ने बताया कि आज आधे से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर नंबर हासिल किये हैं जो निश्चित रूप से स्कूल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि उनके शिक्षक अपने बच्चों को यह सोचकर नहीं पढ़ाते हैं कि उनका बच्चा सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करें। बच्चों को पढ़ाने के पीछे यह मंशा होती है कि बच्चों को बेहतर और बेसिक नॉलेज दिया जाये, ताकि बेसिक नॉलेज के आधार पर बड़े से बड़े सवाल को वह अपने स्तर से हल कर सकें।

## भाजपा झूठों की सरकार : सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** सीएम चंपाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये जुमलों की सरकार कभी 15 लाख हर खाते में तो कभी दो करोड़ हर साल रोजगार तो कभी महंगाई को सिलिंडर लेकर नाचने वाली ये भाजपा झूठों की सरकार है। मोदी सरकार कभी जोड़ने की नहीं सिर्फ बांटने की बात करती है। कभी शिक्षा की बात नहीं करती, ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने की बात नहीं करती, ये आरक्षण खत्म करना चाहती है, संविधान को खत्म करना चाहती है।

जनता सब जान गयी है, इस बार उसे करारी हार मिलेगी। सीएम सोमवार को गोड्डा सीट से प्रदीप यादव के नामांकन के बाद चुनावी सभा में बोल रहे थे। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने सोमवार को नामांकन किया। इस मौके पर कई दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। वहीं प्रत्याशी प्रदीप यादव कहा कि इस बार कोई बाहरी नहीं बल्कि झारखंडी और गोड्डा का बेटा क्षेत्र का सांसद होगा।

(शेष पेज 11 पर)

## इस बार नहीं बन रही मोदी की सरकार : मल्लिकार्जुन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग ।** बरही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के इरादे और वादे को भांप चुकी है। इस बार भाजपा की सरकार बननेवाली नहीं है। वह बरही में हजारीबाग सीट के प्रत्याशी कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने पटेल को भारी मतों से विजय कराने की अपील की। बरही ब्लॉक मैदान में चुनावी सभा में श्री खड़गे ने दावा किया कि इस बार देश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड की चार सीटों के वोटिंग हुई। इस बीच पांचवे चरण के लिए सियासी सरगर्मियां भी तेज हो गयीं। इस कड़ी में श्री खड़गे सोमवार को हजारीबाग पहुंचे थे। यहां कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ जमकर हमला बोला। कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और अधिकार की लड़ाई के लिए लड़ी जा रही है।

(शेष पेज 11 पर)



## राज्य की चार लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न, भाजपा ने कहा

# जनता ने पीएम मोदी को दिया आशीष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने झारखंड के चार लोकसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न होने पर कहा कि जनता ने पीएम मोदी को आशीर्वाद दिया है। श्री साहू सोमवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने जनता और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये चुनाव आयोग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि खूंटी, लोहरदगा, प. सिंहभूम व पलामू की जनता ने उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लिया। झारखंड की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुये मतदान किया। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की इंडी गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में इंडी गठबंधन सरकार ने झारखंड को लूटा। विकास का काम अवरुद्ध किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। प्रत्येक दरवाजे पर विकास करके माध्यम से दस्तक दिया है। देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है। अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के मान सम्मान, उन्हें धुआं से आजादी दिलाने के लिए व्यापक पैमाने पर काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने घर-घर शौचालय का निर्माण कराया है। गैस कनेक्शन दिया है। गरीबों को पक्का मकान दिया है। हर महीने राशन उपलब्ध करा रहे हैं। चिकित्सा के लिए आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री मोदी किसानों को हर साल किसान सम्मान निधि दे रहे हैं। आज तक किसी प्रधानमंत्री ने किसानों को ऐसा सम्मान नहीं दिया। किसानों ने इससे प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट किया है। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद लोगों की बात छनकर सामने आई है। इससे स्पष्ट हो गया है कि चारों लोकसभा सीट पर एनडीए के प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे। जनता का रुख और स्पष्ट हार देखकर पलामू में राजद के लोग बौखला गये हैं।

इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, सरोज कुमार सिंह, रमाकांत महतो, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

## खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम पर झामुमो-कांग्रेस का दावा

# चारों सीट इंडी गठबंधन को मिलेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** झारखंड की चार सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान के बाद झामुमो और कांग्रेस ने दावा किया है कि यह चारों सीट गठबंधन की झोली में आने वाली है। पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में क्रमशः : झामुमो की जोबा मांझी, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत और राजद की ममता भुइयां भारी अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। मतदान के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि इन चारों सीटों पर भाजपा और मोदी लहर काम नहीं आयी है। लोगों ने खुलकर गठबंधन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति क्रोध, असंतोष अपने मत से जनता ने व्यक्त कर दिया है। आदिवासी-मूलवासी, दलित-पिछड़े एवं अल्पसंख्यक जन समूह के साथ हो रहे खिलवाड़ एवं अत्याचार पर रोक लग जाएगी। चारों लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध मतदाता मंडल को उन्होंने बधाई और धन्यवाद दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की जनता ने पहले तीन चरणों के चुनाव में दिखा दिया कि इस बार रोजगार और प्रगति वाली इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। चौथे चरण का मतदान भी इंडिया गठबंधन की ओर है, क्योंकि मतदाता इस बात को समझ चुके हैं कि हमारा हर एक वोट संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है। इसलिए झारखंड के प्रथम चरण के चुनाव में मतदाता का जोश, उमंग चार लोकसभा सीटों पर दिखी, उसे साफ प्रतीत हुआ कि मतदाता का रुझान कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के पक्ष में। भाजपा को नकारने का काम किया। उन्होंने कहा कि भयंकर महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध और प्रधानमंत्री के दस सालों के झूठ को नकारने का काम किया और राहुल गांधी के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा जताया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के चौथे चरण और राज्य का पहला चरण का चुनाव प्रधानमंत्री को हताश और निराश फिर एक बार कर दिया। झारखंड में चारों के चारों सीट कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जीतने का काम करेगी।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा**
Email Id-principalitisimariya@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, किशनपुर (LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, रॉंची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी पी0पी0पी0, सी0एस0आर0 एवं टी0एस0पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते है और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in Admission tab) आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 3. | मैकानिक डीजल (Mechanic Diesel) | 01 वर्षीय | 48 | मैट्रिक पास |
| 4. | वेल्डर (Welder) | 01 वर्षीय | 40 | आठवीं पास/ मैट्रिक पास |

02. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE) चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |

03. ऑनलाईन करने की तिथि:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 09.06.2024 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 12.06.2024 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 13.06.2024 से 15.06.2024 तक |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.06.2024 |

03. डी0जी0टी0 के पत्रांक:–DGT-Aff011/1/2023-0/o DIR(TC)-Part(2)[63756], दिनांक:–03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

05. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

06. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में टिकट Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नम्बर– 9334526299/6202102245/9304197311 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

नोट:– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा

PR 324750 Labour Employment and Traning(24-25)#D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**डाक मतपत्र कोषांग**

–: आम सूचना –:

कार्यालय आदेश ज्ञापांक 148/डा0म0को0, दिनांक 06–05–2024 के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि/समय एवं सुविधा केन्द्र अधिष्ठापित किया गया था।

उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सुविधा केन्द्र वार डाक मतपत्र से मतदान करने का समय निर्धारण निम्न प्रकार किया जाता है :–

| क्र0 | सुविधा केन्द्र का नाम | डाक मतपत्र से मतदान की तिथि | डाक मतपत्र से मतदान का समय | लोकसभा क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (01) | FC - I (यूआई.डी. कार्यालय, समाहरणालय, कोडरमा, झारखंड) | दिनांक 26–05–2024 से 27–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी, पलामू, दुमका, गोड्डा, राजमहल एवं अन्य) |
| (02) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–01) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (कोडरमा लोकसभा) |
| (03) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–02) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (कोडरमा लोकसभा) |
| (04) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–03) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (कोडरमा लोकसभा) |
| (05) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–04) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी एवं वाहन कोषांग (कोडरमा लोकसभा) |
| (06) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–05) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (हजारीबाग एवं जमशेदपुर, लोकसभा क्षेत्र) |
| (07) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–06) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (चतरा, गिरिडीह, रॉंची एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र) |
| (08) | FC - III (पुलिस अधीक्षक, कार्यालय, कोडरमा के नीचला तल्ला (Ground Floor) | दिनांक, 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 एवं 26–05–2024 से 27–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | पुलिस कर्मी एवं होमगार्ड (सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, हजारीबाग, चतरा, जमशेदपुर, रॉंची, गोड्डा, राजमहल एवं दुमका लोकसभा क्षेत्र) |
| (09) | FC - IV (सभागार रक्षित कार्यालय, पुलिस केन्द, चंदवारा, जिला–कोडरमा | दिनांक, 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | पुलिस कर्मी एवं होमगार्ड (कोडरमा, गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र) |
| (10) | PVC :- (यू.आई.डी. कार्यालय, समाहरणालय, कोडरमा, झारखंड) | दिनांक, 14–05–2024 से 16–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | आवश्यक सेवा के कर्मी |

नोट :– सभी मतदाता मतदान करने के लिए अपने साथ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करें।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.324740 Election(24-25):D


## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा

# जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिससे दूसरी कमेटी बनानी पड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं जिसके कारण दूसरी कमेटी बनानी पड़ी। कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से इस संबंध में जवाब मांगा है।

इससे पहले सुनवाई के दौरान गवर्नर की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में विधानसभा कार्यालय की संलिप्ता थी। इसलिए हाईकोर्ट को पत्र लिखा गया था। इसके बाद लोकनाथ प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी, उनके इस्तीफा के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी। इस कमेटी के बाद एसजे मुखोपाध्याय आयोग बनाने के संबंध में गवर्नर को कोई जानकारी नहीं दी गई थी और न ही इस आयोग को बनाने में गवर्नर का कोई अप्रूवल था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई गुरुवार निर्धारित की है। बता दे कि पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई थी।

## राज्य सरकार ने हाई कोर्ट को दी जानकारी

# देवघर एम्स में फायर फाइटिंग मशीन के लिए दिया गया है टेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि देवघर एम्स के फायर फाइटिंग के लिए फिनलैंड देश से हाइड्रोलिक मशीन के लिए टेंडर दिया गया है। यह मशीन एम्स के आवश्यकता अनुसार 24 तल्ला में आग बुझाने में सक्षम रहेगी। कंपनी ने इस मशीन की आपूर्ति के लिए डेढ़ साल का समय दिया है। संभवतः अगले साल नवंबर दिसंबर तक यह मशीन एम्स को मिल सकेगी।

कोर्ट ने राज्य सरकार को यह भी कहा कि फिनलैंड से हाइड्रोलिक मशीन के लिए टेंडर के संबंध में पत्राचार कर केंद्र सरकार को भी जानकारी दी जाए ताकि केंद्र सरकार की पहल पर देवघर एम्स को फिनलैंड से हाइड्रोलिक मशीन की आपूर्ति जल्द से जल्द हो सके।

प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि फिनलैंड से हाइड्रोलिक मशीन के आने में करीब डेढ़ साल का समय लगेगा। लेकिन इसके लिए राज्य सरकार की ओर से देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए तात्कालिक रूप से 4500 लीटर का टैंक बनाया गया है वह आग बुझाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

## 18 उम्मीदवारों ने किया नामांकन: के रवि कुमार



**रांची।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए सोमवार को गोड्डा से प्रदीप यादव समेत झारखंड में 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सातवें चरण में राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा में चुनाव होने हैं। सोमवार को राजमहल से 5, दुमका से 7 और गोड्डा से 6 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक सातवें चरण में 36 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। राजमहल से 10, दुमका से 10 और गोड्डा से 16 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। 14 मई को नॉमिनेशन का आखिरी दिन है। 15 मई को स्क्रूटनी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई है।

## खबर एक नजर में

### सीए हृदया नंद तिवारी की अग्रिम जमानत पर हाईकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट हृदया नंद तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 जून को होगी। दरअसल, ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। हृदया नंद तिवारी ने ही चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल से वीरेंद्र राम को मिलवाया था। मुकेश मित्तल के ऑफिस में हृदया नंद तिवारी काम करता था।

### संजीव लाल और जहांगीर से और पांच दिन ईडी करेगी पूछताछ



**रांची।** ईडी 35.23 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निलंबित ओएसडी संजीव कुमार लाल एवं जहांगीर आलम से पूछताछ जारी रखेगी। पीएमएलए कोर्ट ने ईडी के अनुरोध पर पांच दिनों की और पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी है। ईडी दोनों से अब 18 मई तक पूछताछ करेगी। इससे पूर्व सोमवार को ईडी ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। साथ ही, आठ दिनों की और पुलिस रिमांड की मांग की। अदालत ने पांच दिन की पुलिस रिमांड अवधि बढ़ायी। पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई के दौरान ईडी के वकील शिव कुमार काका ने कहा कि आरोपियों से छह दिनों की पूछताछ के बाद कई अहम जानकारी मिली है। जिनलोगों का नाम सामने आया है, उन सभी को समन किया गया है। गवाहों के आने पर आमने–सामने बैठाकर पूछताछ की जायेगी। वहीं बचाव पक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया था।

### इरशाद, तापस और संजीत से और तीन दिन पूछताछ करेगी ईडी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार से ईडी अपने कब्जे में लेकर तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। पीएमएलए कोर्ट ने सोमवार को ईडी की तीन दिनों की पुलिस रिमांड के आवेदन को स्वीकार कर लिया है। जेल में बंद तीनों आरोपियों को ईडी जिस दिन से पुलिस रिमांड पर लेगी, उस दिन से तीन दिन तक पूछताछ करेगी। अवधि पूरी होने के बाद तीनों को अदालत के समक्ष पेश किया जायेगा। मालूम हो कि ईडी की प्रारंभिक जांच में तीनों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग का कोर्ट कर्मचारी मो इरशाद के द्वारा फर्जी डीड की राइटिंग की जाती थी। इरशाद ने फर्जी डीड राइटिंग के एवज में पूर्व से जेल में बंद अफसर अली और सद्दाम से तकरीबन आठ लाख रुपए लिए थे। वहीं, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार के द्वारा कोलकाता में रिकॉर्ड से पेपर गायब किया जाता था।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 17 को सुनवाई, इडी को नोटिस



**रांची/दिल्ली।** लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इडी को नोटिस जारी करते हुए इस मामले को 17 मई शुक्रवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की। उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की। दअरसल हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था। झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

## भाजमो का संकल्प पत्र सरयू राय ने किया जारी, कहा

# भाजमो तीसरी धारा की राजनीति करेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सह विधायक सरयू राय ने सोमवार को यहां एक सादे समारोह में पार्टी को संकल्प पत्र जारी किया। इस संकल्प पत्र में 18 बिंदु हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, जनजातीय कल्याण से लेकर लोक संस्कृति बचाने की बातें करते हैं। संकल्प पत्र पार्टी के लालपुर स्थित कार्यालय में जारी किया गया।

इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा तीसरी धारा के रूप में चुनाव लड़ेगा। हम लोग धर्म निष्पेक्षिता का भाव रखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजमो का चुनाव चिन्ह आम जनमानस से जुड़ा हुआ है। यह गैस सिलेंडर का चिन्ह है। भाजमो प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि उनका संकल्प है कि वह राष्ट्रीय विकास के मानचित्र पर रांची को अव्वल स्थान दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। आम जन का समर्थन उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पीएन सिंह, सोमेन दत्ता, आशीष शीतल मुंडा, मनोज सिंह, मीर असरार बख्तावर रिंकू सज्जाद, शिवानी लता समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के छह मामले दर्ज

# चौथा चरण : झारखंड की चारों सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में चौथे चरण के लिए हुए चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 6 मामले दर्ज हुए। वहीं मामूली झड़प के दो मामले भी दर्ज हुए हैं। वहीं पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 57 मामले दर्ज किये गये हैं। वह सोमवार को निर्वाचन सदन में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा के साथ मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने बताया कि चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक अनुमानित वोटर टर्नआउट 63.14 प्रतिशत रहा। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में वोटर टर्नआउट सर्वाधिक 66.11 रहा। खूंटी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा में 62.60 और सबसे कम वोटर टर्नआउट पलामू में 59.99 प्रतिशत रहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में कुल 1 अरब,16 करोड़, 02 लाख, 8 हजार रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं।

### विधानसभावार अनुमानित वोटर टर्न आउट

| | |
|---|---|
| **खूंटी लोकसभा - 65.82%** | गढ़वा - 62.74% |
| कोलेबिरा - 65.01% | छतरपुर - 59.20% |
| खरसांवा - 67.58% | डालटेनगंज - 60.62% |
| खूंटी - 66.79% | भवनाथपुर - 62.62% |
| तमाड़ - 66.36% | विश्रामपुर - 58.60% |
| तोरपा - 64.36% | हुसैनाबाद - 55.03% |
| सिमडेगा - 64.52% | **सिंहभूम लोकसभा - 66.11%** |
| **लोहरदगा लोकसभा - 62.60%** | चक्रधरपुर - 65.98% |
| गुमला - 62.30% | चाईबासा - 70.12% |
| बिशुनपुर - 60.71% | जगन्नाथपुर - 67.22% |
| मांडर - 62.08% | मझगांव - 67.85% |
| लोहरदगा - 65.90% | मनोहरपुर - 63.56% |
| सिसई - 62.07% | सरायकेला - 63.50% |
| **पलामू लोकसभा - 59.99%** | -------------------------- |

स्पीड न्यूज



### डीएवी की अनन्या बनेगी इंजीनियर

**जमशेदपुर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में डी ए वी बिस्टुपुर की अनन्या कश्यप ने 97 प्रतिशत मार्क्स लाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि से उसके स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा सिंह और बाकी सभी शिक्षक बेहद खुश हैं। इलाईट टावर आदित्यपुर की रहने वाली अनन्या कश्यप ने बताया कि उसने सेल्फ स्टडी से ही अपने पिता के मार्गदर्शन में 10वीं बोर्ड की तैयारी की थी। 12 वीं बोर्ड के बाद वह इंजीनियर बनना चाहती है। उसके पिता बृजेश कुमार राय मध्य विद्यालय करनडीह के शिक्षक हैं और मां बबीता राय गृहिणी हैं।

### अंशिका ने हासिल किये 92 प्रतिशत अंक



**जमशेदपुर।** भाजपा नेता विकास सिंह की बेटी अंशिका सिंह ने सीबीएसई बोर्ड के 10 वीं परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाया। डीएवी पब्लिक स्कूल बिष्टुपुर के प्रधानाध्यपिका प्रज्ञा सिंह ने अंशिका सिंह को विद्यालय बुलाकर मिठाई खिलाकर अच्छे अंक लाने के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं दी।

### डीएमपीएस चांडिल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल के एक मात्र सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विधालय डीएमपीएस के क्षात्रों ने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के परिणाम में काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दसवीं में सुमित गुप्ता 94.2 प्रतिशत, यासु पसारी 94 प्रतिशत तथा अनिरुद्ध पॉल 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ विधालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बारहवी कक्षा (पीसीएमबी) में सुमित कुमार 90.5 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर बने तथा रुमझुम सेन 81 प्रतिशत एवं भूमिका कुमारी ने 75.25 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में वंशिका भोतिका 84.25 प्रतिशत, वीर वर्मा 82.50 प्रतिशत एवं राजीव कुमार प्रताप सिंह 81 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में अन्वेषा वर्मा 88 प्रतिशत अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किये।

### बारीडीह बाजार में खुला अर्ली बेक का रिटेल काउंटर



**बारीडीह।** कम्यूनिटी सेंटर रोड में सोमवार को केक एवं बेकरी आइटम बनाने में दक्षता रखने वाले ब्रांड अर्ली बेक के रिटेल काउंटर पूजा-पाठ के पश्चात आम जनता के लिए खोल दिया गया। अर्ली बेक के संस्थापक कारपोरेट शेफ राजन कुमार हैं जबकि इसके प्रोडक्शन एवं रिटेल काउंटर का संचालन उनकी धर्मपत्नी एवं को-प्रोपराइटर व महिला उद्यमी सीमा की देखरेख में होगा। अर्ली बेक के उद्घाटन सह पूजा कार्यक्रम में काफी संख्या में परिजन एवं ग्राहक उपस्थित हुए।

### अरका जैन और वीमेंस यूनिवर्सिटी सम्मानित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) ने पिछले सप्ताह अपनी चौथी वार्षिक मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में चाणक्य चौधरी (वीपी सीएस, टाटा स्टील) और जेएमए के अध्यक्ष सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में टाटा मोटर्स के प्लांट हेड, जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक और टीएसयूआईएल के प्रबंध निदेशक जैसे विभिन्न संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

# तीर-धनुष और इंडि के जादू का असर बढ़ते देख उत्साहित हुए झामुमो प्रत्याशी समीर महंती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 9-जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रचार के दौरान गांव से लेकर शहर तक इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती अब बेहद उत्साह से चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। जैसे-जैसे गांव से लेकर शहर तक इंडिया गठबंधन का प्रभाव बढ़ता दिख रहा है, समीर महंती को अपनी जीत निकट आती दिख रही है।

जमशेदपुर सीट पर झामुमो प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन की एक विशाल चुनावी सभा 16 मई को गोपाल मैदान,बिष्टुपुर में होने जा रही है। इस चुनावी सभा को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उन्ही के दल के संजय सिंह और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्यी संबोधित करने जा रहे हैं। इन तीनों नेताओं का समय झामुमो को मिल गया है। इस जनसभा में कांग्रेस से राहुल गांधी अथवा प्रियंका गांधी को बुलाने की कोशिश हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीमती कल्पना सोरेन एवं मुख्यमंत्री का चुनावी सभा आयोजित की जायेगी। शहरी क्षेत्र में बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव का कार्यक्रम ओबीसी बहुल बिहारी आबादी के बीच कराने की तैयारी चल रही है।

चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क के दौरान मिल रहे समर्थन से झामुमो के प्रत्याशी समीर महंती गद्गद् हैं। उन्होंने बयान में कहा, अहंकार का तिलिस्म टूटने जा रहा है, और हम लोग साथ मिल कर एक ऐसी सरकार बनायेंगे, जो आम जनता के हितों, उनके मुद्दों एवं उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण क्षेत्र लवतारा पंचायत के अंतर्गत कड़वाकाटा ग्राम में चुनावी जन संपर्क के दौरान मिल रहे समर्थन से समीर महंती की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा, इतना प्यार, इतना अपनापन... ईश्वर से प्रार्थना है कि वह हमें इन जिम्मेदारियों को उठाने की शक्ति दें। समीर महंती ने आज खाड़बंदा (मोहलिसोल) में श्री हरि मंदिर के समीप जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा, सुदूर गांवों से लेकर शहर तक, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं में भारी उत्साह है तथा परिवर्तन की इस मुहिम में वे सभी हमारे साथ हैं।





ग्रामीण क्षेत्र में जन संपर्क के दौरान पारंपरिक रूप से समीर महंती का स्वागत करते लोग और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों का प्यार देख मुस्कराते समीर महंती।

## आम चुनाव 2024 : सिंहभूम संसदीय सीट पर 66.95 प्रतिशत मतदान

# मतदाताओं के उत्साह पर बेअसर रहा नक्सलियों का वोट बहिष्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/जमशेदपुर।** 10-सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए आज शांतिपूर्ण ढंग से वोट डाले गए। यद्यपि जंगल क्षेत्रों में नक्सलियों ने चुनाव बाधित करने के लिए कई रास्तों पर पेड़ काट कर गिरा दिया था किन्तु मतदाताओं ने पेड़ लांघ कर बूथ पर पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ मतदान किया। शाम पांच बजे तक इस सीट पर कुल 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ था। शांतिपूर्ण ढंग से मतदान होने पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा और झामुमो प्रत्याशी श्रीमती जोबा माझी ने मतदाताओं और प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है। उनका कहना है कि मतदान में उत्साह दिखाने से एक बार फिर जिले में लोकतंत्र मजबूत हुआ है।

### जोबा माझी ने चक्रधरपुर में डाला वोट, बनी अपने बूथ की पहली वोटर



चक्रधपुर से हमारे संवाददाता के मुताबिक सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने सोमवार को मतदान किया। जोबा माझी ने चक्रधपुर स्थित कारमेल बालिक मध्य स्कूल के बूथ संख्या- 219 में अपने पुत्र उदय माझी के साथ जाकर अन्य मतदाताओं के साथ कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। इससे पूर्व मतदान की प्रक्रिया पूरी की और वोट देने के बाद अंगुली में स्याही लगाई। इस दौरान उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने के लिए वोट जरूर देने की अपील की।



### भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने पति संग गृह क्षेत्र में की वोटिंग

सांसद सह भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा नें अपने गृह क्षेत्र पताहातु में मतदान किया। कोड़ा दंपत्ति मतदान करके बेहद खुश थे।

| 10- सिंहभूम संसदीय क्षेत्र |
| --- |
| अपराह्न 5:00 बजे तक वोटिंग प्रतिशत |
| 52- चाईबासा (अ0ज0जा0)- 70.12 |
| 53- मंझगांव (अ0ज0जा0)-67.85 |
| 54- जगन्नाथपुर (अ0ज0जा0)-67.22 |
| 55- मनोहरपुर (अ0ज0जा0)-63.56 |
| 56- चक्रधरपुर (अ0ज0जा0)-65.98 |
| अपराह्न 5:00 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत-66.95 |
| सरायकेला जिले में कुल 74.49 प्रतिशत मतदान हुआ। |
| मतदान की तिथि - 13 मई 2024 |
| (समय:- 05:00 बजे शाम) |
| 10-सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र |
| (51-सरायकेला विधानसभा क्षेत्र) |
| मतदान प्रतिशतः- 70.20% रहा। |
| 11-खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र |
| (57-खरसावां विधानसभा क्षेत्र) |
| मतदान प्रतिशतः- 74.49% |

## एक नजर में

### भाजपा ने साकची पूर्वी और एमजीएम मंडल में चुनावी कार्यालय का किया शुभारंभ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत पूर्वी विधानसभा के साकची पुर्वी एवं जुगसलाई विधानसभा के एमजीएम मंडल के चुनावी कार्यालय का सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने किया। मंडल स्तरीय कार्यालय खुलने से इन क्षेत्रों में चुनाव संबंधी जरूरी निर्देश का प्रसार व कार्य सफलतापूर्वक आसानी से संपादित होंगे। इस दौरान साकची पुर्वी मंडल अध्यक्ष ध्रुव मिश्रा एवं एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा समेत पार्टी के वरीय नेतागण मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद सांसद बिद्युत महतो ने कार्यकताओं के संग चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। वहीं, कार्यकर्ताओं ने फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का जोश और जुनून प्रकर्ष पर है। कार्यकर्ताओं के बल पर जमशेदपुर सीट पर भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी।

### विद्युतवरण ने बारीडीह क्षेत्र में किया जन संपर्क



**जमशेदपुर।** सांसद व भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो ने सोमवार को पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर समेत मंडल के तमाम कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सांसद बिद्युत महतो ने लोगों के घर-घर जाकर उनसे संवाद किया और आगामी 25 में को ईवीएम क्रमांक संख्या 2 पर बटन दबाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि जमशेदपुर की जनता सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अपना बहुमूल्य समर्थन और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। वहीं, सांसद बिद्युत महतो ने मंडल के कार्यकताओं के संग चुनावी रणनीति पर चर्चा की। अभियान के क्रम में बिद्युत महतो का कार्यकताओं एवं स्थानीय बस्तीवासियों की ओर से स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की गई। मौके पर कल्याणी शरण, अनिल सिंह, सुशांत पांडा, राजपति देवी, निर्मल सिंह, कंचन दत्ता, मीरा शर्मा, मीणा सिन्हा, रंजीत सिंह, शशिकांत सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंगल कालिंदी तूफान पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे



**पटमदा।** बोड़ाम थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत डांगरडीह गांव निवासी हलधर कुंभकार का घर में लगे टीना के छावनी को दो दिन पूर्व हुए आंधी तूफान से उड़ाकर ले गए है। जिससे वह बेघर हो गए है। कार्यकर्ताओं के माध्यम से जानकारी मिलने पर सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी डांगरडीह गांव पहुंचे। पीड़ित हलधर से जानकारी लेने के बाद विधायक ने बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज को मामलें की जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। विधायक ने बताया कि बीडीओ ने क्षति का आकलन करने गांव में कर्मचारी को भी भेजे थे। इस दौरान मुखिया अजब सिंह, दीपक रंजीत, हिमांशु महतो, काजल सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### मतदान जागरूकता संदेश के साथ 14-15 मई को पप्पू मनायेंगे माधुरी दीक्षित का जन्मदिन




**जमशेदपुर।** धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा माधुरी का जन्मदिन मंगलवार और बुधवार (14-15 मई) को मतदान जागरूकता संदेश के साथ साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसी क्रम में मतदान जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के संदेश लिखे बैनर व पोस्टर से दुकान को पाट दिया गया हैं। प्रथम दिन मंगलवार की शाम 05 बजे माधुरी की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा दुकान में पूजा की जायेगी। रात 9 बजे आदिवासी समाज की महिलाओं द्वारा सरहूल नृत्य किया जायेगा। रात 10 बजे केक कटिंग का कार्यक्रम होगा।

## मोदी सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया : मंगल कालिंदी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि केंद्र पर कोयला रॉयल्टी और केंद्रीय योजना के लाभ के रूप में झारखंड का 136 हजार करोड़ रुपये कोयले की रॉयल्टी पर केंद्र सरकार कुंडली मारकर बैठी है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार दे दे तो राज्य के विकास को और गति मिलेगी और राज्य में जो विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं वह भी पूरे हो जायेंगे... झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बीजेपी वालों को झारखंडियों का पैसा हड़पने नहीं देगी... झारखंड की जनता ने पिछले चुनाव में भाजपा के 12 सांसदों को चुनाव जीता कर दिल्ली भेजा था लेकिन उन 12 में से किसी एक सांसद ने भी इस विषय में आवाज नहीं उठाई इससे यह साबित होता है कि उन्हें झारखंड और झारखंड वासियों की कोई फिक्र नहीं. एक तरफ हेमंत सोरेन जी ने झारखंडियों का बकाया पैसा केंद्र सरकार से मांगा तो उन्हें जेल में डाला गया। इस चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी के साथ खरसावां में किया मतदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने अपने मतदान केंद्र संख्या- 343 (प्राथमिक विद्यालय सरगीडीह) पर पहुंच मताधिकार का प्रयोग किया। उपायुक्त नें आमजनों से अपील की कि आप भी अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सिंहभूम लोकसभा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा, लोकसभा प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू, लोकसभा सह संयोजक शशि सामड, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष संजय पांडे, सराईकेला खरसावां जिलाध्यक्ष उदय सिंगदेव, आजसू जिला अध्यक्ष राम लाल मुंडा, जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष विश्राम मुंडा ने लोकतंत्र के महापर्व में कड़ी धूप और गर्मी की परवाह न करते हुए ज्यादा मतदान करने पर पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता को अपने अपने पार्टी के ओर से आभार प्रगट कर धन्यवाद दिया। साथ ही शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने पर चुनाव आयोग, लोकसभा क्षेत्र के प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, पुलिस कर्मियों, सभी मतदान कर्मियों को एनडीए गठबंधन के ओर से धन्यवाद प्रगट किया।

## जिला भर घूमेगा भाजपा का हाईटेक प्रचार रथ, प्रत्याशी विद्युत महतो ने किया रवाना

- सांसद बिद्युत महतो ने कहा- जमशेदपुर के दिल में हैं मोदी
- प्रचंड विजयी के साथ तीसरी बार पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से चुनावी मैदान में उतर चुकी है। इसके लिए अब पार्टी की ओर से प्रचार-प्रसार का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सोमवार को भाजपा ने जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु हाईटेक प्रचार रथ रवाना किया। साकची जुबिली पार्क के समीप स्थित क्रिस्टल कावेरी अपार्टमेंट में बने प्रधान चुनावी कार्यालय से जमशेदपुर के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने प्रचार रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के प्रभारी मुरलीधर केडिया, संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर लोकसभा सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह समेत अन्य नेतागण मौजूद रहे।

## डीसी ने मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य का लिया जायजा

- घर-घर जाकर मतदाताओं से वितरण की ली जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) वितरण कार्य में तेजी लाने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के बीच वितरण सुनिश्चित कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वितरण कार्य का जायजा लिया। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार मौजूद रहे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सिदगोड़ा, एग्रिको, भालूबासा आदि क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य की जानकारी ली। साथ ही सभी एआरओ, एईआरओ को निर्देशित किया कि एक-एक मतदाता तक मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें।

## आकाश इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों का 10वीं व 12वीं सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- 10वीं सीबीएसई में करीब 88% एवं 12वीं सीबीएसई में करीब 62% छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक पाये

खबर मन्त्र ब्यूरो






**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने संस्थान की शान बढ़ायी है। सोमवार को घोषित 10वीं और 12वीं सीबीएसई परीक्षा के परिणाम में, आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने राज्य में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त किया है। खुशी 10वीं सीबीएसई की परीक्षा में 98.80% अंक लाकर संस्थान में फर्स्ट रही। वहीं सुलग्ना बसाक ने 12वीं सीबीएसई में कुल 97.80% अंक प्राप्त कर सेंटर टॉपर बनी हैं।

खुशी आगे एक सफल डॉक्टर बनना चाहती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने स्वरुप उन्होंने आकाश इंस्टिट्यूट के दो वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स कक्षा 9वीं से 10 वीं के साथ साथ दो वर्षीय मेडिकल व बोर्ड परीक्षा के लिए दाखिला लिया है। खुशी शुरूआत से ही एक बहुत ही सुसंगत छात्रा रही है।

## नारायणा जमशेदपुर के छात्रों का सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन

- नारायणा जमशेदपुर : 10 वीं में 21 और 12 वीं में 13 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई (1वीं) एवं सीबीएसई (12वीं) बोर्ड 2024 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर सेंटर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि सीबीएसई (10वीं) एवं सीबीएसई (12वीं) बोर्ड 2024 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेंटर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 108 है। गणना अभी जारी है। इसमें और अधिक छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर हो सकते हैं। 10वीं में नारायणा जमशेदपुर के अनशिका श्रीवास्तव (96.4%), निलाद्री कर्मकार (96%), आशिष कुमार (95.6%), अनजनेया श्रीवास्तव (95%), दीक्षा कुमारी (94.6%), प्रीत सिंह (94.6%), आयुष कुमार (94.4 प्रतिशत), अदित्या सिन्हा (94.4%), वैभव पाण्डेय (94.4%) हैं।

# पलामू लोकसभा चुनाव में 59.99% वोट पड़े और बढ़ने की उमीद : उपायुक्त

■ पलामू संसदीय क्षेत्र में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रही चुनाव प्रकिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते उपायुक्त शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय सीट गढ़वा व पलामू जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र के 2427 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। मतदाता निर्धारित समय सुबह सात बजे से बूथ पर पहुंचकर कतार में लग गये थे। और यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। शाम तक पलामू संसदीय सीट पर कुल 59.99 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद यह मत प्रतिशत बढ़ सकता है।

इधर, सुबह के नौ बजे तक 11.47 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे मतदाताओं की कतार भी लंबी होने लगी। सुबह 11 बजे तक 26.95 प्रतिशत मतदान हो चुका था।उपायुक्त ने कहा कि शाम 5 बजे तक डालटनगंज विस क्षेत्र में 60.62, बिश्रामपुर विस क्षेत्र में 58.60, छत्तरपुर विस क्षेत्र में 59.20, हुसैनाबाद विस क्षेत्र में 55.03, गढ़वा विस क्षेत्र में 62.74 व भवनाथपुर विस क्षेत्र में 62.21 प्रतिशत कुल मत पड़े। कुल 59.99%मत पड़े हैं। वहीं बैलेट पेपर को मिलाकर 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हो सकता है। लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू के इलाके में करीब 40 कंपनी सुरक्षाबलों की तैनात की गयी थी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पांच प्राथमिक की दर्ज की गयी है। उंटारी रोड में मतदान बाधित करने को लेकर वहीं सदर थाना क्षेत्र में एक राजनीतिक दल के द्वारा मतदान केंद्र के बाहर पर्ची एवं चुनाव चीनह बाटा जा रहा था। वही चैनपुर में भी मतदान केंद्र के बाहर राजनीतिक दल के द्वारा पर्चा एवं चुनाव चिह्न वितरित किया जा रहा था। उन्होंने उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। छतरपुर और विश्रामपुर में आपसी विवाद में दो पक्ष के बीच मारपीट हो रहा था। जिससे पुलिस ने उलझा दिया इस मामले में भी प्राथमिक की दर्ज की गयी है।



## सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा अंतर्गत आज सुबह 7 बजे संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में तय समय पर मतदान प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व सभी 2427 मतदान केंद्रों पर मॉक पोल किया गया।

## डीसी, डीडीसी, नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने किया मतदान



पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिए सोमवार को मतदान जारी है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने अपनी धर्मपत्नी श्रेया श्रुति संग पलामू क्लब स्थित बूथ संख्या 205 पर मतदान किया। इसी क्रम में जिले के उप विकास आयुक्त रवि आनंद व मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने बूथ संख्या 204 सामुदयिक भवन में जाकर अपना मतदान किया। इसी तरह बूथ नं.189 ब्राह्मण उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रवि कुमार ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में सभी से आज सब काम छोड़कर मतदान करने की अपील की।

## प्रथम महापौर अरुणा शंकर और चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने किया मतदान, मेयर बनीं फर्स्ट वोटर



मेदिनीनगर। मत्स्य विभाग बूथ संख्या में पहला वोट प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं दूसरा मत पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीजके अध्यक्ष आनंद शंकर ने डाला। मतदान उपरांत श्रीमती शंकर व श्री आनंद शंकर ने कहा कि हम सबों ने देश के विकास को वोट किया है। चेम्बर अध्यक्ष श्री शंकर ने बताया कि देश के विकास व सुरक्षा के लिए संकल्पित है।

## ऐसे बढ़ता गया वोट %

**सुबह @ 9 बजे**
डालटनगंज विस : 11.36%
बिश्रामपुर विस : 11.49%
छत्तरपुर विस : 11.60%
हुसैनाबाद विस : 11.39%
गढ़वा विस : 10.09%
भवनाथपुर विस : 12.07%
कुल वोटिंग% : 11.47%

**सुबह @ 11 बजे**
डालटनगंज विस : 26.56%
बिश्रामपुर विस : 26.33%
छत्तरपुर विस : 27.25%
हुसैनाबाद विस : 26.93%
गढ़वा विस : 26.31%
भवनाथपुर विस : 28.02%
कुल वोटिंग% : 26.95%

**दोपहर @ 1 बजे**
डालटनगंज विस : 41.43%
बिश्रामपुर विस : 41.12%
छत्तरपुर विस : 41.93%
हुसैनाबाद विस : 40.92%
गढ़वा विस : 40.65%
भवनाथपुर विस : 43.78%
कुल वोटिंग% : 41.64%

**दोपहर @ 3 बजे**
डालटनगंज विस : 52.41%
विश्रामपुर विस : 51.23%
छत्तरपुर विस : 52.62%
हुसैनाबाद विस : 49.92%
गढ़वा विस : 55.82%
भवनाथपुर विस : 56.59%
कुल वोटिंग% : 53.35%

**शाम @ 5 बजे**
डालटनगंज विस : 60.62%
विश्रामपुर विस : 58.60%
छत्तरपुर विस : 59.20%
हुसैनाबाद विस : 55.03%
गढ़वा विस : 62.74%
भवनाथपुर विस : 62.11%
कुल वोटिंग% : 59.99%

## स्पीड न्यूज

### बेटी की मौत के बाद भी किया मतदान



**हुसैनाबाद पलामू (गौतम पटेल)।** शहर के मध्य विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 118 पर दु:ख के पहाड़ टूटने और 19 वर्षीय बेटी की मौत के बाद भी उनके पिता संजय प्रसाद और उनकी माता ने अपने मत का प्रयोग किया। कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है।

### बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री ने दिया वोट



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मतदान केंद्र संख्या 118 मध्यम विद्यालय हुसैनाबाद बूथ पर संयुक्त बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण राम एवं उनके पुत्र अध्यक्ष नगर पंचायत हुसैनाबाद ने अपने पूरे परिवार के साथ मतदान किया।

### चिलचिलाती धूप में भी कतार में वोटर



**पड़वा पलामू।** जिला प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओ को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बड़ी-बड़ी बातें तो की, लेकिन धरातल पर स्थिति यह थी कि मतदाताओं को चिलचिल्लाती धूप में लाइन लग कर मतदान करना पड़ा। छतरपुर विस क्षेत्र के पड़वा प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा बूथ संख्या 147 की स्थिति देखने से स्पष्ट हुआ कि मतदाताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन विफल रहा। महिला-पुरुष मतदाता अपने साथ लाये गमछा और स्टाल के सहारे घंटों खड़ा रहकर मतदान किया।

### डीडीसी से वार्ता के बाद करकट्टा के ग्रामीणों ने बहिष्कार के बाद किया वोट



**उंटारी रोड पलामू (अमित चौधरी)।** लोकसभा चुनाव में उंटारी रोड प्रखंड के ग्राम करकट्टा के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं नारे के साथ मतदान का बहिष्कार किया। जिसके बाद स्तरोन्नत उवि में मतदान केंद्र बनाया गया था जहां पर दो बूथ 181 व 182 मतदान केंद्र थे। 181 बूथ पर 1300 मतदाता व 182 बूथ में 402 मतदाता हैं। जिन्होंने रोड नहीं रहने से वोट का बहिष्कार किया। सूचना मिलने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन ने डीडीसी रवि आनंद व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार को करकट्टा गांव भेजा। जहां दोनों ने स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसके बाद ग्रामीण अधिकारियों से वार्ता के बाद वोट देने के लिए राजी हो गये। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। 181 में 25 मत व 182 बूथ में नौ मत डाले गये।

### विश्रामपुर में शांतिपूर्ण रहा मतदान



**विश्रामपुर, पलामू (महेंद्र प्रजापति)।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों पर वोटिंग मशीनों में आई मामूली त्रुटि के कारण थोड़ी विलंब से उस केंद्रों पर मतदान शुरू हुआ लेकिन कुल मिलाकर पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। विश्रामपुर विधान सभा में कुल 355541 मतदाताओं में 186132 पुरुष व 169409 महिला मतदाता हैं। पूरे विस क्षेत्र के 278 सरकारी भवनों में 367 मतदान केंद्र बनाये गये थे। सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पहले ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की भीड़ जुटने लगी थी। चुनाव आयोग का पहले मतदान फिर जलपान वाला नारा मतदान केंद्र पर सुबह से जुटी भीड़ चरितार्थ करता नजर आ रहा था। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे मतदान बंद होने तक कुल 58 .60 फीसदी मत पड़े। युवा

### रोटरी स्कूल चैनपुर का सीबीएसई की 10वीं-12वीं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई ने सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया है जिसमे विद्यालय के दसवीं का छात्रआयुष तन्मय 93 .4 प्रतिशत अंक तथा बारहवीं का छात्र शौर्य कुमार ने 86 .4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। दसवीं /बरहवीं के घोषित वार्षिक परीक्षा फल 2024 में रोटरी स्कूल चैनपुर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष 12वीं में कुल 76 परिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 58 परिक्षार्थी 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किये। शेष 60 प्रतिशत से ऊपर अंक लाये। विज्ञान संकाय में शौर्य कुमार ने 86 .4 प्रतिशत अंक तथा वाणिज्य संकाय में अनु कुमारी ने 84 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त की।

एसपी ने किया कई बूथों का निरीक्षण, विधि व्यवस्था का लिया जायजा

# मतदाताओं ने निर्भीक होकर किया मतदान: रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मतदान केंद्र का निरीक्षण कर बाहर निकलतीं पलामू पुलिस कप्तान रीश्मा रमेशन।

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत पलामू जिला में शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूर्व से ही सारी तैयारी पूरी कर ली थी। इसमें 40 कंपनी अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती जिले के नक्सल प्रभावित एवं अति नक्सल प्रभावित बूथों के अलावे सामान्य बूथों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई थी। चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए एसपी रीष्मा रमेसन ने जिले के पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रखी थी। इस निर्देश के आलोक में अधिकारी समेत थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्र के बूथों का सघन जायजा ले रहे थे। वहीं एसपी ने मतदान के दिन पलामू जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों के अलावे सामान्य बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को मतदान संबंधित कई निर्देश दिया। वे मतदान में किसी प्रकार की गड़बड़ी करनेवाले से सख्ती के साथ निपटने के लिए पुलिस अधिकारी को निर्देश दे रखी थी। समाचार लिखे जाने तक पलामू जिले के किसी भी मतदान केंद्र पर कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। एसपी ने पंडवा, छतरपुर हुसैनाबाद, हैदरनगर समेत अन्य बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया।

# जनहित और देश हित में आगे भी होंगे काम : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर द्वारा किया गया नया पहल ई-रिक्शा मित्र जो वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग लोगों को निशुल्क घर से बूथ तक वोट देने के लिए दी जा रही सेवा द्वारा 12:00 बजे दिन तक 454 लोगों को सेवा दिया जा चुका है। यह सेवा संध्या 5:00 बजे तक दी जायेगी। चेंबर ई रिक्शा प्रभारी पुनीत सिंह एवं भोलू उपाध्याय ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष द्वारा 95 ई-रिक्शा निःशुल्क चलाए जा रहा है और पांच रिक्शा स्टैंड बाय में रखा गया। हम लोग सफलता पूर्व इसका संचालन शहर को 7 जोन मैं बाट कर कर रहे हैं। लोगों ने हमारी इस सेवा को काफी सराहा है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि भविष्य में भी जनहित एवं देश हित में ऐसे कार्य चेंबर द्वारा किये जायेंगे। चेंबर द्वारा संचालित ई-रिक्शा मित्र के माध्यम से 3264 बुजुर्ग असहाय दिव्यांग एवं प्रेग्नेंट महिलाओं को सुविधा दी गयी। चेंबर का यह पहला प्रयास था जो काफी सफल हुआ। नेत्रहीन मतदाताओं ने भी बूथ पर जाकर वोट दिया।

## करर कला के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार, बीडीओ के आग्रह पर वोटिंग

**मनीष दुबे**



बीडीओ ने बताया कि रोड का मामला कोर्ट में लंबित है। जनप्रतिनिधि रोड बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वोट देना आपका अधिकार है। इस समय को नहीं गंवायें। वोट नहीं देना इसका समाधान नहीं है। ग्रामीणों ने बीडीओ को बैठक में निर्णय लेकर वोट की बात कही। 12 बजे तक मात्र छह वोट पड़े थे।

**पाटन पलामू।** प्रखंड के करर कला गांव के ग्रामीणों ने वोट का वहिष्कार किया। इसकी सूचना पर पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सब इंस्पेक्टर रामाशंकर पटेल एवं पाटन ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने करर ग्राम पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी तथा वोट देने का आग्रह किया। करर कला गांव में बूथ संख्या 242 में कुल मतदाताओं की संख्या 1065 है जिसमें महिला वोटर 535 एवं पुरुष वोटर 530 हैं। बीडीओ एवं इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों से वोट देने का आग्रह किया जिसपर ग्रामीणों ने गांव में रोड नहीं होने के कारण वोट का वहिष्कार का कारण बताया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हरिहरगंज में 59 पिपरा में 58% मतदाताओं ने वोट डाले

**राजेश प्रसाद**



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हुआ। इनमें हरिहरगंज प्रखंड के कुल 61 मतदान केंद्रों पर 59.33% तथा पिपरा प्रखंड में कुल 30 मतदान केंद्रों पर 58.60% मतदाताओं ने वोट डाला। इनमें सबसे अधिक हरिहरगंज प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 319 पर 76.36% तथा सबसे कम बूथ संख्या 332 पर 41.07% मतदान हुआ। वहीं पिपरा प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या 274 पर 64.70 तथा मतदान केंद्र संख्या 261 पर 44.5% वोट पड़े। वोट देने के लिए युवा, वृद्ध महिला में खासा उत्साह देखा गया। वहीं हरिहरगंज में दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साह पूर्वक वोट डाला। हरिहरगंज में कुल 92.45% तथा पिपरा में 81.81% दिव्यांग मतदाताओं ने वोट डाला।

### महिलाओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मवि मतदान केंद्र संख्या 119 पर भारी संख्या में महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया। सुबह से शहर के हॉट बूथ पर पहले मतदान इसके बाद जलपान के तर्ज पर मतदान का प्रयोग किया है।

### दिव्यांग मतदाताओं ने बाजी मारी, 92% मतदान



**हरिहरगंज पलामू।** लोकसभा चुनाव में हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान में बाजी मार मिशाल पेश की है। महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी ने बताया कि हरिहरगंज प्रखंड के कुल 371 दिव्यांग मतदाताओं में 343 (92 .45 प्रतिशत) तथा पिपरा प्रखंड के 198 में 162 (81 .81 प्रतिशत) ने मताधिकार किया है।

### वृद्ध-दिव्यांग में भी दिखा मतदान को लेकर उत्साह



**पड़वा पलामू।** थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण हो गया। कुछ कुछ बूथों पर सुबह 6:45 बजे से ही मतदाता लाइन में लग गये थे। मतदान को लेकर वृद्ध व दिव्यांग में भी खासा उत्साह दिखा। प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा के 89 वर्षीय राजेन्द्र मिश्र, मुर्ती भुईन, दिव्यांग नागेन्द्र भुईयां बड़े उत्साह के साथ मतदान किये। सभी ने कहा कि यदि अधिकार मिला है तो उसका सदुपयोग होना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मत जरूरी है।

### उत्साह... लखनऊ से वोटिंग करने आये नये मतदाता



**पंडवा पलामू।** मतदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह दिखा। खास कर पहली बार वोट देकर काफी उत्साहित दिखे। छतरपुर विस क्षेत्र के लोहड़ा बूथ संख्या 146 पर युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान किया। लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहे अर्णव मिश्रा वोट देने घर आया था और वोटिंग किया। इसके अलावा रीतु कुमारी, ध्रुव पांडेय, अंकुर मिश्रा ने पहली बार वोट देकर काफी उत्साहित दिखे। युवा वोटरों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है।

## चिलचिलाती धूप पर भारी पड़ा लोगों के मतदान का जज्बा

**मिन्हाज आलम**

■ मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे मतदाता, डाले वोट



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कई बूथों पर चिलचिलाती धूप के बिना परवाह किये मतदान के लिए मतदाता बूथ पर जमे थे। उनके मतदान के लिए जज्बा के आगे भीषण गर्मी फेल हो गयी। मतदान के लिए महिला-पुरूष मतदाताओं का सुबह से लाइन लगा था। वे अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। सदर प्रखंड के चियांकी, भुसही, सुआ कौड़िया, जोरकट, बखारी, तेलियाबांध, चुकरू, निराला टोला सुआ में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान को लेकर कई बूथों का निरीक्षण सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय व सदर सीओ अमरजीत सिंह बल्होत्रा ने किया।



प्रथम स्पीकर इन्दर सिंह नामधारी ने किया मतदान।



मतदान कर बूथ से बाहर निकलते युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी।

## संयोग... एक साथ चार पीढ़ी के सदस्य पहुंचे मतदान करने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पड़वा पलामू।** पलामू लोकसभा चुनाव में करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। सोमवार को पलामू का तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बावजूद चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखा। पड़वा प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 146 पर जब एक परिवार के चार पीढ़ी के सदस्य पहुंच कर मतदान किया, तो लगा कि सचमुच लोगों में लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए जज्बा है। सेवानिवृत्त बैंक कर्मी अरुण मिश्रा ने बताया वे आज मतदान करने अपनी दादी, माता-पिता, पत्नी और दोनों बच्चों के साथ आये हैं। यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात रही।

ऑक्सफोर्ड : 10-12वीं के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

# सानिया फातिमा कला संकाय में 94% अंक प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





परीक्षाफल संतोषजनक है। विद्यार्थियों का प्रदर्शन अपेक्षा अनुरूप है, जिसका श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग को जाता है। - **डॉ एके सिंह, प्राचार्य**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पलामू के बारहवीं के द्वितीय बैच के विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के कुल 33 विद्यार्थियों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा 94.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही तथा पेंटिंग विषय में 100 अंक प्राप्त की। दूसरे स्थान पर अमन कुमार ने 92.2% अंक प्राप्त किया। 80 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 13 है। 75% से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 27 है। वाणिज्य संकाय के आकांक्षा गुप्ता 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही। विद्यालय के निदेशक डॉ एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया विद्यालय का द्वितीय बैच है जिन्होंने सफलता का परचम लहराया।

विश्व नर्स दिवस : सेवा सदन में केक काट बेस्ट नर्स सम्मानित

# स्वास्थ्य देखभाल की जटिलताओं में नर्सों की अहम भूमिका : सुरेश जैन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में विश्व नर्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नर्सों द्वारा केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गई। साथ ही बेस्ट नर्सिंग ईयर 2024 से नर्सों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं नर्सों ने बेहतर नर्सिंग एवं स्वास्थ्य देखभाल को लेकर शपथ लिया। सुरेश जैन ने कहा कि नर्सों की प्रतिज्ञा दयालु होती है। रोगी देखभाल में वे अपने आपको समर्पित करती हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल की जटिलताओं से निपटने में नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। नर्सों द्वारा भर्ती मरीजों को देखभाल के लिए सराहनीय भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि नर्सों को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिसमें प्राद्यौगिकी में प्रगति विकसित होती है। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली व रोगी की जरूरतों को बढ़ती जटिलता शामिल है। यह प्रतिज्ञा नर्सिंग पेशे की पवित्र प्रकृति व नर्सों का उनके रोगियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव की निरंतर याद दिलाने का काम करती है।

# सीबीएसइ 12वीं की परीक्षा में डीपीएस बोकारो के 407 छात्रों को 75% से ज्यादा अंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सीबीएसइ 12वीं बोर्ड की परीक्षा में डीपीएस बोकारो के विज्ञान संकाय की छात्रा साक्षी प्रिया ने सर्वाधिक 97.6 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल स्थान प्राप्त किया। 97 प्रतिशत अंक के साथ तमन्ना रे एवं 95.8 फीसदी अंक लाकर रितिका साहा एवं सायन कर्माकर ने तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स में श्रीकृति केडिया (96.4 प्रतिशत) ने सर्वाधिक अंक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में विद्यालय के कुल 441 विद्यार्थी शामिल हुए थे। परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 19 विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत व इससे अधिक तथा 139 को 90 प्रतिशत व इससे ज्यादा अंक मिले। 340 बच्चों को 80 प्रतिशत व इससे अधिक तथा 407 को 75 प्रतिशत व उससे अधिक अंक मिले। जबकि कुल 29 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक हासिल किए।

वहीं कॉमर्स संकाय के सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों में श्रीकृति केडिया (96.4 प्रतिशत) आकाश चन्द्र दे (95.6 प्रतिशत) आस्था सिंह सुहानी मान्या एवं श्रुति सिंह (95.2 प्रतिशत) अनन्या सिन्हा (94.8 प्रतिशत) आनंद खेतान (94.6 प्रतिशत) के नाम शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर करियर और उज्जवल भविष्य के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने मिठाई खिलाकर बच्चों को बधाई दी।

## 12वीं में डीपीएस चास के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन










**बोकारो/चास।** डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस बार भी स्कूल का परीक्षा-परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं के कॉमर्स संकाय में अनुज कुमार 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। वहीं विज्ञान संकाय में अनिकेत राही 91.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने अभिनव सिंह दूसरे और.विकास कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विषयवार टॉपर विद्यार्थियों में अवधेश कुमार पेंटिंग में 99 सक्षम चरणपहाड़ी गणित में 97 प्रत्यूष प्रियांक ग्राफिक्स में 97 अनुज कुमार शारीरिक शिक्षा में 97 अनिकेत राही रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किए।

इस अवसर पर डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि 12वीं बोर्ड में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय शिक्षकों एवं अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के अभिभावकों और सभी शिक्षकों को इसके लिए बधाई दी।

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा व डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश कुमार अग्रवाल ने भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी।

## एक नजर में

### दुमका : बंद पड़े पत्थर खदान में जटला पुजहर उर्फ सपना पुजहर ने कूदकर दे दी जान



शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंद या चालू पड़े पत्थर खदान मालिकों के द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण आए दिन इन पत्थर खदानों में गिरकर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहा है। थाना क्षेत्र के सालबोना स्थित मोदी के नाम से मशहूर बंद पत्थर खदान में रविवार की देर रात 35 वर्षीय जटला पुजहर उर्फ सपना पुजहर द्वारा कूद कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। उक्त घटना की सूचना पाते ही शिकारीपाड़ा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह ने सोमवार को घटनास्थल पर पहुंच कर पत्थर खदान से लाश को बाहर निकाल कर थाना लाया, मृतक की पत्नी रानी आहड़ी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के आसना गांव निवासी जटला पुजहर के साथ हुई है, दोनों पति-पत्नी रविवार की शाम सालबोना अपने ससुराल आ रहे थे, तभी गांव के निकट बंद खदान में जटला कूद गया। जिसके कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि मामला संदेहास्पत प्रतीत होता है इसीलिए शिकारीपाड़ा पुलिस प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए फुलो झानो मेडिकल दुमका भेज दिया।

### बोकारो : बिस्को ने किया पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन



बोकारो। बिस्को द्वारा अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये गए कार्यक्रमों/ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने हेतु स्थानीय एसबीआई बोकारो स्टील सिटी शाखा सेक्टर 4 में पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या एवं साथ में बिस्को अध्यक्ष सुबोध कुमार मंडल प्रमुख पीएनबी के बोकारो से स्थानांतरण के कारण उनका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में महासचिव राघव कुमार सिंह ने आज के इस आयोजन के संदर्भ में विस्तार से प्रकाश डाला। बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष एसएन दास ने बिस्को संगठन का संक्षिप्त परिचय दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सुबोध कुमार ने कहा कि बैंक और बीमा के संयुक्त सहयोग से बना यह संगठन अद्भुत है और उन्हें अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला यह उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने सुबोध कुमार सहित बिस्को जैसे संगठन की भी भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में जगदीश बावला के निर्देशन में कुमारी श्रीजनी सेनगुप्ता सुबोध कुमार रजक रश्मि सोनल व हिमांशु शेखर मिश्रा ने अपने गायन से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि सोनल एवं सुबोध कुमार रजक तथा धन्यवाद विनोद कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर राघव कुमार सिंह विभाष झा रामाशीष सिंह दीपनारायण कुमार अवधेश प्रसाद सुबोध कुमार रजक सितारे अहमद प्रशांत कुमार अवधेश कुमार प्रदीप कुमार झा ज्ञान स्वरूप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बेरमो : घर-घर में दस्तक दे कर समर्थन मांग रही निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह



बेरमो। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण का मतदान को लेकर प्रचार धीरे धीरे काफी जोर पकड़ने लगा है। डॉ उषा सिंह सुशासन दल समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में हैं। उनका चुनाव चिन्ह बाल्टी छाप है, जो ईवीएम के क्रम संख्या 10 पर है। डॉ उषा बेरोजगारी, पलायन, विस्थापन, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली समेत कई मुद्दों को लेकर जनता से समर्थन मांग रही हैं और लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रही है। डॉ उषा सिंह के कार्यकर्ता टोली बनाकर घर घर में दस्तक दे रहे है और बाल्टी छाप के लिए के वोट मांग रहे है। सोमवार को भी डॉ उषा सिंह ने जरीडीह बाजार समेत अन्य क्षेत्रों का दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील जनता से की। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि गिरिडीह लोकसभा में परिवर्तन लाकर ही हम आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे पाएंगे। इस बार एकजुटता के साथ अपना कदम आगे बढ़ाना है। उन्होंने सभी युवाओं से कहा कि सभी युवा इस बार सोच समझ कर मतदान करें एवं ज्यादा से ज्यादा वोट करें। युवा ही लोकतंत्र को बचा सकते हैं। अपनी वोट की ताकत से समाज मे बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

### मनोज तिवारी का किया गया निंदा



बेरमो /गोमिया-गोमिया प्रखंड के सवांग हजारी मोड़ के निकट एक होटल में चंद्रवंशी समाज की बैठक मिथुन चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम सम्राट जरासंध की तश्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर चंद्रवंशी समाज के नेता मिथुन चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा के तत्कालीन सांसद मनोज तिवारी द्वारा चंद्रवंशी समाज (कहार जाति) पर असंवैधानिक शब्द का प्रयोग कर पूरे समाज को अपमानित किया गया है। मनोज तिवारी सबसे पहले सार्वजनिक रूप से माफी मांगे अन्यथा उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। यदि मनोज तिवारी माफी नहीं मांगते हैं तो झारखंड में भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा और लोकसभा के चुनाव में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा की सरकार बनी है उसके नेता समाज के अलग अलग वर्गो पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हैं। खासकर दबे कुचले पिछड़ी और दलित समाज पर इनके नेताओं द्वारा शोषण करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वे अखंड भारत के यशस्वी सम्राट जरासंध के वंसज हैं। वे झुकने वाले नहीं हैं। साथ ही भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व तिवारी पर कोई कार्रवाई नहीं करती है तो भाजपा को भी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक को सनत प्रसाद, शमशेर सिंह, आनन्द राम, डोमन राम, गीता देवी (पंसस) होसिर पूर्व, राजेश राम, विनय वर्मा, कुलदीप राम, सुनिल कुमार, धीरज कुमार, विक्का कुमार टुनटुन राम कुआर वर्मा, विशाल कुमार बर्मा, कुन्दन कुमार, सुरज कुमार, अनिल कुमार, मिथुन कुमार, अजीत कुमार, बबन मार, बिट्टू कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### साहिबगंज : नामांकन के पांचवें दिन आज छह उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया



साहिबगंज। लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य 01-राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र हेतू सोमवार को नामांकन के पांचवें दिन लोकहित अधिकारी पार्टी उम्मीदवार के रूप में विनोद कुमार मंडल, नवयुवक प्रगतिशील मोर्चा के उम्मीदवार मुंशी किस्कू, प्रीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिव के उम्मीदवार खलिफा किस्कू एवं निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दीपा टुडू, सेवास्टियन हेम्ब्रम, लोबीन हेम्ब्रम ने निवार्ची पदाधिकारी, राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र, हेमंत सती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### बोकारो : सुवर्ण वणिक कल्याण समिति द्वारा अच्छे प्रत्याशी को मतदान करने का निर्णय



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के जामकुदर में सुवर्ण वणिक कल्याण समिति की एक बैठक विजय चंद्र दे के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष कृष्णा दत्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुद्धिजीवी लोगों के साथ विशेष चर्चा की गई। जिसके बाद समिति के सदस्यो ने लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करने का निर्णय लिया। वही बैठक के दौरान गणेश दत्ता के पुत्र श्यामल दत्ता को मेट्रिक परीक्षा में बेहतर अंक लाकर समाज के नाम को आगे बढ़ाने पर समिति ने उपहार देकर सम्मानित कर उसे प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कृष्णा दत्ता ने सुवर्णवनिक समाज के सभी लोगो से लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही समाज के सभी लोगो को गिरिडीह व धनबाद लोकसभा चुनाव में समिति के साथ मिलकर जनसम्पर्क करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही। मौके पर सागर सिंह सुरेश कुमार दे बिनोद कुमार पाल दिलीप चंद्र पाल कालीचरण मनोज चंद्र राकेश चंद्र दे प्राण दत्ता गणेश दत्ता अर्जुन चंद्र पाल विजय चंद्र विनोद चंद्र दे सहित लोग मौजूद थे।

### चिन्मय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन चिन्मय रेडिएंट समर कैंप 2024 का शुभारंभ



बोकारो। चिन्मय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन चिन्मय रेडिएंट समर कैंप 2024 का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार शिविर कोऑर्डिनेटर निशांत सिंह एवं उपस्थित गणमान्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। महेश त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के माध्यम से बच्चे अपने अंदर की प्रतिभा को खुले मन से सीखते हैं। साथ ही कम समय में नई नई तकनीक को उन्हें जानने का अवसर मिलता है। विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी बच्चों में उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिविर में टीमवर्क मूल्यवान जीवन कौशल के साथ समय का सही सदुपयोग करने एवं इसे सीखने का अवसर प्राप्त होता है।

# ढुल्लू के कारनामों को बताने की जरूरत नहीं, हमें शांति में है विश्वास : अनुपमा

दोनों उम्मीदवार पूरे क्षेत्र में धुआंधार चुनाव प्रचार कर लोगों से अपने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में बढ़ती चुनावी सरगर्मी में सभी दलों के नेता एक दूसरे पर हमलावर होने लगे हैं। यहां तक कि मामला आरोप प्रत्यारोपों से शुरू होकर व्यक्तिगत हमले तक पहुंच गया है।

भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। धनबाद क्षेत्र में जो काम बाकी है हम उसे मिलकर पूरा करेंगे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार पर तंज कसते हुए कहा कि सोने का चम्मच लेकर आने वाला गरीबों की क्या बात करेगा।

उनके पिता जी चूड़ी बेचने के लिए आए थे और आज अरबों रुपये कमाये आखिर कहां से कमाए? इसके जवाब में कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमारे पिता जी चूड़ी बेचने का काम करते थे।

चूड़ी बेचना कोई गंदा काम नहीं है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, लेकिन वो क्या करते थे क्या नहीं करते थे यह सभी जानते हैं। वर्तमान चुनाव मेरे और ढुल्लू जी सहित अन्य प्रत्याशियों के बीच है। रही बात ढुल्लू जी को तो, उनके कारनामों को बताने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। इसलिए वे तरह तरह की बातें कर रहे हैं। हम जुमलेबाजी नहीं, क्षेत्र में विकास शांति और सद्भाव में विश्वास करते हैं। जितना बोलते है उसे पूरा करते हैं। कुल मिलाकर दोनों उम्मीदवार पूरे क्षेत्र में धुआंधार चुनाव प्रचार कर लोगों से अपने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जबकि मतदाताओं में बिल्कुल खामोशी है। अंत तक उनका झुकाव किधर होगा इसके बारे में फिलहाल कुछ भी कहना कठिन है।

### नर्सिंग कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस



**रानेश्वर।** दुमका कॉलेज ऑफ नर्सिंग संस्थान ने सोमवार को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिप सदस्य सदस्य विमान सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिप सदस्य सिंह ने कहा कि बांसकुली जैसा पिछड़ा क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज हमारे गरीब छात्राओं के लिए एक वरदान है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में सुंदर झारखंड नृत्य को प्रथम पुरस्कार, सजनी रे निर्त्य को द्वितीय पुरस्कार एवं मलेरिया नाट्य कला के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया। छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



साहिबगंज। लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सिद्धों-कान्हु सभागार मे आयोजित की गई। उपायुक्त हेमंत सती द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों को उनके दायित्व की जानकारी क्रमबद्ध रूप से एक-एक कर ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सेक्टर पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्व की जानकारी दी गई। जिसमें एश्ट से सम्बन्धित, निर्वाचन प्रबंधन से संबंधित, मतदान की प्रक्रिया से संबंधित, आदर्श आचार संहिता से संबंधित जानकारी क्रमबद्ध दी गई एवं निर्देशित किया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा एवं प्रशिक्षक के रूप में शुभाशीष, उज्जवल कुमार बनर्जी, आशीष कुमार, प्रभात सिंह, मनोहर शर्मा मौजूद रहे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरहुलसुदी के 3 छात्र एनएमएमएस में सफल



बोकारो/कसमार। राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 -24 में कसमार प्रखंड के मुरहूलसूदी पंचायत के सरकारी मध्य विद्यालय मुरहूलसूदी के तीन बच्चों प्रवीण कुमार महतो (रैंक- 05) आशीष कुमार महतो (रैंक-09) एवं अजय कुमार महतो (रैंक-14) को सफलता मिली है। बता दें कि भारत सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सन् 2008 में नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप की केंद्र स्तर पर शुरूआत की गयी है। ये छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को वित्तीय मदद प्रदान करने की जाती है। सालाना 12 हजार रुपए की राशि प्रदान कर इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य गरीब बच्चों को माध्यमिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। तीनों बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण कपरदार एसएमसी अध्यक्ष बिंदु प्रसाद महतो भाषा शिक्षक विजय दास कला शिक्षक सुशील कुमार विज्ञान शिक्षक आशुतोष कुमार सहायक अध्यापक त्रिलोचन कुमार, नरेश महतो, दिलीप कुमार महतो, बिरेन सिंह मुंडा सहित क्षेत्र के अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### फुसरो मे मजदूर नेता कृष्ण मुरारी पांडेय की मनायी गयी पुण्यतिथि



बेरमो। गिरीडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय में मजदूर नेता स्वर्गीय कृष्ण मुरारी पांडेय की 29 वी पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम स्वर्गीय कृष्ण मुरारी पांडेय के प्रतिमा पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।16 वीं लोकसभा के सांसद रविंद्र कुमार पांडे ने कहा कि मेरे पिताजी मेरे जीवन के प्रेरणा स्रोत हैं। मुझे हर परिस्थिति में मुझे उनसे कुछ ना कुछ सीखने का मौका मिला है। मैं उनके बताए गए आदर्श पर चलता हूं। और निरंतर चलता रहूंगा। गिरीडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी उषा सिंह ने कहा कि स्व कृष्ण मुरारी पांडेय ने अपने सुख-सुविधा त्यागकर केवल समाज के दबे-कुचले लोगों का उपर उठाने के लिए संर्घष किए।

# कांग्रेस और आरसीएमयू ने मथुरा महतो को जिताने का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित के लिए कांग्रेस व आरसीएमयू की संयुक्त बैठक वरिष्ठ कांग्रेसी वेदव्यास चौबे की अध्यक्षता में राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से हर घर हर पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता वोट की अपील करेंगे। हर बूथ पर 25 कार्यकर्ता तैनात रहेंगे। हमारा बुथ सबसे मजबूत मिशन के तहत कार्य करने के रणनीति बनी। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होने से केंद्र की योजना लोकसभा क्षेत्र में राज्य में सरकार होने से उसका चौमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। आज देश के युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। मजदूर किसान हताशा की स्थिति में जीवन जी रहे हैं। केंद्र सरकार बड़े उद्योगपतियों की कठपुतली बनी हुई है। रेलवे, सेल, भेल, हवाई अड्डा, कोल इंडिया को निजी हाथों में दिए जाने का खाका तैयार हो चुका है। मतवाला हाथी के तहत केंद्र सरकार को नकेल कसने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह वेदव्यास चौबे, चंद्रशेखर प्रसाद सुजीत मिश्रा, प्रमोद यादव, देवाशीष, संतोष सिंह, कपिल यादव, भारत मेहता, वकील सुरेश राम, संतोष राम, धनेश्वर यादव, अर्जुन करमाली आदि शामिल थे।

# दुमका : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी समेत सात उम्मीदवारों ने किया पर्चा दाखिल















खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को सात उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ए दोड्डे के समक्ष दाखिल किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के बेबीलता टुडू समेत सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन आम्बेडकर राईट पार्टी ऑफ इंडिया से राजू इमानुएल मुर्मू, समता पार्टी से मुन्नी हांसदा, पीपीआईडी पार्टी से जोनाथन मरांडी, सीपीआई से राजेश किस्कू एवं निर्दलीय महाशन मुर्मू एवं कमीशनार मुर्मू ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। अंतिम दिन 14 मई को नामांकन के लिए तीन अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों ने नाजीर रसीद खरीदा। अब तक भाजपा और झामुमों समेत 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। मतदान की तिथि अंतिम चरण में एक जून को निर्धारित है।

# देश व राज्य की प्रगति के लिए भाजपा को अपना समर्थन दें : डॉ निशिकांत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे अपने समर्थकों के साथ जन संवाद करने पोडैया हाट पहुंचे और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों से जन संवाद कायम किया। भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर कांग्रेस सहित महागठ बंधन के घटक दलों को घेरते हुए विकास का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। विकास के मुद्दों को अपना आधार बनाते हुए दुबे ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए रेल एक सपना था जो आज मैने प्रयास कर आपके लिए सपने को साकार किया। फोर लेन सड़क, एम्स, फ्री राशन, शौचालय, उज्जवला गैस योजना, आयुष्मान कार्ड ऐसे सैकड़ों जन कल्याण कार्यक्रम आपके लिए चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी विकास की गारंटी हैं और मैं उनके गारंटी की गारंटी हूं।

देश और राज्य की प्रगति के लिए भाजपा को अपना समर्थन दे और भरष्ट्रचारियों को सत्ता दे बेदखल करें। अभी और भी इस क्षेत्र के लिए विकास की योजनाओं को कार्यरूप देना है, जिसमे आपका सहयोग अपेक्षित है। इस बार फिर मोदी सरकार और चार सौ पार का लक्ष्य बगैर आपके सहयोग के संभव नहीं है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव मिश्र, जिला महासचिव कृष्ण कन्हैया के साथ कई अन्य संगठन से जुड़े कार्यकर्ता शामिल थे।

# गोड्डा से महागठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव ने किया पर्चा दाखिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** सोमवार को हजारों समर्थकों की भीड़ के साथ महागठबंधन के उम्मीदवार पोडैया हाट विधायक कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। हजारों समर्थक जय जयकार करते हुए उनके जीत का दावा किया। नामांकन पत्र दाखिल करते वक्त उनके साथ झारखंड राज्य सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख भी उनके साथ थे। नामांकन पत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा जीशान कमर को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद साइकिल से गांधी मैदान अपने समर्थकों के साथ गोड्डा के मेला मैदान पहुंचे। यहां एक सभा का आयोजन किया गया था। मंच पर कांग्रेस के कई बड़े नेता और महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह भी उनके समर्थन में पहुंची। ज्ञातव्य है की पहले दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार बनाया गया था, परंतु भारी विरोध के बाद उनका टिकट काट कर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और मंत्री, कांग्रेस जिलाध्यक्ष और झामुमो के नेता अपने प्रत्याशी के समर्थन में आम जनता से अपील करते हुए भारी बहुमत से अपने प्रत्याशी प्रदीप यादव को विजई बनाने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारे लगाते हुए महागठबंधन प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का वादा किया।

# चौथे स्थान पर देश

भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत का अनुमान है कि 2025 तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थवव्यवस्था बन जाएगी। भारत जापान को पछाड़ देगा। भारत फिलहाल पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2022 में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़ दिया था। भारत से आगे अभी सिर्फ अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान की अर्थवस्यवस्था है। एक दशक पहले यानी 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। भारत की जीडीपी लगभग 3.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

फ्रैजाइल-5 से दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं तक भारत की यात्रा बड़ी अहम रही है। इसके कई मुख्य अंश हैं- रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, पिछली तीन तिमाहियों में 8 प्रतिशत से अधिक जीडीपी वृद्धि, भारतीय मुद्रा रुपये में 27 देशों के साथ व्यापार, मुद्रास्फीति प्रबंधनीय आदि। फ्रैजाइल-5 शब्द 2013 में मॉर्गन स्टेनली द्वारा दिया गया है। यह भारत सहित पांच देशों के समूह को इंगित करता है, जिनकी अर्थव्यवस्था उस वक्त अच्छा प्रदर्शन कर रहीं थीं। इसमें चार देश हैं- ब्राजील, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की थे। इस्पात, सीमेंट और ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्रों में दोहरे अंक की वृद्धि, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में वैश्विक नेता,ई-लेन-देन बढ़कर 134 बिलियन हुआ।

औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2003-04 और 2013-14 के बीच 8.2 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हुई, आईएमएफ रिपोर्ट में भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नवीनतम रिपोर्ट। आईएमएफ ने 2024 के लिए भारत के विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। आने वाले समय में भारत 2030 से पहले तीसरी अर्थव्यवस्था हो जाएगा।

# आयातित कोयला?

बिजली अभियंताओं के एक अखिल भारतीय संगठन तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने घरेलू कोयले की कमी को पूरा करने के लिए विदेशी कोयला आयात करने संबंधी बिजली मंत्रालय के निर्देश का कड़ा विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। विदेशी कोयले के दाम घरेलू कोयले के मुकाबले कई गुना ज्यादा हैं। ऐसे में अगर राज्यों को कोयले का आयात करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो सरकार को आयातित कोयले का अतिरिक्त बोझ उठाना चाहिए ताकि पहले से ही खस्ताहाल बिजली वितरण कंपनियों की मुश्किलें और न बढ़ें और अंततः आम उपभोक्ताओं पर बिल का बोझ न बढ़े। विद्युत मंत्रालय का पत्र राज्यों पर कोयले के आयात का वित्तीय भार डालने का प्रयास करता है तो इसे वापस ले लेना चाहिए क्योंकि राज्यों को केंद्र की नीतिगत चूक के लिए दंडित नहीं किया जा सकता। पूर्व में कोयला आयात की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले उठते रहे हैं और आयातित कोयले के ज्यादा दाम लगाए जाने और बंदरगाहों पर कोयला परीक्षण में हेराफेरी के कई मुकदमे भी दर्ज हैं। पहले इन मामलों को तार्किक निष्कर्ष पर ले जाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि बिजली मंत्रालय ने 28 अप्रैल को देश के सभी राज्यों को लिखे पत्र में कहा था कि देश में बिजली की बढ़ी मांग को पूरा करने के मकसद से सभी बिजलीघरों को पूरी क्षमता से चलाने के लिए विदेशी कोयला आयात किया जाए। इस बीच, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी विदेशी कोयला खरीद के औचित्य पर सवाल उठाते हुए इसपर पूरी तरह पाबंदी लगाने की मांग की है। अभी देश में कुल कोयले का 8 प्रतिशत आयात किया जा रहा है। गर्मी में बिजली की अत्यधिक मांग से स्थिति नियंत्रित करने में कठिनाई होती है।

# वीर प्रताप

विचार-प्रवाह

**रमेश सर्राफ धमोरा**

वैसे महाराणा उदय सिंह अपनअंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चूंडावत राजपूतों ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54वें शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालों में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतों को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी इलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नहीं था।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## हक का राशन

**आज** भी कृषि भूमि का एक बड़ा हिस्सा कुछ ही हाथों में सीमित होने से देश की एक बड़ी आबादी खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है। इन्हीं परिस्थितियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु कम कीमतों पर अनाजों का वितरण किया जा रहा है। सूची से हटवाकर रिकवरी करनी चाहिए।

**-शिवेन्द्र यादव,रांची**

## संकट की हकीकत

**देश** में बिजली संकट को लेकर इन दिनों फिर सियासी मौसम में गर्माहट है। देश के 15 से ज्यादा राज्यों में बिजली की कटौती जोरों पर है, जिसको लेकर हाहाकार मचा हुआ है। ज्यादातर कटौती ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही है। अब इस कटौती को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है। बिजली आपूर्ति केंद्रों तक कोयला पहुंचाने का काम युद्ध स्तर पर हो रहा है।

**- गौरव दीक्षित,जमशेदपुर**

# बहुजन समाज पार्टी का घटता जनाधार

**आर.के. सिन्हा**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूमधाम से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते, जब तक वे ₹पूरी तरह परिपक्व₹ नहीं हो जाते। आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरूआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि ये भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से भटक गए थे। मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहाँ दलित समाज आबादी का लगभग 21 फीसदी हिस्सा हैं।

हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए। आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं।

मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं। बसपा के मामले में पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेंगी। अब उत्तर से पंजाब की ओर चलते हैं। बसपा की ताजा ताकत को जानने के लिए पंजाब के समीकरणों को जानना जानना जरूरी है, क्योंकि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम जी पंजाब के रोपड़ शहर से ही थे। आप जब चंडीगढ़ से रोपड़ शहर में प्रवेश करते हैं तो आपको समूचे शहर की फिजाओं में लोकसभा चुनावों का रंग घुला हुआ मिलता है। सारा माहौल गुलजार है। आमतौर पर इधर बातचीत का मुख्य बिन्दू यही है कि राज्य की 13 लोकसभा सीटों में किस दल के हक के कितनी सीटें जाएंगी। पर यह एक दुर्भाग्य ही है कि बसपा दूर-दूर तक कहीं चर्चा में नहीं है।सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशीराम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता, इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी।



- आरके सिन्हा

इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं। बसपा के मामले में पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेंगी।

आखिर पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताड़ित नहीं होना पड़ा, जैसे अन्य राज्यों में उन्हें झेलना पड़ा। इन दोनों मजबूत धार्मिक संस्थाओं ने जाति के कोढ़ पर हल्ला बोला। नतीजा यह हुआ कि पंजाब के समाज में दलितों का उत्पीड़न कम हुआ। इस पृष्ठभूमि की रोशनी में ही पंजाब का दलित अपने को बसपा से जोड़कर नहीं देखता। आपको पंजाब में जगह-जगह दलितों के गुरुद्वारे तो देखने को मिल जाएंगे। उनके बाहर गुरुमुखी और कइयों के बाहर हिन्दी में भी लिखा रहता ह्यमजहबीह्ण, ह्यरामगढ़ियाह्ण या ह्यसंत रविदासह्ण गुरुद्वारा। और तो और, चंडीगढ़ में भी आपको इस तरह के गुरुद्वारे मिल जाएंगे। यह अन्य गुरुद्वारे से भव्यता के स्तर पर कतई उन्नीस नहीं हैं। ये कहीं न कहीं उनकी आर्थिक सेहत को भी रेखांकित करते हैं।

यानी पंजाब का दलित उस तरह से पिछड़ा, दबा-कुचला नहीं है, जिस तरह से वो देश के बाकी भागों में या कम से कम उत्तर भारत के अन्य सूबों में हैं। जाहिर है, इसी वजह से चुनावों में पंजाब में दलित बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में खड़े नजर नहीं आते। संभवतः इसलिए बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम पंजाब से संबंध रखने के बाद भी बसपा को अपने ही गृह प्रदेश में मजबूत आधार देने में कामयाब नहीं हुए। पंजाब में कुल 30 फीसदी मतदाता दलित हैं, यानी उत्तर प्रदेश से भी ज्यादा! देश के किसी भी अन्य सूबे में इतने अधिक दलित वोटर कहीं नहीं हैं। देश से बाहर बड़ी संख्या में जाने के फलस्वरूप पंजाब के दलितों के हालात सुधर गए। जो बाहर गए, वे भारत में अपने परिवारों को अच्छी-खासी रकम भेजते रहे। पंजाब से बाहर रोटी-रोजी कमाने के लिए जाने वालों में दलित सिख सर्वाधिक रहे हैं।

खास बात

## धनबली-बाहुबली

साल 2019 के विधानसभा चुनावों में, जिस प्रकार हमने कोल्हान में भाजपा को 14-0 से पराजित किया था, ठीलोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर धनबली और बाहुबली उम्मीदवारों का बोलबाला है। पांचवे चरण की सीटों में बहुत कम केवल 9 फीसदी महिला प्रत्याशी मैदान में हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 144 उम्मीदवारों के शपथ पत्रों के विश्लेषण के बाद रिपोर्ट तैयार की है। पांचवे चरण में उत्तर प्रदेश में लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान होगा। चुनाव में कुल 144 उम्मीदवारों में से 29 पर आपराधिक मामले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इस चरण के चुनाव में कुल 144 उम्मीदवारों में 29 ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं जब कि 18 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए है।

14 सीटों में समाजवादी पार्टी के 50 फीसदी, कांग्रेस के 75 फीसदी, भारतीय जनता पार्टी के 29 फीसदी और बहुजन समाज पार्टी के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं।

आपराधिक मामलों में रविदास मल्होत्रा जो लखनऊ से समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रहे है उनके ऊपर सबसे ज्यादा 18 आपराधिक मामले दर्ज है। दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में प्रदीप जैन आदित्य हैं जो झाँसी से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार है इनके ऊपर 6 आपराधिक मामले दर्ज है।

करोड़पति उम्मीदवारों में 144 में से 53 यानी 37 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के 14 में से 13, समाजवादी पार्टी के 10 में से 10, बहुजन समाज पार्टी के 14 में से 10 और कांग्रेस के 4 में से सभी 4 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 4 .37 करोड़ है।

**अकेलेपन** का बल पहचान !!

पूज्य बाबूजी की कविता ! समय और हालात ने भले हम सब को अकेला , असहाय कर दिया हो । लेकिन एक अकेले का अपना भी एक बहु प्रचंड बल होता है । धीरज रखें सब ठीक हो जाएगा

**- अमिताभ बच्चन**

आपके X ट्वीट

पवन मंद सुगन्ध शीतल हेम मन्दिर शोभितम निकट गंगाबहत निर्मल श्रीबद्रीनाथ विश्वम्भरम ।।हिमाच्छादित नर नारायण पर्वत मध्ये मोक्षदा अलकनन्दा तीरे परात्पर-ब्रह्म भगवान श्रीबद्रीनाथ के कपाट खुले ! अनेक शुभकामनाएँ ! **-अवधेशानंदगिरी**





मध्य प्रदेश स्थित दतिया में श्री पीताम्बरा पीठ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां विधि-विधान से पीताम्बरा माई के दर्शन-पूजन और श्री वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर सम्पूर्ण जगत के कल्याण हेतु प्रार्थना की।

**- आदित्यनाथ योगी**

# चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति

**सुरेश हिंदुस्थानी**

चुनाव 2024

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसका तात्पर्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोटबैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग-अलग दुकान खोल कर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दशार्ने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया।

यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं।

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा।

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझ कर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग-अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है।

# कमजोर होती आर्थिक स्थिति और मजबूत होती भाजपा

**एस गुप्ता**

चुनाव 2024

वर्ष 2009 से 2014 और 2019 में संपन्न लोकसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मत प्रतिशत करीब दोगुना हो गया। इससे भी अधिक विचारणीय बात यह है कि भाजपा देश की राजनीति पर पूरी तरह हावी हो गई और इसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है। भाजपा का उभार तो जारी रहा है मगर देश की अर्थव्यवस्था 2017 के बाद लगातार कमजोर हो गई। बेरोजगारी दर चरम पर है और आसमान छूती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, खासकर ईंधन एवं खाद्य तेल के दामों ने बजट बिगाड़ दिया है। यह तब हो रहा है जब पूरा देश कोविड-19 महामारी की चोट से पहले ही परेशान है।

मगर इन बातों से भाजपा और खासकर नरेंद्र मोदी के मतदाताओं पर कोई फर्क नहीं दिख रहा है। ये केवल भाजपा के प्रति समर्पित या हिंदुत्व की विचारधारा से चिपके रहने वाले लोग नहीं है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 2009 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को वोट दिया था। 2009 के बाद पार्टी ने बड़ी संख्या में करोड़ों मतदाताओं को आकर्षित किया और अब पार्टी के प्रति उनका समर्पण अडिग लग रहा है।

ऐसा नहीं है कि वे अर्थव्यवस्था के समक्ष खड़ी विभिन्न चुनौतियों से वाकिफ नहीं हैं या महंगाई से परेशान नहीं है मगर आप पूछेंगे तो वे यही बताएंगे कि वे नरेंद्र मोदी एवं भाजपा को ही वोट देंगे।

उनका सीधा सवाल है कि आखिर भाजपा को वोट न दें तो किसे दें। भाजपा का विकल्प कहां है? कांग्रेस या राहुल गांधी को वे अपना समर्थन कैसे दे सकते हैं? मिली-जुली सरकार के तिकड़म का खतरा कौन मोल ले? अगर विकल्पहीनता की वजह से भाजपा के कई गैर-परंपरागत मतदाता उसके साथ जुड़े हुए हैं तो कुछ ऐसे भी हैं जिनकी सोच अब बदल रही है। एक विकल्प अब उभर रहा था। मगर यह भाजपा एवं नरेंद्र मोदी का विकल्प नहीं है। दरअसल कांग्रेस का एक विकल्प देश के समक्ष आ रहा है। यह एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव है।

हालांकि मोदी के प्रति जबरदस्त समर्थन के दौर में भी एक बात जस की तस रही और वह यह कि कांग्रेस ने करीब 20 प्रतिशत का न्यूनतम मत प्रतिशत बरकरार रखा है। वर्ष 2014 और 2019 में पराजित होने के बावजूद इसका मत प्रतिशत किसी भी अन्य पांच गैर-भाजपा दलों के संयुक्त आंकड़े से अधिक था। इस लिहाज से भविष्य में भाजपा के खिलाफ बनने वाले किसी भी गठबंधन का यह प्रमुख हिस्सा हो सकता था। कांग्रेस के साथ जब तक इसका वोट बैंक जुड़ा था तब तक किसी भी अन्य पार्टी या गठबंधन के लिए नरेंद्र मोदी को चुनौती देना असंभव था। कांग्रेस की यह मजबूती भी काफूर हो रही है।

कांग्रेस के लिए जो खराब है वह भाजपा के लिए भी अच्छा नहीं है। भाजपा की सोच यह रही है कि कांग्रेस अगर किसी राज्य में बुरी तरह पराजित होती है तो दोबारा वापसी करना उसके लिए मुश्किल हो जाता है। मैंने अपने पहले आलेखों में चर्चा की है कि भाजपा के बाद मत प्रतिशत बटोरनी वाली दूसरी सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस किसी राज्य में पूरी मजबूत नहीं है।

2014 से यह सिलसिला शुरू हुआ जब पार्टी उन राज्यों में कमजोर होती चली गई जहां इसका दबदबा हुआ करता था। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी सबसे अधिक कमजोर हुई। इन दोनों राज्यों में भाजपा क्षेत्रीय दलों को टक्कर देते हुए दिख रही है। पंजाब में हाल तक कांग्रेस का दबदबा था मगर विधानसभा में उसे मुंह की खानी पड़ी। मगर वह अपनी परंपरागत प्रतिद्वंद्वी अकाली दल से नहीं हारी बल्कि आम आदमी पार्टी (आप) ने उसे शिकस्त दी। एक्जिट पोल के आंकड़े बताते हैं कि आधे हिंदू एवं दलित सिख मतदाता आप के साथ चले गए। ये कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हुआ करते थे। भाजपा को भले ही दो सीटें मिली हों मगर राष्ट्रीय स्तर पर उसे चुनौती देने वाली कांग्रेस राज्य में तबाह हो गई। कांग्रेस के बजाय अरविंद केजरीवाल और आप के रूप में भाजपा को एक नई चुनौती मिल रही है। आप भाजपा के लिए कांग्रेस से कैसे अलग चुनौती हो सकती है इसका अंदाजा तजिंदर बग्गा तमाशा से लगाया जा सकता है।

# एला एंगलाइज स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

## 87.8 प्रतिशत अंक लाकर स्वप्निल बने विद्यालय टॉपर, विद्यालय का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट


Swapnil Kumar
439 - 87.8%


Sonu Kumar
419 - 83.8%


Kanak Kumari
418 - 83.6%


Vidya Kri. Sharma
394 - 78.8%

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के स्वप्निल कुमार 87.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर बनने का गौरव पाया है। जबकि सोनू कुमार 83.8, कनक कुमारी 83.6, विद्या शर्मा 78.8, स्नेहा महतो ने 78.2 प्रतिशत अंकर लाकर विद्यालय के टॉप फाइव विद्यार्थियों की सूची में शामिल है। विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। वहीं सोनू कुमार व कनक कुमारी ने आईटी में 100, विभूति राज अंग्रेजी में 93, स्वप्निल कुमार गणित 93, सोनू कुमार पीएचई में 91, स्वप्निल कुमार भौतिकी में 86 व रसायण में 85, मोनू कुमार जीव विज्ञान में 75 व भूमिका राज हिन्दी में 63 अंक लाकर विषयवार टॉपर बने हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य विजयंत कुमार सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई है।

## अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों का सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई ने सोमवार को क्लास 10वीं व 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। इस परीक्षा में श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं में समृद्धि कुमारी 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की टॉपर बनी। वहीं आदित्य कुमार अग्रवाल ने 94.8, कुमारी ओनम 94.8, निशत फातमा ने 91.6, वैभव कश्यप साव ने 91, सौरव कुमार ने 90.4, रोहिणी कौशल ने 88.2, रिशु गुप्ता ने 88, मो आकिब जावेद ने 87.8, श्रेया कुमारी ने 86.6, रौनक कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त किया। क्लास 12वीं साइंस में वाणी व कॉमर्स में निशि कुमारी ने स्कूल टॉप किया। वाणी को 92.4 व निशि को 86.2 प्रतिशत अंक मिला है।

## सर्वोदय निकेतन की प्रकृति प्रिया को 94.2 प्रतिशत

**कुजू।** सीबीएसई की दवादश बोर्ड परीक्षा में डटमामोड़, कुजू स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा प्रकृति प्रिया ने 94.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रकृति प्रिया को भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान और पेंटिंग विषयों में क्रमशः 95, 95, 99 तथा 98 अंक प्राप्त हुए। जबकि विद्यालय के अर्णब रॉय ने 93.8% अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अर्णब रॉय को भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान और पेंटिंग विषयों में क्रमशः 95, 95, 99 तथा 96 अंक प्राप्त हुए।

## प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में 16 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे चुनावी जनसभा को सम्बोधित

**बरही।** 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए मतदान हेतु मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी मनीष जसवाल के पक्ष में 16 मई को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का चुनावी सभा होना तय है। जिसकी तैयारिया की जा रही है। तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को बरही विधानसभा संयोजक सह बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव कार्यक्रम स्थल बरही प्रखंड के आश्रम सह फुटबॉल मैदान पंचमाधव पहुंचे। इस निमित्त बन रहे पंडाल का उन्होंने निरीक्षण किया। साथ ही बरही विधानसभा सहित हजारीबाग लोकसभा की जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया और भाजपा नेता मनीष जसवाल को भारी मतों से विजय बनाने की बात कही। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, करसो पंचायत उप मुखिया बालेश्वर यादव, युवा भाजपा नेता रितेश गुप्ता, रामदेव यादव, राजेंद्र भारती, रामदेव यादव, राजकुमार यादव, नितीश यादव, सतीश यादव, मोहित कुमार, मन्नू कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सीबीएसई 12वीं में 98.2% के साथ बिट्टू कुमार और 10वीं में 94.6% के साथ राजश्री ने लहराया आईलेक्स का परचम

**बरही।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड के रिजल्ट की घोषणा सोमवार को की गई। जिसमें पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत - प्रतिशत रहा। बिट्टू कुमार ने 98. 2% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान हुजैफा ईमान ने 91.4 % तथा तृतीय स्थान यशराज 65.6% के साथ प्राप्त किया। अन्य बच्चों का रिजल्ट भी काफी उत्साहवर्धक रहा। इसके साथ हीं 10वीं के परीक्षाफल की घोषणा सीबीएसई बोर्ड द्वारा की गई। जिसमें पहला स्थान 94.6 % के साथ राजश्री ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान अमनजीत ठाकुर ने 94.2% तथा तीसरा स्थान 90.2% के साथ खुशी कुमारी ने हासिल किया। अन्य बच्चों का रिजल्ट भी काफी उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शैलेश कुमार ने बताया कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का फल नहीं है बल्कि उसके पीछे कई दिन रात की मेहनत छिपी होती है। अनुशासित जीवन हीं सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। इसके साथ हीं शैलेश कुमार ने सभी शिक्षक - गण को भी शुभकामनायें दीं जिनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता प्राप्त की। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा के छोटे सुपुत्र आशीर सिन्हा के बारे में मीडिया में चल रही भ्रामक खबर के बारे में खंडन करते हुए कहना है कि आशिर सिन्हा सिर्फ खड़गे जी की सभा में उनकी बातों को सुनने के लिए पहुंचे थे, मगर मीडिया में एक भ्रामक खबर चल रही है की उन्होने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर लिया जो सरासर गलत है। उन्होंने अभी तक किसी भी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण नहीं किया है।इस तरह के भ्रामक खबर फैला कर यशवंत सिन्हा और जयंत सिन्हा को बदनाम किया जा रहा है।आशीर सिन्हा का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है।उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## सफल विद्यार्थियों का विद्यालय में किया गया हार्दिक अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)।** गोला प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाड़ी हिंदी (कुस्टेगढा.) के 15 छात्राओं ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023- 24 में सफलता हासिल की है। टिंकल कुमारी, दीपक कुमार, शीतल कुमारी, चंद्रनाथ कुमार महतो, ज्योति कुमारी, कन्हैया करमाली, निर्जला कुमारी, हेमंत बेदिया, डिंपल कुमारी, चंदन बेदिया, रुचिका कुमारी, सरिता कुमारी, माही कश्यप, सोनम कुमारी और दिव्या कुमारी ने सफलता हासिल की है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बिरसा राम बेदिया द्वारा फूल माला पहनकर इन 15 बच्चों का हार्दिक अभिनंदन किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । इस सफलता से विद्यालय परिवार में काफी हर्ष का वातावरण है।

# नरेंद्र मोदी-अमित शाह को तीसरा कार्यकाल मिला तो दलित, आदिवासी फिर से बन जाएंगे गुलाम : मल्लिकार्जुन

## कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के समर्थन में बरही में चुनावी जनसभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** हजारीबाग जिला के बरही प्रखण्ड मैदान में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। चुनावी जनसभा में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य रूप से उपस्थित हुए। चुनावी जनसभा के मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जेएमएम केंद्रीय महासचिव सह झारखंड में दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नाजिर हुसैन, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता भीम कुमार, राजीव रंजन प्रसाद, कांग्रेस एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व संचालन मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविन्द्र सिंह ने किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हजारीबाग जिले के बरही में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह चुनाव आम चुनाव नहीं है, देश को झूठ बोलकर गुमराह करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। खड़गे सोमवार को हजारीबाग के कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को जीताने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोगों से पार्टी के लिए वोट करने की अपील करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तीसरे कार्यकाल का मतलब होगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों के साथ गुलामों की तरह व्यवहार होगा। खड़गे ने जनसभा को संबोधित करते हुए मतदाताओं से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड की खनिज संपदाओं पर केंद्र सरकार की नजर है। केंद्र की सरकार झारखंड की खनिज-संपदा को लूटना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र के पास झारखंड का 1.36 करोड़ रुपए बकाया है, यही बकाया पैसा मांगने पर हेमंत सोरेन को झूठे आरोप में फंसाकर जेल भेजा गया है। इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि यह पैसा झारखंड का पैसा है, जिसके लिए लड़ाई लड़ी जा रही है। कहा कि पूरे देश में महागठबंधन ने हवा का रुख बदल दिया है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने हाथी तक को उड़ाने का काम किया था। हेमन्त सोरेन गरीब गुरबो के लिए काम कर रहे थे लेकिन बेवजह उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाकर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। चुनावी जनसभा के दौरान मंच पर सांसद जयंत सिन्हा के पुत्र आशिर सिन्हा नजर आए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव समेत कांग्रेसियों के साथ हाथ जोड़कर महागठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के समर्थन में वोट मांगा। प्रत्याशी जेपी पटेल को सम्बोधन का मौका भी नही मिला। इतना ही नही कार्यकर्ता इन्तेजार करते रहे कि आखिर कब कांग्रेस के प्रत्याशी जेपी पटेल लोगों को सम्बोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भाषण चलता रहा और चुनावी जनसभा में कुर्सियां खाली पड़ी रही। महिलाएं काफी देर तक अपने नेता का भाषण सुनने का इन्तेजार करती रही, लेकिन राष्ट्रीय नेता का आगमन काफी विलम्ब से होने पर ग्रामीण चुनावी जनसभा से निकल गए। चुनावी जनसभा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, यशवंत सिन्हा के पोता आशिर सिन्हा, रजी अहमद, दिगम्बर मेहता, झामुमो नेता संजीव बेदिया, बिनोद विश्वकर्मा, कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, अर्जुन यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, डॉ आरसी मेहता, मनोज नारायण भगत, भगीरथ पासवान, मनोज सहाय पिंकू, सुरजीत नागवाल, जलेश्वर महतो, बजरंग महतो, डॉ निजामुदीन अंसारी, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस ओबीसी सेल जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, गिरधारीलाल यादव, संजीव कतरियार, राजेश सहाय, इकबाल रजा, संजय यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मो क्यूम, सुनील साहू, मनोहर यादव, यमुना यादव, कुणाल कतरियार, पप्पू खान, उदय केशरी सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जेपी पटेल के समर्थन में बरही में चुनावी जनसभा का आयोजन

## हजारीबाग में क्षत्रिय समाज का हुआ महाजुटान, मनाया वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा

# जो राष्ट्र और सनातन की बात करेगा क्षत्रिय उसके साथ रहेगा: अभय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के रांची-पटना रोड स्थित होटल युवराज पैराष्ट्रलेस सभागार में सोमवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा सह क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन प्रेम सिंह, आनंद देव, टुनटुन सिंह, अरविंद कुमार सिकरवार, धर्मेंद्र सिंह और शंकर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें समाज के उत्थान को लेकर विशेष चर्चा परिचर्चा हुई और आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल को पूर्ण समर्थन देने की सहमति बनी। समारोह में मुख्य वक्त के रूप में जमशेदपुर के भाजपा नेता सह हजारीबाग जिला भाजपा के जिला प्रभारी अभय सिंह और विशेष अतिथि के रूप में भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर नमन करते हुए समारोह की शुरूआत की। मौके पर भाजपा नेता अभय सिंह ने कहा कि क्षत्रिय कोई जात नहीं बल्कि जमात है। जो कभी महाराणा प्रताप बनाकर जन्म लिया तो कभी माता कौशल्या के कोख से जन्म लेकर भगवान राम हो गए। जब- जब भारत को जरूरत पड़ी तब क्षत्रियों ने आगे आकर राष्ट्र और समाज के लिए अपना बलिदान दिया। क्षत्रिय ज्वाला के प्रतीक रहे तो शांति के प्रतीक भगवान बुद्ध बनकर समाज को प्रेरणा भी दिया। अभय सिंह ने कहा कि क्षत्रिय हमेशा राष्ट्र के गौरव के साथ रहा है। जो राष्ट्र और सनातन की बात करेगा क्षत्रिय उसके साथ रहेगा। उन्होंने कहा की राजपूत राष्ट्र का पुत्र होता है और देश को जब भी राजपूत की जरूरत पड़ी आगे बढ़कर अपने प्राणों की आहुति के लिए भी तैयार रहे। भारत की जी संप्रभुता और अस्मिता के लिए क्षत्रिय मुस्लिम आक्रांताओं से लेकर अंग्रेजन तक लड़ते रहे वर्तमान समय में राष्ट्र और समाज की जरूरत के लिए एक बार फिर ऐसे देश विरोधी ताकतों से लड़ने की जरूरत है ताकि देश के साथ समाज की रक्षा हो सके। अभय सिंह ने कहां की हजारीबाग से मनीष जायसवाल को अगर आप चुन कर दिल्ली भेजेंगे तो निश्चित रूप से मैं विश्वास दिलाता हूं कि वे क्षत्रियों के मान- सम्मान को बढ़ाएंगे।

### क्षत्रियो ने समाज को एक रोशनी दिखाने का काम किया है: मनीष जायसवाल


मनीष जायसवाल, प्रेम सिंह व अन्य

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने क्षत्रिय सम्मेलन में उमड़ी जनशय लाभ को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा अभिन्न मित्रता क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ रहा है। जो लोग निजी राजनीतिक लाभ के लिए और अपनी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिए समाज में यह भ्रम फैलाने का कोशिश कर रहे हैं उनका इतिहास अगर आप देखेंगे तो वो भी एक समय में हमारे करीबी हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका मत राष्ट्र और समाज के हित में होगा। आप समाज को दिशा और दशा दिखाने का काम करते हैं। जब मुगलों और अंग्रेजों से लड़ने की जरूरत थी तो क्षत्रिय समाज आगे खड़ा रहा है। मनीष जायसवाल ने कहा कि इस देश का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ था लेकिन एक राष्ट्र धर्म के आधार पर बना और दूसरा राष्ट्र धर्मनिरपेक्ष बना। उस वक्त सत्ताधारी लोग चाहते तो भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कर सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इस बात पर आप सभी को चिंता करने की जरूरत है। कांग्रेस ने एनजीओ की भांति हम दो हमारे दो का नारा देकर जागरूकता अभियान चलाया जबकि सत्ता में रहते हुए इस पर कानून भी बना सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। हमारे आराध्य भगवान श्री राम लाल के मंदिर निर्माण में जिस राजनीतिक दल ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का नेता तक स्वीकार नहीं किया उसकी मंशा आपको समझनी होगी। मनीष जायसवाल ने क्षत्रिय सम्मेलन में उमड़े विशाल जनसैलाब को देख कहा कि इस आयोजन ने समाज को एक रोशनी दिखाने का काम किया है। अपने समाज को जागृत करने का काम किया इसलिए मैं सर झुका कर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। हजारीबाग की धरती आपको इस बात का गवाही देगी कि मेरा परिचय किसी के अपमान से नहीं बल्कि सम्मान, सेवा और विकास से है। आप सभी का आशीर्वाद मिला तो इसे भविष्य में भी अछून्न रखूंगा । समारोह में मंच संचालन अरविंद कुमार सिकरवार और धन्यवाद ज्ञापन नरसिंह गौतम ने किया। समारोह को भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, दिनेश सिंह राठौड़ अनिल देव, रामजतन सिंह, सुबोध सिंह, सुबोध सिंह शिवगीत, गोपाल सिंह, प्रो. उदय सिंह, मंगल सिंह, सेवानिवृत आईएएस सुभाष सिंह, वसंत सिंह, नवीन सिंह, दामोदर कुमार सिंह, बिजल देवी, उदयभान नारायण सिंह, अधिवक्ता दामोदर सिंह, जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर विशेष रूप से रामजतन सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह, रामनरेश सिंह, पवन सिंह, राजेश प्रसाद सिंह निरंजन देव, अनिल अनुज सिंह, रमेश सिंह, उदय सिंह मनोज सिंह, संतोष सिंह, केदार सिंह, भरत सिंह, अनु सिंह, राजेश सिंह, राम सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, नवीन सिंह, पप्पू सिंह, ब्रजेश सिंह, कुंवर मनोज सिंह, मणिकांत सिंह, सूरज सिंह, अभय सिंह सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारों क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहें।

## एक नजर में

### परियोजना उच्च विद्यालय बनासो में प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** परियोजना उच्च विद्यालय बनासो में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमूल्य चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के कार्य करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस वर्ष मैट्रिक के परीक्षा में 90 से 95% अंक सेउत्तीर्ण10 छात्र-छात्राओं यथा गुंजा कुमारी कृष्ण कुमार जाहिदा खातून सूरज कुमार ठाकुर राहुल कुमार पांडे प्रिंस राज शर्मा सोनाली कुमारी मुस्कान परवीन नंदनी कुमारीको विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया श्री पांडेय ने कहा कि विष्णुगढ़ प्रखंड में परियोजना उच्च विद्यालय बना सो के छात्र-छात्राएं अच्छे अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है यहां के शिक्षक बधाई के पात्र हैं। अध्यनरत बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर अजय कुमार दास प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षक दीपक मरांडी नंदलाल सिंह रणधीर यादव बालेश्वर तिवारी सूरज कुमार वर्मा लेखपाल कपिल देव पांडे प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष शबनमप्रवीण समिति के सदस्य विनोद कुमार गुप्ता साजिद अंसारी उमेशसाव सब्बू खातून बीबी कौसर रामचंद्र सिंह पार्वती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### झामुमो कांग्रेस कार्यकताओं ने विनोद सिंह के समर्थन में मांगे वोट

**टाटीझरिया।** इंडिया गठबंधन के झामुमो कांग्रेस कार्यकताओं ने सोमवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के झरपो भराजो आमनारी टटगांवा,नारायणपुर,बेडम्मका, जरगा, खैरा , करमा,सिझुआ अन्य कई गांवो में डोर टू डोर जन संपर्क कर क्षेत्रीय जनता से मुलाकात कर इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोकसभा माले सांसद प्रतियासी बिनोद सिंह के पक्ष में समर्थन मांगा और चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का आग्रह किया । और कहा कि लोस सांसद प्रत्यासी बिनोद आपके बीच में क्षेत्र के विकास हित नेता नही बल्कि बेटा बनकर कार्य करेंगे । जन संपर्क के दौरान पूर्व जीप सदस्य सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह , धानेश्वर पासवान,सुरेश कुमार दास, सूयाकांत प्रजापति,गुरुसहाय सिंह, प्रेम कुमार,अमित कुमार, रितलाल ,लखन ,शिव दयाल , सुक्री देवी,कांति देवी,मंजू देवी,संजू,ललिता,रेखा,मालती, हेमा देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा के द्वारा पथ सभा का आयोजन चुरचू में

**चरही।** भाजपा के द्वारा सोमवार को चुरचू फुटबल मैदान में एवं बहेरा शक्ति केंद्र पथ सभा का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने की। इस सभा कार्यक्रम में प्रभारी सह मध्यप्रदेश सतना के पूर्व मंत्री राम खेलावन पटेल मौजूद थे।श्री पटेल ने पथ सभा के माध्यम से ग्रामीणों को मोदी सरकार के द्वारा किये गए कार्यों के बारे में जानकारी दिया।लोगों से अपील किया है कि हजारीबाग लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को कमल के निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें। और प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं।भाजपा श्री पटेल ने एनडीए समर्थकों के साथ अंगो,ओरिया,नगडी,सरिया और चुरचू में जन संपर्क कर मनीष जायसवाल के लिये वोट मांगा।मौके पर मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,धनेश्वर सिंह,रूपलाल यादव,प्रवील यादव, शांति देवी,राकेश सिंह,घनश्याम यादव,सुरेश करमाली,संजीत यादव, गोविंद महतो,विश्वनाथ महतो,विकाश साव,प्रदीप यादव,राजेन्द्र प्रजापति, निर्मल पांडेय,बबलू सिंह,बालगोबिंद सिंह,योगेंदर सिंह,महावीर यादव, रामदेव राम सहित कई एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बरका खुर्द शिव मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन

**इचाक।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरका खुर्द के शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन ग्राम बरका खुर्द निवासी रघु प्रसाद मेहता के द्वारा आयोजित की गई। सर्वप्रथम आचार्य लोकेश मिश्रा एवं पप्पू पांडे के मंत्र उच्चारण से अखंड कीर्तन की शुरूआत हुई।पुजारी के रूप में रघु प्रसाद मेहता एवं उनकी धर्मपत्नी गिरिजा देवी शामिल थी। अखंड कीर्तन का बोल हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हैं। कीर्तन में ग्राम बरका खुर्द के महिला पुरुष की सभी मंडली सहित ग्राम मनाई रतनपुर पोखरिया दरिया काला द्वार अर्शिया के मंडली को कीर्तन के लिए आमंत्रित किया गया है। शुरूआती दौर में ग्राम बड़का खुर्द की मंडली जिसमें मुख्य रूप से बाबूलाल राणा भेखलाल महतो डॉ रामचंद्र मेहता बिरजू विश्वकर्मा भुनेश्वर महतो रामचंद्र मेहता मुंशी ठाकुर सुरेश महतो उमेश मेहता विनय प्रसाद मेहता जुगल महतो प्रभु प्रसाद मेहता सरयू प्रसाद मेहता जागो ठाकुर बिरजू मेहता राजेश मेहता नागेश्वर महतो खिरु महतो समेत दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे। उपरोक्त आशय की जानकारी मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने दी।

### बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिवस पर नवाटांड़ सामुदायिक भवन में आमजन को बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूक किया गया !महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कु० चतुर्वेदी ने कहा की 'बेटियों को पढ़ाने से वो आत्मनिर्भर तो बनती ही है। साथ हीं दो कुलों का विकास भी करती हैंऱ। उपस्थित रहने वालों में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा,बनासो पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर पटेल,सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार,अदश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती,शशिभूषण देव,सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो,राघवेंद्र प्रताप,दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रीती पूनम,प्रकाश कुमार,सुनीता,आजाद एवं स्वयंसेवक के तौर पर सभी सत्र के प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**टाटीझरिया।** कोडरमा लोक सभा सांसद चुनाव लोकतंत्र के महापर्व को लेकर भाजपा सांसद प्रत्यासी उम्मीदवार अनपूर्णा देवी के समर्थन में इंडिया गठबंधन के आजसू भाजपा के कार्यकताओं ने क्षेत्र के झरपो भाराजो खैरा सिमराढाव, करमा,लोधी,जरगा नारायणपुर, टटगांव समेत अन्य कई गांवो में डोर टू डोर जाकर क्षेत्रीय जनता से मुलाकात किया। वही भाजपा आजसू प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ,पूर्व भराजो पंचायत मुखिया रामप्रसाद कुशवाहा,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वार्नवाल, प्रमोद सिंह ने केंद्र सरकार के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से मतदान कर जिताने का आग्रह किया।

### विश्व हिंदू परिषद ने मनाया सीतानवमी

**बरही।** विश्व हिन्दू परिषद बरही की मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा सोमवार को नया दुर्गा मंदिर प्रांगण धनबाद रोड में सीता नवमी मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी एवं संचालन प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी ने किया। बैठक का प्रारंभ तीन बार ओमकार ध्वनि से किया गया और रामायण गीत पलक कुमारी और विद्या रानी ने किया। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मातृशक्ति प्रांत सहप्रमुख सुषमा सुमन सशरीर उपस्थित हुई।

## स्पीड न्यूज

### अवैध महुआ शराब के विरुद्ध चला अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश के आलोक में थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार में थाना प्रभारी के नेतृत्व में सोमवार को अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कोठियार जंगल में करीब 1500 किलो ग्राम जावा महुआ व शराब बनाने वाले उपकरण को विनिष्ट किया गया। साथ ही अवैध रूप से संचालित कई शराब भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी-विजय गुप्ता, आरक्षी शाहबाज, चौकीदार बुधन राय, संजय भगत आदि शामिल थे।

### जेपीएस का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

➲ आकांक्षा प्रिया 92.4 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्कूल टॉपर

**कोडरमा।** कोडरमा-गिरिडीह मार्ग स्थित झारखंड पब्लिक स्कूल सलायडीह का सीबीएसई वर्ग 10वीं एंव 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। यहां 79 बच्चों में 41 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं आकांक्षा प्रिया 92.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। इसके अलावा क्रिश कुमार ने 92, सन्नी कुमार ने 89.4, पूजा कुमारी ने 89.2, आनंद कुमार 88.6, आदित्य कुमार ने 87.6, आलिया मिस्कात 85.6, अभिषेक कुमार ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं 12वीं में प्रियम राज 89.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। इसके साथ विवेकानंद मेहता 84, खुशबू कुमारी 78, अभय कुमार 77, सिद्धार्थ पंडित 74.8, हार्दिक राज 74.6, गौतम कुमार 69.8, अंजली कुमारी 67.8, सना आफरीन 62.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं निदेशक व प्राचार्य अब्दुल रहमान ने इस सफलता पर बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता में बच्चों की मेहनत के साथ स्कूल के शिक्षकों और कर्मियों की मेहनत और मार्गदर्शन शामिल है। बच्चों को बधाई देने वालों में प्राचार्य अब्दुल रहमान के अलावा शिक्षक युवराज राम, मुकेश प्रसाद, रामलाल दास, नीरज कुमार, मो.दानिश मल्लिक, मुकेश प्रसाद, साजदा बानो, उमा मजूमदार, रविन्द्र यादव, जितेंद्र प्रसाद, मुन्ना स्वर्णकार, सूरज कुमार, अस्मिता गुप्ता आदि शामिल हैं।

### आरपीमोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन, रिजल्ट रहा शत प्रतिशत


PRINCE KUMAR 27-09-2022

**कोडरमा।** सीबीएसई द्वारा जारी दशम के बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किए गए प्रदर्शन से विद्यालय का रिजल्ट बेहतर एवं सराहनीय रहा। विद्यालय की ओर से प्रिंस कुमार, राहुल कुमार तथा प्रीति कुमारी ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाकर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किए। प्रिंस कुमार ने 88.8 राहुल कुमार ने 82, प्रीति कुमारी ने 79.4, सौंदर्या स्वीकृति ने 76.2, सीताराम यादव 75.6, अक्षय कुमार ने 71, कृष कुमार ने 71, अदिति सिंह राजपूत ने 71, विशाल रजक ने 70.4, आदित्य कुमार ने 70 प्रतिशत लाकर विद्यालय के टॉप टेन में अपनी महत्वपूर्ण जगह बनाई। इस प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक रामदेव मोदी ने बच्चों को बााई दी। वहीं प्रिंसिपल विक्रम कुमार सिन्हा ने सभी छात्रों को बााई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किए एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### एमएसएम प्लस टू अकादमी का सीबीएसई दशवीं व बारहवीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत

➲ 90 प्रतिशत लाने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप : रजनीश शर्मा

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी डोमचांच का सीबीएसई दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं में निशिता गौतम ने 93 प्रतिशत, मुस्कान कुमारी 90 प्रतिशत व ईशु कुमार 82 प्रतिशत सहित सभी छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं दूसरी ओर विद्यालय के दशवीं का भी रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। जिसमें विद्यालय के टॉप 10 में प्रिंस कुमार गुप्ता 97, आयुष कुमार 96, पंकज कुमार प्रसाद 91, रिया भारती 90, पीयूष कुमार 88, सोलन रानी 82, प्रणय कुशवाहा 81, ओम कुमार 81, विकास कुमार व सलोनी कुमारी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं विद्यालय प्रबांन ने घोषणा किया किया कि परीक्षा में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले को सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप की सुविाा दिया जायेगा। वहीं प्रबंधक रजनीश शर्मा, प्रशासक रामप्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव, शिक्षक राकेश रौशन, प्रीति चौरी, अलख सिंह, जयनंदन शर्मा, एहसान अली ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### सिमरिया: वज्रपात से अधेड़ की मौत



**सिमरिया।** प्रखंड के डाडी (पटना) गाँव के निवासी निर्मल भुइंया उर्फ झब्बर भुइंया की वज्रपात से मृत्यु हो गई। निर्मल भुइंया अपने पुत्र टिकेंदर भुइंया के घर में अपनी पुत्री की प्राप्ति के उपलक्ष्य में छठी मनाने के लिए समान लाने पटना से डाड़ी चौक जा रहे थे। रास्ते में ही उन्हें वज्रपात ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से खुशी का माहौल मातम में बदल गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो घटनास्थल पर पहुँचे और सिमरिया पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। मुखिया अनीता देवी ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है।

### 88 प्रतिशत अंक पाकर प्रतीक ने माता पिता का बढ़ाया मान



**टंडवा (चतरा)।** हजारीबाग के संतपोल स्कूल के छात्र प्रतीक कुमार सिन्हा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतीक टंडवा के ग्राम खधैया निवासी पत्रकार बिनय कुमार सिन्हा के पुत्र हैं और उनकी माता कस्तूरबा स्कूल में शिक्षिका हैं। गाँव के माहौल में रहकर पढ़ाई करने वाले प्रतीक का सपना है कि वह यूपीएससी की परीक्षा देकर आईएएस बने। प्रतीक का मानना है कि यह सफलता आसान नहीं है, लेकिन हर कोशिश से ही कामयाबी मिलती है।

### कोल वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचा चालक



**गिद्धौर।** चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क पर गंगापुर आहार के पास सोमवार को एक अनियंत्रित कोयला वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना गिद्धौर थाना को दी, जिसके बाद थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली।

# कृषि वैज्ञानिक ने बताया उन्नत खेती की विधि

## किसानों को 70 दिनों में लखपति बनाएगा तिल की खेती

**लखन सिंह**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पारंपरिक खेती से हटकर किसान आधुनिक खेती तकनीक को अपना कर बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं। आमतौर पर कोडरमा क्षेत्र में लोग गेहूं और धान की फसल बड़े पैमाने पर करते हैं। वहीं कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि जिले की भूमि के अनुसार किसान अन्य कई प्रकार के फसल का उत्पादन कर अपने आय के स्त्रोत को बढ़ा सकते हैं।

#### खेतों में नहीं होना चाहिए पानी का जमाव

कोडरमा कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ.ए.के राय ने बताया कि तिल की खेती करने में लागत कम आती है, जबकि मुनाफा काफी अधिक होता है। उन्होंने बताया कि तिल की खेती पूरे साल में दो बार बरसात और गर्मी के मौसम में भी इसकी खेती की जा सकती है। खेती करते समय इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि खेतों में पानी का जमाव न हो।

#### वैज्ञानिक विधि से 6 से 7 क्विंटल होगा उत्पादन

उन्होंने बताया कि जून के महीने में खरीफ फसल की बुआई शुरू होती है। जून में जैसे ही पहली बारिश होती है, किसानों को निड़ाई-गुड़ाई के बाद तिल की बुआई कर देनी चाहिए। एक हेक्टेयर में इसकी बुआई के लिए करीब 4 किलो बीज की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि बीज की बुआई के समय किसानों को छिटकुआ विधि से बचना चाहिए। इस तरह से बुआई करने से पौ में यदि किसी प्रकार की रोग लगते हैं तो दवा की छिड़काव करने में परेशानी होती है। वैज्ञानिक विदेशी से खेती करने पर एक हेक्टेयर में 6 से 7 क्विंटल तिल का उत्पादन किसानों को प्राप्त होगा। वर्तमान में तिल के बाजार की भाव के अनुसार मात्र 800 रुपये की बीज लगाकर किसानों को इसके उत्पादन से करीब डेढ़ लाख रुपए की आय 60 से 70 दिनों में होगी।

### अन्य फसलों के मुकाबले कम होती है खाद की जरूरत



उन्होंने किसानों को खेत में लाइन बनाकर इसकी बुआई करने की सलाह दी है। यदि सीड ड्रिल उपलब्ध हो तो बीज बुआई में इसका भी उपयोग कर सकते हैं। इसमें लाइन से लाइन की दूरी 2 फीट रखनी और पौधे से पौधे की दूरी 15 से 20 सेमी.रखी जाती है। इससे प्रत्येक पौधों को उचित पोषण मिलता है और पौधों का विकास सही तरीके से हो पाता है। उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर में तिल की खेती करने पर अन्य फसलों के मुकाबले काफी कम खाद की आवश्यकता पड़ती है। जिसमें 20 से 25 किलो डीएपी, पोटास और 30 से 40 किलो यूरिया की जरूरत पड़ती है। यूरिया एक बार फसल की बुआई के समय और एक बार 30-35 दिनों के बाद जब पौधे के विकास का समय होता है तब देना चाहिए। इस विधि से खेती करने पर 65 से 70 दिनों में फसल पूरी तरह से तैयार हो जाती है।

## सीबीएसई परीक्षा में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


PARTH KUMAR AGARWAL 07.07.2022

**कोडरमा।** सीबीएसई की परीक्षा में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इस वर्ष भी शानदार रहा। दसवीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंकों के साथ अरमान सूद और पार्थ अग्रवाल संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। वहीं दूसरे स्थान पर 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ सिद्धि भालोटिया एवं 97 प्रतिशत अंकों के साथ सक्षम केडिया तीसरे स्थान पर रहे। आदित्य प्रताप सिंह एवं रोज भारती ने 9660 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथा स्थान सुनिश्चित किया तथा राघव सोमानी एवं सक्षम छाबरा 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। वहीं दूसरी ओर 12वीं में विज्ञान संकाय में 89. 80 प्रतिशत अंकों के साथ अभय कुमार आनंद प्रथम, 87.80 अंकों के साथ रिया कुमारी द्वितीय, 86. 80 प्रतिशत अंकों के साथ श्रेयांश कंदोई तृतीय, 86. 60 प्रतिशत अंकों के साथ आयुष पांडे चतुर्थ एवं 84.40 प्रतिशत अंकों के साथ सुनिधि कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं वाणिज्य संकाय में प्राप्ति सोनी ने 95.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान सुनिश्चित किया तथा 92. 40 प्रतिशत अंकों के साथ कोमल बर्नवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिया कुमारी तथा संकेत कुमार लोहानी 8720 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे एवं 85.40 अंक प्राप्त कर हामिद सयीद पांचवें स्थान पर रहे। पिछले सत्र की तुलना में इस वर्ष दसवीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया तथा विद्यालय को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। इस वर्ष दसवीं में 79 विद्यार्थियों ने शिरकत किया, जिसमें 20 विद्यार्थियों ने 90 और उससे अधिक प्रतिशत प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में प्राप्ति सोनी ने अंग्रेजी में सर्वाधिक 94 अंक अकाउंट में कोमल बर्नवाल के साथ 95, व्यवसाय अयन में 94, अर्थशास्त्र में 94 शारीरिक शिक्षा में 96 एवं पेंटिंग में 99 अंक अर्जित किया रिया कुमारी ने सर्वाधिक 81 अंक आईपी में प्राप्त किया। दसवीं की परीक्षा के समग्र विषयवार प्रदर्शन की बात की जाए तो अंग्रेजी भाषा में 20 विद्यार्थियों ने, हिन्दी में 4, संस्कृत में 51 में से 23 तथा गणित में 15, विज्ञान में 13 सामाजिक विज्ञान में 26 तथा आईटी में 20 विद्यार्थियों ने 90 और उससे आिक अंक प्राप्त किए। इस उत्ष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं निदेशिका संगीता शर्मा ने अपार हर्ष व्यक्त किया एवं भविष्य में इससे बेहतर परिणाम देने की शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चला जनसंपर्क अभियान



**सतगावां (कोडरमा)।** भाजपा नेता यादव रमेश हर्षधर ने सोमवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित प्रत्याशी केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में क्षेत्र के जागोपहरी, शिवपुर, वैद्यडीह पोखरडीहा आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नरेंद्र मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से जिताने की अपील की। वहीं उन्होंने पोखरडीहा पहुंच कर भाजपा के वरिष्ठ नेता बालगोविंद यादव से मुलाकात की। मौके पर प्रवीण देव चंद्र, दीपक कुमार, रोहित दुबे, अनिल कुमार सिंह, मुन्ना यादव आदि शामिल थे।

### जी.एस.पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन


ABHIJEET SINGH 92 %

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीब्रीएसई. बोर्ड व बारहवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी बच्चों ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी। बतादें की सीब्रीएसई. द्वारा सोमवार को दशवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, तत्पश्चात बच्चों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए माता पिता व शिक्षकों के योगदान की बात कही। उन्होंने अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को श्रेय दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के अयक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं दी। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों को मिठाई खिला कर ढेरों बााई दी, साथ ही कहा यह पल विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का पल है। वहीं उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी बच्चों को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं दी। वहीं विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने बच्चों को बधाई देते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। वहीं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने आशीर्वचन देते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

## उदयन पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** प्रखंड के तेतर मोड़ स्थित उदयन पब्लिक स्कूल में गोडवाना फाउंडेशन मटवारी हजारीबाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुंडरा पंचायत के मुखिया विनोद महतो, संस्था के निदेशक डॉ. चेतलाल प्रसाद, प्रबंधन समिति की सदस्या प्रेमलता चंद्रा, विद्यालय की प्राचार्या टेंसी थॉमस, राजकुमार साव और जेएसएलपीएस की संगीता देवी, सुनीता देवी, सुरजी देवी, ललिता देवी सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिका, कर्मचारी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विनोद महतो ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बताया कि भारत के संविधान ने हमें अपने अधिकारों को पाने के लिए मत का प्रयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि बिंदेश्वर साव ने अपने संबोधन में कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है जिसमें हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा क्योंकि यह हमारे देश के भविष्य को संवारने का एक अवसर है जो हर पांच साल में एक बार आता है। उन्होंने कहा कि मत देना हमारा अधिकार है और इस अधिकार का उपयोग करना चाहिए। देश के सर्वांगीण विकास के लिए, 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, देश को निकट भविष्य में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए वोट करना है। इसके लिए सभी लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करना जरूरी है। संस्थान ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दो वाहनों को सिमरिया प्रखंड के गांवों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया।

### भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**कुंदा (चतरा)।** सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित योगेंद्र पासवान के घर में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता ने किया। उद्घाटन के मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, कपिल पासवान, मृत्युंजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी, लवकुश गुप्ता, दिब्या भोक्ता के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में बूथ स्तर पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने और बढ़त बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बूथ स्तर के अध्यक्ष, संयोजक और सह संयोजक को कई अहम जानकारी और चुनाव जीतने का मंत्र बताया गया। मौके पर गंदौरी साव, अम्बिका भोक्ता, जितेंद्र शौण्डिक, मनोज यादव, अनुज कुमार, रवि कुमार वर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों का रहा दबदबा

➲ 95.8 प्रतिशत अंक लाकर गौरव राज बना स्कूल टॉपर



**कोडरमा।** सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं के परीक्षा परिणाम में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। विद्यालय का छात्र गौरव राज 95.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। जबकि अमन कुमार सिंह 95. 6 प्रतिशत और राखी कुमारी 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। जबकि अभिनव सिंह को 93.8 प्रतिशत, प्रतीक्षा कुमारी को 93.4 प्रतिशत, वंदना कुमारी को 93 प्रतिशत, खुशी कुमारी शर्मा को 92.6 प्रतिशत, अनीश कुमार को 92 प्रतिशत, इशिका सिंह को 92 प्रतिशत, प्रियांशु कुमार सिंह को 91.2 प्रतिशत, आफरीन प्रवीण को 91 प्रतिशत, पीयूष कुमार को 90.8 प्रतिशत, राजनंदनी को 90.8 प्रतिशत, शिवम रजक को 90.6 प्रतिशत, अनमोल राज को 90.2 प्रतिशत और कोमल कुमारी को 90.2 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बााई दी और कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय से कुल 161 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी छात्र सफल रहे।

### आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड ने कक्षा बारहवीं के रिजल्ट में लहराया परचम

➲ 95 प्रतिशत अंक लाकर रितेश बना स्कूल टॉपर



कोडरमा। आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड ने सत्र 2023-24 के बारहवीं के रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय से इस वर्ष कुल 94 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 66 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं सभी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने इस शानदार रिजल्ट पर हर्ष व्यक्त किया और सभी सफल विद्यार्थी को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दिया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि अपने क्षेत्र का पहला विद्यालय जिसने सीबीएसई से मान्यता प्राप्त किया और तब से प्रत्येक वर्ष वार्षिक परीक्षाफल में अपने ही सारे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और कोडरमा जिले को शिक्षा के क्षेत्र में रोशन करते आया है। वहीं उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार राणा, महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, दीपक कुमार, मुकेश राणा, फूलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, शाहिद हुसैन, शमशेर आलम, पप्पु कुमार, पंकज साव, इस्तियाक अंसारी, जन्नत परवीन, पम्मी रॉय के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी विद्यार्थियों को बााई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### विज्ञान में अनुष्का बनी विद्यालय टॉपर

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के गांधी स्कूल रोड स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर का सीबीएसई द्वारा आयोजित द्वादश का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। जिसमें विज्ञान संकाय में बहन अनुष्का पाण्डेय ने 93.4 प्रतिशत लाकर विज्ञान संकाय में अव्वल रही। वहीं विज्ञान संकाय में ही बहन ज्योत्सना 90 प्रतिशत, अनन्या राज 85 प्रतिशत, प्रियाशु प्रिया 81.2 प्रतिशत तथा पुष्पा कुमारी 80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष नारायण सिंह, प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू, नंदराय, अरविन्द चौधरी, अनुराग सिंह, सुषमा सुमन, नवल कुमार, मुंशी यादव, कुंज बिहारी त्रिवेदी, बीएन. शर्मा, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार सिंह, रामानुज पांडेय, डॉ. ाीरेंद्र कुमार सिंह, विजय मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, सुनील कुमार, टिंकू कुमार, चंद्रशेखर कुमार, विरेंद्र प्रसाद, संजय महतो, प्रणव प्रभास, उमाशंकर कुमार, सोनी कुमारी, अर्चना सिन्हा, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, चन्द्रकावेरी निहाल, रिमझिम, मोनिका कुमारी, सोनिया कुमारी आदि ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बााई दी।

### चतरा लोकसभा: भाजपा प्रत्याशी इस बार 5 लाख पार , फिर एक बार मोदी सरकार: बिरजू तिवारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी बानसिंघ, पांडेपुरा समेत आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ बैठक कर 20 मई को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में भारी मतदान करने की अपील की। बिरजू तिवारी ने कहा कि चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की ऐतिहासिक जीत होगी और इस बार साढ़े तीन लाख नहीं बल्कि पांच लाख से अधिक वोटों से जीत का लक्ष्य रखा गया है।

बिरजू तिवारी ने कहा कि सिमरिया के मुरबे मैदान में आयोजित जनसभा में उमड़ी संख्या देखकर ही परिणाम का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इस बार कालीचरण सिंह 5 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीतकर दिल्ली जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को मजबूती देंगे। मौके पर भाजपा नेता जुगल किशोर सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# 5000 से अधिक लोग एक साथ कार्यक्रम में होंगे शामिल

➲ निर्वाचन कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: रमेश घोलप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** 20 मई को मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई है। लोकतंत्र में मतदान से बड़ा अधिकार कुछ नहीं है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम फुटबॉल मैदान में 15 मई को सुबह 6 बजे स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय सभा कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों से भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे 20 मई को अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करें और चुनाव का पर्व देश का गर्व का हिस्सा बनें। कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी, मतदाता शपथ समेत अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि मतदाता जागरूक होकर अधिक से अधिक मतदान करें। जिला प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान कराना है। कार्यक्रम में 200७300 फीट की कई कलाकृतियां भी बनाई जाएंगी। सीएपीएफ लोकेशनवार मूलभूत सुविधाओं, वोटर टर्नआउट, डैशबोर्ड इंट्री, कंट्रोल रूम, यूनिक बूथ, पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र तक लाने की तैयारी, स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी का अधिष्ठापन, डिस्पैज एवं प्राप्ति और मतगणना की तैयारी की समीक्षा की गई। जिले में बनाए गए इंटरमीडियट स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी का अधिष्ठापन शीघ्र करने और कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाने वालों की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए।

### वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकते है मतदान



मतदाता पहचान पत्र या मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते हैं। ऐसे मतदाता जिनके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नहीं है, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में है, वे भी फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन दस्तावेज, सेवा पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, अधिकारिक पहचान पत्र, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पासबुक, स्मार्ट कार्ड आरजीआई द्वारा जारी, दिव्यांग यूनिक आईडी दिखाकर मतदान कर सकते हैं। उक्त बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

# लोहरदगा में 62.06 प्रतिशत मतदान, मतदाताओं में दिखा उत्साह


मतदान के लिए बूथ पर कतारबद्ध खड़े मतदाता।

## सुबह से ही मतदान के लिये लगी लंबी कतारें

गुमला। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। सुबह 7:00 बजे से मतदान आरंभ होते ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लगने लगी। शहर से लेकर गांव तक मतदाताओं का उत्साह देखते ही बनता था। शहर की बूथों में लोग सुबह से ही मतदान करने पहुंचने लगे थे। पहले मतदान फिर जलपान वाली कहावत को शहर वासी चरित्रार्थ करते नजर आये। बहुत सारे ऐसे लोग दिखे जो बिना स्नान और जलपान किये ही बूथ पर पहले मतदान करने पहुंच गये थे। सुबह पूरे जिले में मतदान का प्रतिशत काफी अच्छा रहा। जैसे ही सूर्य की तबीयत बढ़ने लगी मतदान के प्रतिशत में भी गिरावट देखने को मिली। गुमला जिला में सुबह 9:00 बजे तक 10.97 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जिसमें सिसई विधानसभा में 9.94 प्रतिशत, गुमला विधानसभा में 12.83 प्रतिशत व विशुनपुर विधानसभा में 9.63 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि मतदान केदो में मतदाताओं की भारी भीड़ देखी थी। वहीं पूर्वाह्न 11 बजे तक कुल 27.77% मतदान हुए। जिसमें सिसई विधान सभा में 25.74%, गुमला विधान सभा में 28.01% एवं विशुनपुर विधान सभा में 29.33% तक मतदान हुआ। पूर्वाह्न 01 बजे तक कुल 43.4% मतदान हुआ। जिसमें सिसई विधान सभा में 44.16%, गुमला विधान सभा में 44.02% एवं विशुनपुर विधान सभा में 44% मतदान हुआ था। जबकि 03 बजे तक कुल 56.72% मतदान हुआ। जिसमें सिसई विधान सभा में 57.87%, गुमला विधान सभा में 57.10% एवं विशुनपुर विधान सभा में 56.2% मतदान हुआ था। वहीं शाम पांच बजे तक लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के गुमला जिला में कुल 62.06% मतदान हुआ। जिसमें शाम पांच बजे तक सिसई विधान सभा में 62.07%, गुमला विधान सभा में 62.03% एवं विशुनपुर विधान सभा में 60.71% प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान सुबह में गई बूथों पर वीवीपैट मशीन खराब होने के कारण कुछ देर से मतदान आरंभ हुआ। जिसमें गुमला शहर के एस एस उच्च विद्यालय बूथ संख्या 242 में करीब 40 मिनट तक मतदान कार्य बाधित रहा। जबकि बूथ में मतदाताओं की कतार लंबी लगी हुई थी। लोग ईवीएम खराब होने को लेकर काफी चचाएं भी करने लगे। वही घाघरा के बूथ संख्या 206 में आधा घंटा विलंब से मतदान कार्य आरंभ हुआ यहां पर भी वीवीपैट मशीन कार्य नहीं कर रही थी। इसी तरह बूथ संख्या 224 में करीब 20 मिनट लेट से मतदान कार्य आरंभ हुआ।


सुरक्षा के साये में हुआ मतदान।

## मजबूत लोकतंत्र व बेहतर भविष्य की परिकल्पना को लेकर पहली बार युवतियों ने किया मतदान


पहली बार मतदान करने वाली युवतियां।

गुमला। लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। क्षेत्र के विकास, सशक्त लोकतंत्र के गठन व अपनी भविष्य की परिकल्पना को साकार करने पहली बार मतदान करने पहुंची आरती कुमारी ने कहा कि वह आरक्षण व संविधान को बचाने के लिए मतदान कर रही है। आरती ने कहा कि उसका क्षेत्र नक्सल प्रभावित कभी होता था। जहां मतदान के नाम से ही लोग भयभीत हो जाते थे। वह वनालात बूथ पर मतदान करने पहुंची थी। उसने कहा कि नक्सलियों के फरमान के बाद शायद ही लोग मतदान कर पाते थे। लेकिन अब क्षेत्र के विकास के लिए वह मतदान कर रही है। वहीं इसी बूथ पर पहली बार मतदान करने वाली पूर्णिमा कुमारी व सुनीति तिग्गा ने कहा कि वह मतदान कर काफी खुश है। लोकतंत्र पर उन्हें विश्वास है। वहीं पहली बार मतदान करने वाली कविता कुमारी ने कहा कि मतदान करवा बहुत ही खुशी महसूस कर रही है।

### सूर्य की तपिश के साथ मतदान प्रतिशत में होता रहा इजाफा

गुमला। लोकतंत्र के महापर्व में सूर्य के तपीश के साथ वोट के प्रतिशत में भी इजाफा होता रहा। जैसे-जैसे सूर्य की किरणें प्रचंड होते गयी वैसे-वैसे मतदान प्रतिशत भी बढ़ता गया। हालांकि 3:00 बजे के बाद वोट प्रतिशत में कमी आ गई। गुमला जिला के प्रायः बूथों पर सुबह से ही मतदान के लिए लोगों की कतारें लगी थी। जिसमें बूथ संख्या 207 सुबह 9:34 में 759 मतदाताओं में से 146 ने, बूथ संख्या 208 में 1019 मतदाताओं में से 201 ने, बूथ संख्या 206 में 838 मतदाताओं में से 105 ने, बूथ संख्या 140 में 983 मतदाताओं में से 275 ने, बूथ संख्या 110 में 932 मतदाताओं में से 304 नेता, बूथ संख्या 105 के 1126 मतदाताओं में से 270 ने, बूथ संख्या 107 के 1105 मतदाताओं में से 377 ने बूथ संख्या 106 के 262 मतदाताओं में से 177 12:45 बजे तक, बूथ संख्या 138 के 532 मतदाताओं में से 340 मतदाताओं ने 3 बजे तक मतदान किया था।

## नक्सलियों के गढ़ रहे बनालात व जमटी गांव में हुई वोटों की बरसात

दीपक राम काजू

गुमला। नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले वनालात, जमटी व कुम्हारी गांव में लोकतंत्र का विजय पताका लहराता नजर आया। इन क्षेत्रों के बूथों में मतदाता एकजुट होकर मतदान किये और बेहतर लोकतंत्र गढ़ने का संकल्प लिया। वनालात स्कूल के दो बूथ पर काफी संख्या में मतदाता वोट देने पहुंचे थे। पूरा स्कूल परिसर मतदाताओं से खचाखच भरा हुआ था। ये वे क्षेत्र है जहां कभी नक्सलियों की तूती बोलती थी। नक्सलियों का एक फरमान क्षेत्र के ग्रामीणों के अंदर दहशत पैदा कर देता और वे लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने से कोसों दूर हो जाते थे। लेकिन परिस्थितियों बदली, क्षेत्र का कायाकल्प हुआ, विकास की परिकल्पना धरातल पर साकार हुई, लोगों की सोच बदली और लोकतंत्र के महापर्व में उनका यह संकल्प वोट के रूप में तब्दील होते स्पष्ट नजर आया। उग्रवाद प्रभावित इन गांवो में सरकार ने एक्शन प्लान तैयार किया और क्षेत्र के विकास के लिए पुल-पुलिया, सड़क व पेयजल की समस्या का समाधान किया। जिसे क्षेत्र की सूरत तो बदली ही लोगों की सोच भी बदल गई। यही कारण है के क्षेत्र के विकास को लेकर इन उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के बूथों पर जमकर मतदान हुआ। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां कम सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति कर शांतिपूर्ण मतदान कराया जा रहा है। एक समय ऐसा था कि इन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की कई कंपनियां मतदान के दौरान तैनात किए जाते थे। फिर भी मतदान का वोट प्रतिशत बहुत कम होता था। लोग भय से मतदान करने नहीं निकलते थे। वनालात क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान हमेशा नक्सली हावी रहते थे। पूर्व में एक बार आईडी बम विस्फोट कर वनालात के रास्ते आ रहे मतदान कर्मियों को नक्सलियों ने उडा दिया था। जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जोरी, जमटी, बनालात, टेमर करचा, कुमारी आदि ऐसे गांव हैं जहां नक्सली संगठन की तूती बोलती थी। ये नक्सलियों का सेफ जोन भी था। दिन हो या रात नक्सली इन गांवों में चहलकदमी करते थे और बैठक कर वोट बहिष्कार करते थे। इन गांवों में हमेशा भय का माहौल बना रहता था। बनालात एक्शन प्लान बनने के बाद इस क्षेत्र में पुलिस टिकट बनी। जहां से नक्सलियों के खिलाफ चाबुक चलना आरंभ हुआ।

उसके बाद क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गये। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों का विश्वास सरकार व प्रशासन के प्रति बढ़ी और लोगों ने लोकतंत्र में आस्था दिखाया। वहीं क्षेत्र से पुलिस ने नक्सलियों को खदेड़ दिया। जिसके कारण इन क्षेत्रों में जमकर मतदान होते देखा गया।


>> दिल खोलकर मतदाताओं ने किया मतदान, बायलैट पर बुलेट भारी होने की कहावत हो गयी पुरानी
>> नक्सल क्षेत्र के लोगों ने मतदान कर बेहतर लोकतंत्र गढ़ने की परिकल्पना को किया साकार

## डीसी, एसपी ने कतारबद्ध होकर किया मतदान


मतदान के लिए कतारबद्ध डीसी, एसपी, डीएफओ व अन्य।

### मतदान कर बूथ के पास मतदान चिह्न दिखाते भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव



गुमला। लोकतंत्र के महापर्व को सार्थक करने में अहम भूमिका निभाने वाले जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार व डीएफओ अहमद बेलाल अनवर व कई अधिकारियों ने अपने मतदान केंद्रों में कतार बद्ध होकर मतदान किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव भी विशुनपुर प्रखंड स्थित अपने बूथ पर कतार बद्ध होकर मतदान किये। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी अपने पति सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी के साथ मुरकुंडा स्थित बूथ पर मतदान कर चिह्न दिखाते नजर आये।

## चुनाव को लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आये डीआइजी अनूप बिरथरे


पेसरार थाना पहुंचे डीआइजी अनूप बिरथरे।

लोहरदगा। जिले के नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर हो रहे मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए डीआईजी अनूप बिरथरे क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते नजर आए। उनके साथ लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमां और पुलिस के अन्य अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस जवान मौजूद हैं। इस मौके पर डीआईजी ने कहा कि लोहरदगा में शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की कड़ी नजर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनी हुई है। वही एसपी हारीश बीन जमा ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र है और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किया है। मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई और पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है सभी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है।

### पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने किया मतदान



लोहरदगा। जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर आम लोगो से लेकर खास लोगो में उत्साह है। कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मतदान केन्द्र पहुंच लोकसभा चुनाव को लेकर वोट किया है। शहरी क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय बूथ नंबर 281 में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने मत का प्रयोग किया। वोट कर लोगो से वोट देने का अपील करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा आज लोहरदगा के साथ साथ भारत का भविष्य का फैसला का आज दिन है। मैने अपना वोट का प्रयोग किया है और लोग सोच समझ कर देश हित में वोट करे।

## लोहरदगा विधासभा में शाम पांच बजे तक 65.9 प्रतिशत हुआ मतदान


वोट डालती महिलाएं।


पल पल की जानकारी लेते डीसी।

### लोकतंत्र महापर्व में मतदाताओं ने दी भागेदारी, जमकर डाले वोट

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान शाम 5 बजे तक 65.9 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाता भी पीछे नहीं रहे सबने अपनी भूमिका निभायी और मतदाताओं ने निर्भीक होकर वोट डालें। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। प्रातः नौ बजते बजते मतदान केंद्रों के आसपास वोटरों का हुजूम लग गया। वही कई बुथों का आलम यह रहा कि पहले मतदान फिर जलपान की तर्ज पर सुबह 7 बजे से पहले ही मतदाता वोट के लिए कतार में लग चुके थे। विदित हो कि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोहरदगा लोकसभा चुनाव में विभिन्न मतदान केंद्रों में वोट के लिए मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रही। और जैसे जैसे समय गुजरता गया मतों का वोट प्रतिशत भी बढ़ता गया। चुनाव हेतु 1296 मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जहां उत्साहित मतदाताओं ने जमकर वोट बरसाये। प्रशासन द्वारा चुनाव में विधि व्यवस्था बनाए रखने तथा त्रुटि रहित निर्भीक व भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर पूर्व में ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीश बिन जमां सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर चुनाव संबंधित अद्यतन स्थितियों का जायजा लिये। इस दौरान डीसी व एसपी ने मतदान कार्य में लगे कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपस्थित मतदाताओं को वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए हौसला अफजाई भी की गई। वही संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## शहर से ज्यादा ग्रामीणों क्षेत्र के वोटरों में दिखा उत्साह





लोहरदगा। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओ में शहरी क्षेत्र से ज्यादा उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में दिखने को मिला। खासकर जिले के सुदूरवर्ती पेशरार प्रखंड में वोटरों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रखंड के केकरांग बूथ पर सुभा 9:45 बजे तक तक 358 मे से 103 वोट पड चुके थे। वही दुग्गु मे बूथ संख्या दस 740 वोटर मे 10:30 बजे तक 232 वोट,दुग्गु संख्या नौ मे 10:35 तक 924 मे 166 वोट, ओनेगडा बूथ संख्या 14 में 802 वोटर में 366 वोट दोपहर बारह बजे तक,बूथ संख्या 13 कौआडार में 926 में 387 वोट डाला गया था। वही रोरद बूथ संख्या सोलह में 12:15 बजे तक कुल मतदाता 559 में 310 वोट डाला गया था। वही चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चौक चौबंद व्यवस्था की गई थी। वही अधिक दूर से आनेवाले वोटरों के लिए गाड़ी की व्यवस्था प्रशासन के और से किया गया था।

## बाइक से वोट देने आ रहे दंपति की सड़क हादसें में हुई मौत

गुमला। विशुनपुर थाना क्षेत्र के हरैया गांव निवासी दंपति नागदेव उरांव व उसकी पत्नी सत्यमनिया उरांव की सोमवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बाईक से दोनों पति पत्नी मतदान करने अपने गांव हरैया से निकली थी। इसी दौरान बड़का दोहर के समीप एक वाहन ने बाईक को धक्का मार दिया। जिसे बाईक सहित दंपति सड़क पर गिर गये। इस घटना में 35 वर्षीय पति नागदेव उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी बेहोशी की हालत में वहीं पड़ी हुई थी। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने दंपति को एबुलेंस से इलाज के लिए विशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां जांच के बाद पति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि इलाज के दौरान पत्नी की भी मौत हो गई। इधर घटना के बाद दंपति के परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

प्रखंड के लोक सभा चुनाव में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया था। प्रखंड के 54 बूथों में तीन कम्पनी के करीब 325 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। जिसमे एक कंपनी उड़ीसा पुलिस की एक कंपनी जैप इको 49 की जबकि एक कंपनी जिला पुलिस व होमगार्ड जवान की शामिल थे। इसके अलावे सीआरपीएफ के बाइक दस्ता भी प्रखंड के सभी बूथों में दौरा कर सुरक्षा का जायजा ले रही थी। वही प्रखंड के 54 बूथों में 216 मतदाता कर्मी को लगाया गया था। जबकि प्रखंड मुख्यालय में रिजर्व में 23 मतदाता कर्मी थे। जबकि कंट्रोल रूम में 30 कर्मियो तैनात किए गए थे।

## कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत ने किया मतदान


मतदान के बाद परिवार के साथ सुखदेव भगत।

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोग उत्साह के साथ बूथ पहुंच रहे थे। वही लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत ने अपने परिवार संग मतदान केन्द्र पहुंच लोकसभा चुनाव को लेकर वोट किया है। शहरी क्षेत्र के विज्ञान भवन बूथ नंबर 266 में कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत अपने पत्नी और दोनो बेटों के साथ मतदान किया है। वोट देकर लोगो से वोट देने का अपील करते हुए सुखदेव भगत ने कहा लोकतंत्र एक पर्व है मतदान करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है जो मैने किया और आज वोटिंग को लेकर संविधान बचाने को लेकर उत्साहित हैं और वोट दे रहे है। लोग राहुल गांधी की ओर कांग्रेस पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। लोकतंत्र बचेगा तो कांग्रेस बचाएगी संविधान बचेगा तो कांग्रेस बचाएगी। इसी को लेकर लोग वोट कर रहे हैं और कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग ज्यादा हो रहा है। इस बार लोहरदगा से कांग्रेस की जीत होगी और बड़े मार्जिन से जितने जा रही है।

### कई बूथों में इवीएम खराब होने से मतदाता परेशान

प्रखंड के कई बूथों में ईवीएम मशीन खराब होने से मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के भैसमुंदो यूनिक बूथ नंबर 82 में मॉक पोल होने के बाद ईवीएम मशीन खराब हो गया। ईवीएम मशीन ठीक कराने के बाद एक घंटे बीस मिनट बाद पुनः मतदान शुरू हो सका। वही बेदाल बूथ नंबर 87 एवम 88 में ईवीएम खराब खराब होने से क्रमश 30 मिनट और दस मिनट मतदान बाधित हुआ। सोरंदा बूथ नंबर 95 में ईवीएम खराब होने के बाद नया ईवीएम से आधा घंटा देर से मतदान शुरू हुआ।

## कैरो में दिखी वोटरों की लंबी कतारे



खबर मंत्र संवाददाता

कैरो। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र में मतदाताओं में गजब का उत्साह व जज्बा नजर आया। अहले सुबह पांच बजे ही खरता बूथ संख्या 177 में पोलिंग पार्टी तैयारी कर ही रही थी और इधर मतदाताओं की कतार देखर पोलिंग पार्टी में भी उत्साह दिखाई दिया। वहीं पूरे प्रखंड क्षेत्र में मतदान को लेकर सभी बूथों में भीड़भाड़ दिखी। कुछ मतदान केंद्र में पांच बजे के करीब तक चला। बूथ संख्या 177 खरता में अपनी जीवन की पहली मतदान का प्रयोग करने वाली युवक एवं युवतियों में उत्साह दिखा और राष्ट्रनिर्माण को लेकर मतदान करने की बात कही। इधर चुनाव सम्पन्न होने के साथ साथ किस पार्टी को कितना मतदान मिल रहा है इसकी कयास भी लगना शुरु हो गया।

मतदाताओं व कार्यकर्ताओं के अनुसार जहां कुछ दिनों पहले तक त्रिकोणीय मुकाबला दिखाई दे रहा था वहीं चुनाव के अनुपात के अनुसार दो पार्टी पर ज्यादा मतदान किया जाने का अनुमान का बाजार गर्म हो गया है।

## भंडरा में युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह



खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को लोहरदगा लोकसभा सीट में भंडरा प्रखंड के विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के 24 मतदान केन्द्र और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के 30 केंद्र कुल 54 बूथों पर मतदान प्रक्रिया सुबह 07 बजे शुरू हो गई है। शाम 05 बजे तक मतदान हुआ है। मतदान के दो घंटे में 9 बजे तक 11.8 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 11 बजे तक यानी शुरूआती चार घंटों में 27.1 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वही 01 बजे तक 43. फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दोपहर 03 बजे तक 58 प्रतिशत मतदान हो चुका था। लोकसभा में भंडरा प्रखंड की दो विधानसभाओं के कुल 54 बूथों में 3 यूनिक मतदान केंद्र भी बनाए गए था। इन मतदान केन्द्रों में सजावट के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा गया है। इस बार लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिसमें मुख्य मुकाबला भाजपा के समीर उरांव, निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा और कांग्रेस के सुखदेव भगत के बीच मुकबला है।


ईवीएम खराब रहने से इंतजार करते वोटर।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### ग्रीन फील्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

# शत-प्रतिशत रहा विद्यालय का रिजल्ट, 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पीहू कुमारी बनी विद्यालय टॉपर












प्रथम टॉपर पिहू कुमारी, द्वितीय टॉपर शिवम कुमार, तृतीय टॉपर रौनक कुमार, चतुर्थ टॉपर ऑफिया परवीन, पंचम टॉपर कृश कुमार

## शिवम कुमार दूसरा और रौनक ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा सोमवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष भी चंदवा स्थित ग्रीन फील्ड एकेडमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। ग्रीन फील्ड से कुल 74 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें 47 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। विद्यालय की पीहू कुमारी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त का विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल लिया। वहीं दूसरा स्थान शिवम कुमार 91.2 प्रतिशत, तीसरा स्थान रौनक कुमार 89 प्रतिशत, चौथा स्थान आफिया परवीन 88.8 प्रतिशत, पांचवा स्थान कृष कुमार 88.6 प्रतिशत, छठा स्थान आराध्या कुमारी 87.4 प्रतिशत, सातवां स्थान उषा रानी 87.2 व नेहाल कुमार 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया। स्कूल के संचालक अरविंद सिंह, प्राचार्य उदय नारायण कपूर व आनंदी सोरेंग ने बताया कि विद्यार्थियों की अच्छी मेहनत व शिक्षकों के संगठित प्रयास से यह मुकाम हासिल हुआ है। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

**पीहू कुमारी:-** मेन रोड स्थित हिंदुस्तान होटल के संचालक मिथिलेश प्रसाद की पुत्री पीहू कुमारी जो 92.2 % लाकर टॉप की है, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता-पिता को दिया है। अपने जूनियर के लिए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करने से सफलता अवश्य मिलेगी, कठिन परिश्रम जरूरी है।

**शिवम कुमार:-** विजेंद्र भारती के पुत्र शिवम कुमार 91.2% लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिवम कुमार ने कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का नतीजा है कि रिजल्ट अच्छा हुआ। आगे भी बेहतर करने का प्रयास करूंगा। अपने से जूनियर के लिए कहा कि लगन और परिश्रम के साथ पढ़ाई करने की आवश्यकता है, तभी सार्थक रिजल्ट मिलेगा।

# सीबीएसई 10वीं के परीक्षाफल में ग्लिटर त्रिवेणी स्कूल की कृति बनी प्रखंड टॉपर

## ग्रीन फील्ड की पीहू ने दूसरा स्थान किया हासिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12 वी एवं 10 वी बोर्ड का परीक्षाफल सोमवार को जारी कर दिया गया। चंदवा में सीबीएसई 10 वीं में स्थानीय विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

बताते चलें कि चंदवा प्रखंड में ग्रीन फील्ड अकादमी एवं ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दसवीं की पढ़ाई करवाई जाती है। ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल की छात्रा कृति अग्रवाल ने 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इनके पिता बिनोद अग्रवाल ने पुत्री की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। ग्रीन फील्ड अकादमी की छात्रा पीहू कुमारी ने 92.2 परसेंट मार्क्स लाकर दूसरे स्थान पर काबिज होकर स्कूल का नाम रौशन की है। टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। पीहू के पिता मिथलेश प्रसाद एवं मां ने बेटी की इस प्रदर्शन से काफी हर्षित है। त्रिवेणी स्कूल के छात्र पीयूष रंजन ने 91.6 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। पीयूष की पिता दिलीप प्रसाद माता किरण देवी ने पुत्र की इस सफलता पर हर्षित है।



प्रखंड टॉपर कृति

### एक नजर में

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के इटके ग्राम में रविवार की देर शाम मोटरसाइकिल से गिरकर राजमोहन उरांव 30 वर्ष पिता किशुन उरांव ग्राम कटहल टोंला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार राजमोहन उरांव किसी कार्य को लेकर बैठक गांव में किया गया था एवं वहां से वापस आने के दौरान इटके ग्राम के समीप असंतुलित होकर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया।

## सर्पदंश से वृद्ध अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखण्ड के चिरु ग्राम में सर्पदंश से अब्दुल करीम उम्र 55 वर्ष पिता मो.शमसुद्दीन ग्राम जाला थाना बालूमाथ निवासी अचेत हो गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार अब्दुल करीम धर्म के प्रचार के लिए तबलिकि जमात में चिरु ग्राम गया हुआ था। जहां सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से अब्दुल करीम को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक ने बरवाडीह के मतदाताओं से अपने पक्ष में मांगा वोट

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय युवा प्रत्याशी डॉ.अभिषेक कुमार सिंह ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ बरवाडीह प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदाताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में वोट मांगा। उन्होंने बताया कि 20 मई को ईवीएम में 15 वें नंबर पर चुनाव चिन्ह बाल्टी छाप पर वोट देकर हमें इस बार सेवा करने का मौका दें। वहीं खबर मंत्र से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह विगत तीन वर्षो से चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता का सेवा करते आ रहे है। हमारा मुख्य फोकस संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास पर है, जो आज तक किसी भी सांसद ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष कार्य किया जाएगा। पलायन पर रोक लगाने के लिए रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर काम किया जाएगा। वहीं शांत और सभ्य समाज का निर्माण करना उनकी प्राथमिकता है। डॉ.अभिषेक ने कहा कि यहां के नेतृत्वकर्ता आलसी और कमजोर है। यहां के नेता जीतकर दिल्ली और रांची में बैठ जाते है। उनका खुद का ऐसा व्यक्तित्व नहीं है कि वह क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रख सकें और जनता के अधिकार को यहां ला सकें। मेडिकल कॉलेज की स्थापना, इंजीनियरिंग कॉलेज, ट्रामा सेंटर और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो आवासीय विद्यालय हो ऐसी हमारी सोच है। बगल का पलामू, गढ़वा, लोहरदगा और हजारीबाग जिला डेवलप कर रहा है, लेकिन चतरा का विकास नहीं हो पा रहा है, इसलिए जो पचास सालों में नहीं हो पाया वह करके हमें दिखाना है। हमें सिर्फ सांसद नहीं बनना बल्कि इतिहास लिखना है। वहीं अधूरे पड़े मण्डल डैम और चिरमिरी लाइन के सवाल पर डॉ.अभिषेक ने कहा कि यहां तो लोग पार्टी के नाम पर वोट लेकर सांसद बन जाते है, लेकिन उनमें सदन में बुलंदी से आवाज उठाने और कन्वेंस करने की शक्ति नहीं होती है।

## पूर्व विधायक पहुंचे मृतक के घर, परिजनों को बंधाया ढांढ़स, दिया आर्थिक सहयोग

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत चुंबा ग्राम निवासी अजय गंझु के आक्समिक मृत्यु की सूचना पाकर पुर्व विधायक प्रकाश राम मृतक के घर पहुँचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की व दुख के इस घड़ी में शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया एवं दशकर्म के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग किया। साथ ही हर संभव मदद करने का भी आश्वाशन दिया। ज्ञात हो कि मृतक अजय गंझु का 9 मई को आकस्मिक निधन हो गया था। अजय गंझु के माता-पिता का निधन पुर्व मे निधन हो गया था। अजय गंझु बिल्कुल गरीब परिवार का एक मात्र कमाउ सदस्य था। उसके आकस्मिक निधन से उनके परिवार विल्कुल बेसहारा हो गए हैं। मृतक अपने पिछे पत्नी सुनिता देवी 29 वर्ष पुत्र राजकुमार गंझु 13 वर्ष पुत्री फुलमतीया कुमारी 10 वर्ष व पुत्री शोहबतीया कुमारी 08 वर्षको अपने पिछे छोड़ गये है। उक्त सभी परिवार से पूर्व विधायक प्रकाश राम मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर बिनोद गंझु, योगेंद्र गंझु, देवनंदन साव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## राज्यसभा सांसद सह झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई का आगमण पर स्वागत

**हेरहंज।** हेरहंज मंडल में राज्यसभा सांसद सह झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई का आगमण पलामू जाने के क्रम में हुआ। आगमण पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया साथ में भाजपा कार्यकताओं ने गरम जोशी से स्वागत किया। वहीं राष्ट्रीय यादव सेना के अध्यक्ष राहुल यादव ने भाजपा को वोट देने की यादव समाज से अपील की। हेरहंज मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जयसवाल की अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई। साथ ही भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सामूहिक फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य रूप से चतरा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह चतरा लोकसभा के सह संयोजक अशोक शर्मा, मंडल के प्रभारी बृजमोहन राम, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जयसवाल, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष, कैलाश कुमार ठाकुर, अजय सिंह, विजय गुप्ता, महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, कन्हाई साहू, सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, मंडल कोषाध्यक्ष मनोज यादव, भाजयुमो अध्यक्ष अवधेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डू वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष परमेश्वर विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी ऋतुराज जयसवाल सभी बूथ अध्यक्ष साथ ही सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भाजपा चुनावी कार्यालय के उद्घाटन में मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने विभिन्न क्षेत्रो में किया दौरा



दौरा करते केएन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** चतरा लोस क्षेत्र के कांग्रेस महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सोमवार को बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी,कुटमू शिव मंदिर स्थित पुजा अर्चना, सरईडीह शिव मंदिर स्थित पुजा अर्चना, पोखरी कलां बजार स्थित मंदिर में पुजा अर्चना करते हुए उन्होंने पोखरी कलां बरामदा चौंक, कोलपुरवा, पोखरी खुर्द बेतला, केड, गांडी, छिपादोहर समेत कई अन्य जगहों पर अपने महागठबंधन कार्यकताओं नेताओं से मिल आशिर्वाद मांगा। साथ ही क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलकर चतरा लोस क्षेत्र में एक बार सांसद बनाने की उन्होंने अपील की। इस दौरान महागठबंधन में राजद, कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा माले सभी महागठबंधन के नेता कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण शामिल हुए। वहीं चतरा लोस क्षेत्र के कांग्रेस महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने केचकी से कुटमू तक मुख्य सड़क से मोटरसाइकिल रैली किया। जहां जनताओ का अपार समर्थन मिल रहा है। इस दौरान पोखरी कलां में हाजी मुमताज अली, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू,झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी,राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, मोजिमुल रहमान मुन्ना, नकुल त्रिपाठी,उप मुखिया सुल्तान अहमद,जय प्रकाश कुमार रजक, रंजीत कुमार राजू, गुलामे रजा समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तीन माह से चापानल खराब, विद्यार्थी परेशान

**बारियातू।** सरकारी विद्यालयों मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों की ठहराव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है मगर कुछ व्यवस्थागत खामियों के कारण भलीभूत नहीं हो रहा है। शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला नावाडीह मे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का चापानल पिछले तीन माह सें खराब पड़ा हुआ है। जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पेयजल के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। तीन माह बीत जाने के बाद भी विभाग अबतक पहल नहीं किया है जिसके कारण मध्याहन भोजन बनाने के लिए काफी दूर से पानी लाकर व्यवस्था करना पड़ रहा है। इधर भीषण गर्मी मे विद्यालय के बच्चों को पेयजल के लिए इधर सें उधर भटकना पढ़ रहा है। इस विद्यालय मे मात्र एक चापानल है लेकिन वह भी खराब पड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति मे विद्यालय के नामांकित बच्चें आसपास के घरो व कुआँ सें अपना प्यास बुझाने को बिवश है। साथ मे रसोइया को माध्यभोजन बनाने मे काफी समस्या बढ़ी हुई है। बच्चों को पानी के लिए कुआँ से पानी भरना पड़ता है जिससे बड़ी घटना होने की सम्भवना बनी रहती है।

# पीएमजीएसवाई से बनाए जा रहे सड़क में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश

### स्थानीय लोगों का आरोप, घटिया सीमेंट से की जा रही है पीसीसी ढलाई

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यस्थल पर हंगामा करते स्थानीय लोग

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत गढ़वाटांड़ मोड़ से संत क्लारेट स्कूल लेदगाई होते हुए लुहुर तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने कार्यस्थल पर पहुंच जमकर हंगामा किया। लोगों का कहना था कि योजना के तहत किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं यह योजना कितने की लागत से बनाई जा रही है, इसका प्राकलन क्या है, इसकी जानकारी भी गुप्त रखी गई है। जिससे योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे है। सड़क की ढलाई मुंशी की देखरेख में कराई जा रही है, विभाग के जेई भी कार्यस्थल पर मौजूद नहीं है। लोगों ने बताया कि पीसीसी की ढलाई करके छोड़ दिया जा रहा है, पानी नहीं पटाए जाने से सड़क की मजबूती पर असर पड़ सकता है। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी संत क्लारेट स्कूल के बच्चों और स्कूली वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है।

इस पूरे मार्ग के बीच लेदगाई गांव में संत क्लारेट स्कूल है, और संवेदक द्वारा विद्यालय जाने वाले दोनों मार्गो को अवरूद्ध कर दिया गया है। एक ओर जहां सड़क की ढलाई का कार्य फिलवक्त गढ़वाटांड़ आबादी वाले इलाके में किया जा रहा है। जिस कारण यह मार्ग वाहनों के लिए पूरी तरह अवरुद्ध है। वहीं दूसरी ओर छिपादोहर मार्ग से लेदगाई स्कूल की तरफ जाने वाले मार्ग को भी बीते लगभग एक सप्ताह पूर्व ही जेसीबी से उखाड़ कर छोड़ दिया गया है, जिसमें अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इससे स्कूली वाहनों और बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लेदगाई गांव में रहर के खेत से एक बाईपास तो बनाया गया है, जिसमें बारिश होने पर वाहन फंस जा रहें है, और धूप होने पर धूल की समस्या झेलनी पड़ रही है। इससे छिपादोहर मार्ग से भी स्कूल आने जाने में वाहन चालकों और बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह से सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग कर रहें है।

## चंदवा में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**चंदवा।** स्थानीय एसबीआई बैंक समीप सोमवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि संघ के राजेश चंद्र पांडेय व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने पंडित देवमणि वैद्य के सानिध्य में विधिवत पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत सभा का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता व संचालन आशीष सिंह ने किया। इस मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि इस बार का लोक सभा चुनाव चुनाव मात्र नही है बल्कि सत्य व झूठ की लड़ाई है। पूरा विपक्ष आज झूठ के बल पर जनता को गुमराह कर चुनाव जीतने की कोशिश कर रहा है वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी देश की तरक्की व उन्नति के लिए चुनाव लड़ रही है। हम सभी को फैसला करना है कि इंडी गठबंधन के फैलाये भ्रम जाल में फंसकर देश को पीछे ले जाना है या फिर भाजपा व मोदी के हाथों को मजबूत कर देश को अग्रणी बनाना है। इसके अलावे राजेश चन्द्र पांडेय, राजकुमार पाठक, महेंद्र प्रसाद साहू, लाल कौशल नाथ शाहदेव ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने दस वर्ष के कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ाने के साथ उन्नति का रास्ता प्रशस्त किया है। हम सभी को मिलकर पुनः एक बार फिर से भाजपा व नरेंद्र मोदी को सत्ता पर लाना ताकि देश ने जो विकास की रफ्तार पकड़ी है वह न रुक पाए। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत जनसंघ काल के भाजपाइयों व वरिष्ठ नेताओं को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित कर किया गया।

### प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कल्पना सोरेन ने की चुनावी सभा

# देश में आरएसएस की विचारधारा कार्य कर रही है, आरएसएस का एक ही विचारधारा है गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा को खत्म करना: खड़गे




हुंकार भरते इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष को स्वागत करते जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में एक चुनावी कार्यक्रम को लेकर आरागुंडी पंचायत के कुंदरी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश में आरएसएस की विचारधारा कार्य कर रही है। आरएसएस का एक ही विचारधारा है। गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा को खत्म करना। कहा कि देश की लोकतंत्र, संविधान बचाने के लिए देश में लंबी लड़ाई लड़नी है। उन्होंने आगे बताया कि हर चार घंटे में कपड़ा बदलने वाला देश का क्या भला करेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि देश की संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीता कर संसद भेजें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल इसलिए भेज दिया गया क्योंकि भाजपा के साथ उन्होंने गठबंधन नहीं किया। अगर उनके साथ गठबंधन कर लेती तो हेमंत सोरेन को जेल नहीं जाना पड़ता। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान बचाने की बात दर्जनों बार कह कर लोगों को इंडिया गठबंधन के साथ देने की बात कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि देश में वोट की लड़ाई नहीं चल रही है। स्वाभिमान बचाने की लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी है कि देश में दलित, पिछड़ा, आदिवासी, नारी शक्ति, किसानों को एमएसपी दी जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि चुनावी का हवा बदल चुका है। पिछले 10 सालों से जो जुमलेबाजी दी जा रही है। वह इस बार नहीं चलने वाला है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने जो भी वादा किया एक भी वादा को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक लाख 36 हजार करोड रुपए केंद्र सरकार के पास बकाया पैसा मांगने के बाद हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह गरीबों की आवाज है। जिसे जेल भेज कर नहीं दबाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि रोक दी, तो राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना लाकर गरीबों, जरूरतमंदों को पक्के घर बना रही है।

उन्होंने सभा से ही हुंकार भरते हुए कहा कि इस बार जुमलेबाजी की सरकार को भगा कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताये। लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि बीजेपी ईडी, सीबीआई का डर दिखाकर तानाशाही की सरकार चलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी, दलित, गरीब आदिवासियों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है। जो कभी नहीं होने दिया जाएगा। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आते ही अग्निवीर योजना को समाप्त किया जाएगा। देश में खाली 30 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगा। मनरेगा में मजदूरों को 400 मजदूरी दी जाएगी। जल, जंगल जमीन का अधिकार स्थानीय को दी जाएगी। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से यहां के भाजपा सांसद लोगों से दूरी बनाए रखें। मोदी के नाम से जीते, लेकिन यहां की जनता का एक भी कार्य नही किया। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यहां से जीत मिलती है तो युवाओं को रोजगार दी जाएगी। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, अरुण दुबे, बिट्टू पाठक, प्रभात कुमार, प्रमोद दुबे, हरिशंकर यादव, बली यादव, आफताब आलम, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, सुरेश गंझू, सीतमोहन मुंडा, असगर खान, साजन कुमार, हैदर अली, राजेश उरांव, ज्योति प्रकाश दूबे, फुलचंद यादव, संजय दुबे, हरिनंदन दूबे, दिपू सिन्हा, विनोद उरांव, पंकज तिवारी, मानस, अमित यादव, सुरेंद्र उरांव समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ के समीप राजेन्द्र चावल के मकान में सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। पंडित दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न कराया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी यादव, त्रिवेणी साव, रामजी सिंह, प्रेम गुप्ता समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए रामजतन साहू ने कहा की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हो जाने से अब यहां के भाजपा के लोगों को बैठने का स्थान मिल गया। हम सभी भाजपा कार्यकताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए नारे अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। भाजपा की सरकार में आज देश तरक्की की राह पर है। सड़को का जाल बिछा है, कई नए एयरपोर्ट खुले, एम्स, मेडिकल कॉलेज खुले, स्पीड ट्रेन वंदे भारत समेत कई ऐतिहासिक योजना देश को मिला। भाजपा सरकार के कारण ही आज राम मंदिर बन पाया व धारा 370 समाप्त हो पाया। इन सब बातों का ख्याल रखते हुए भाजपा को विजई बनाना है। मौके पर रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, नामेश्वर गुप्ता, अमित कुमार, लक्ष्मण कुशवाहा, संजय गुप्ता, सूरज शाह, मनोज यादव, त्रिवेणी यादव, संजय गुप्ता, सुनील पांडे, अर्जुन साहू, शिवनारायण साहू, विजय यादव, बबलू चौरसिया, अशोक साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# हाजीपुर की रैली में आरजेडी पर जमकर बरसे पीएम मोदी

## रामलिवास पासवान को याद कर हुए भावुक

**एजेंसी**



**हाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार दौरे पर हैं। हाजीपुर में एक जनसभा में उन्होंने विपक्ष पर जमकर सियासी हमला बोला। उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 10 वर्षों में जहां ईडी ने 35 लाख रुपए जब्त किए थे, वहीं एनडीए के 10 साल में 2200 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। यही कारण है कि चोरों की नींद उड़ गई है। हाजीपुर में लोजपा (रा) के प्रत्याशी चिराग पासवान के समर्थन में आयोजित रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस काल में जो रुपए जब्त किए गए उसे एक स्कूली बैग में ले जाया जा सकता है, जबकि एनडीए के शासनकाल में जो रुपए जब्त किए गए हैं, उसे ले जाने में 70 ट्रक लगेंगे। पीएम मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राम विलास पासवान की चर्चा करते हुए कहा कि यह पहला चुनाव है जब वे उनकी अनुपस्थिति में लड़ रहे हैं। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि महिलाओं और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता, जिसने भी ऐसा करने की कोशिश की, उसे लेने का देने पड़ जाएंगे। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के नाम लिए बिना कहा कि जो चारा घोटाले में सजा काटकर आए, वे कह रहे हैं कि मुस्लिमों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए। मोदी जब तक जिंदा है। एससी, एसटी और ओबीसी का हक कोई नहीं मार सकता। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि वह वक्त चला गया जब महिला आरक्षण के बिल फाड़ दिए गए थे। एनडीए सामाजिक न्याय की पहरेदार है। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन बनते ही पहला काम महिला आरक्षण पर किया।

## 55 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार की पांच सीटों पर 57 प्रतिशत मतदान

### कई दिग्गज नेताओं की किस्मत दांव पर

चौथे चरण की इन पांच सीटों पर कुल मिलाकर 55 उम्मीदवार मैदान में थे। इसमें 51 पुरुष प्रत्याशी और चार महिला प्रत्याशी हैं। जिनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। इस चरण में कई दिग्गज राजनेता जैसे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, सांसद गोपाल जी ठाकुर, विधायक ललित यादव, शांभवी चौधरी, सनी हजारी, पूर्व मंत्री आलोक मेहता जैसे दिग्गज नेताओं की किस्मत भी दांव पर लगी है।

### एक बूथ पर 1014 लोगों के वोटिंग की थी व्यवस्था

चौथे चरण के मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुल 9447 बूथ बनाये गये थे। सभी बूथों पर मतदान कराने के लिए कुल 11336 बैलेट यूनिट और 11336 कंट्रोल यूनिट और 12753 वीवीपैट तैनात किए गए थे। चौथे चरण में एक बूथ पर औसतन 1014 मतदाताओं को वोट देने की व्यवस्था की गयी थी।






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पांच सीटों पर शाम छह बजे तक 56.85 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, दरभंगा में शाम छह बजे तक 56.63 फीसदी, उजियारपुर में 56.00 प्रतिशत, समस्तीपुर में 58.10 फीसदी, बेगूसराय में 58.40 फीसदी और मुंगेर लोकसभा सीट पर शाम पांच बजे तक 55.00 फीसदी वोटिंग हुई। सभी पांच सीटों पर शाम छह बजे तक औसत कुल 56.85 फीसदी वोटिंग हुई। बिहार की पांच सीटों पर 55 उम्मीदवारों का किस्मत ईवीएम में कैद हो गया है। इस चुनाव में चार महिलाओं, 21 निर्दलीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टी के 14 प्रत्याशियों के अलावा 20 अन्य उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशान न हो इसको लेकर चुनाव आयोग की तरफ से सभी तरह के जरूरी इंतजाम किए गए थे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की 25, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट के लिए चुनाव का कार्य संपन्न हो गया।

## खबर एक नजर में

### सन्नी राज 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सीबीएसई बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी सीनियर सेकेंडरी के घोषित रिजल्ट में शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान और वाणिज्य संकाय में शानदार प्रदर्शन किया है। सन्नी राज वाणिज्य संकाय में 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना।

वहीं विज्ञान संकाय में आयुष्मान गुप्ता में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। समीरा अम्बर, वैष्णवी शाहदेव, सृष्टि आनन्द, आयुष राज, प्रतीक अग्रवाल, राहुल कुमार कुशवाहा, हेमन्त कुमार यादव, महालक्ष्मी ने अपना रैंक क्रमशः बनाए रखा। इस सफलता पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने बच्चों की मेहनत और लगन, शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अभिभावकों की सच्ची निष्ठा बताया है। उन्होंने कहा कि अगले सत्र में विद्यालय इससे अच्छा तिमान स्थापित करेगा।

### कांपती होठों एवं थरथराती बदन के बावजूद बड़ी संख्या में बुजुर्गो ने दिया वोट

**गढ़वा।** लोकतंत्र का महापर्व तब और जीवंत हो गया जब 90 पार के बुजुर्ग अपनी कांपती होठों एवं थरथराती बदन की परवाह किये बिना व्हील चेयर पर बैठकर मतदान केंद्र पर पहुंच गये। यह यथार्थ केवल एक-दो बुजुर्ग का नहीं था। बल्कि 100 से ज्यादा बुजुर्गों पर अपने अतुल साहस का परिचय देते हुए अपनी एक वोट की ताकत को ईवीएम में दर्ज कराया। ऐसे मतदाताओं का बूथ पर स्वागत किया गया। उसे आशीर्वाद दिया गया एवं उन्हें वोट देने के लिए सुविधा प्रदान किया गया।


व्हील चेयर पर मतदान करने जाती वृद्धा

# मोबाइल की रौशनी में कराया गया मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सोनपुरवा स्थित शालीग्राम मध्य विद्यालय में चार बूथ स्थापित किये गये थे। बूथ सं 141 की वोटिंग सात बजे शुरू नहीं हो सकी। मशीन में गड़बड़ी के कारण लगभग एक घंटा विलंब से वहां वोट शुरू किया गया। यहां बूथ पर मतदाताओं की काफी भीड़ लगी रही, लेकिन वोटिंग धीमी गति से ही होती रही। इसी बूथ पर शाम चार बजे मतदान कर्मी को अपनी मोबाइल की रौशनी में मतदान कराते देखा गया। शाम साढ़े बजे तक इस बूथ पर 100 से ज्यादा मतदाता वोट करने के लिए कतार में खड़े थे। यही हाल बूथ सं 143 की भी थी। वहां भी 100 से ज्यादा मतदाता पंक्तिबद्ध थे और अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।


मोबाइल की रौशनी में मतदान कराते मतदान कर्मी

## लोकतंत्र के महापर्व में दिखा गजब का उत्साह

# गढ़वा जिले में 62.43 प्रतिशत हुआ मतदान

### वोट देने के लिए कतार में मंत्री एवं उनके परिवार



वोट देने के बाद डीसी


वोट करने के बाद एसपी


वोट देने के लिए कतार में खड़े मतदाता


पत्नी और बेटी के साथ कतार में खड़े मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव सोमवार को पलामू लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हो गया। शाम पांच बजे तक गढ़वा जिले में 6243 प्रतिशत का रिकार्ड मतदान दर्ज किया गया। इस चुनाव में पदाधिकारी हो या मंत्री महिला हो या युवा दिव्यांग हो या बुजुर्ग सभी ने बड़ी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के कुछ बूथों को छोड़ दे तो सुबह सात बजे मतदान कार्य शुरू हो गया था। मतदान केंद्र खुलने के पूर्व से ही कई बूथों पर 100 से ज्यादा लोग वोट देने के लिए कतार में खड़े हो गये थे। सूबे के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अपनी पत्नी चंचल ठाकुर एवं पुत्री प्रत्यक्षा ठाकुर के साथ आम मतदाता की तरह पंक्तिबद्ध होकर उमवि कल्याणपुर बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक पांडेय वोट देने के बाद स्याही से रंगे अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का ताकत है और उस ताकत का मालिक मतदाता हैं। पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को अपनी ताकत का सही प्रयोग करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने सभी कार्यों को छोड़कर पहले मतदान करने की अपील की। जिले में वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो सुबह नौ बजे तक गढ़वा विस क्षेत्र में 109 प्रतिशत एवं भवनाथपुर विस क्षेत्र में 1207 प्रतिशत, 11 बजे तक गढ़वा विस क्षेत्र में 2631 प्रतिशत वहीं भवनाथपुर विस क्षेत्र में 2820 प्रतिशत, एक बजे अपराहन तक गढ़वा विस क्षेत्र में 4065 एवं भवनाथपुर विस क्षेत्र में 4457 प्रतिषत, तीन बजे अपराह्न तक गढ़वा विस क्षेत्र में 5582 प्रतिशत एवं भवनाथपुर विस क्षेत्र में 5659 प्रतिशत यानि कुल मिलाकर 5621 प्रतिशत मतदान संपन्न कराया गया। शाम पांच बजे तक गढ़वा विस क्षेत्र में 6274 प्रतिशत एवं भवनाथपुर विस क्षेत्र में 62.11 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मिलाकर दोनों विधानसभा क्षेत्र में 6243 प्रतिशत मतदान कराया गया। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा में पड़ने वाले अंश भाग भंडरिया प्रखंड, बड़गड़ प्रखंड एवं विश्रामपुर विधासभा क्षेत्र के अंश भाग मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड का मतदान प्रतिशत पलामू जिले में दर्ज की गई है।

### 100 वर्ष के बाबा ने दिया वोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के 100 वर्षीय वृद्ध मतदाता रामसरीख पाण्डेय ने मसूरिया कला बूथ संख्या 270 पर पहुंच कर मतदान किया। उन्होंने जिले के अन्य मतदातओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया।


वोट देने पहुंचे रामसरीख पांडेय

### साइंस में मुस्कान जिला टॉपर, कॉमर्स में अनुश्री स्कूल टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल डीएवी के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। साइंस में मुस्कान कुमारी 94.8 प्रतिशत लाकर जिला टपर बनी। वहीं प्रिया ने 94.4 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी ने 932 प्रतिशत अंक प्राप्त की। जबकि कमर्स में कुमारी अनुश्री सिंह 76 प्रतिशत लाकर स्कूल टपर बनी। जबकि प्रियांशी कुमारी 62.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय, युवराज कुमार 62 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बााई दी तथा उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# वोट के लिए नहीं की धूप की परवाह, घंटे रहे खड़े

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में संपन्न लोकसभा चुनाव में जहां एक ओर मतदाता इस चिल चिल्लाती धूप में लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वही बुजुर्ग महिला, पुरुष एवं विकलांग भी पीछे नहीं रहे। सभी ने खुलकर अपने मत का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के दौरान ज्यादातर मतदान केंद्रों पर मतदाता उत्साहित दिखे। इस चिलचिलाती धूप में भी मतदाता कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये।


वोट देने पहुंची वृद्धा

### वज्रपात से एक युवक व बकरी की मौत

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरिहरपुर सोन के डिला में वज्रपात से रामचन्द्र चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र कइल चौधरी व एक बकरी की मौत हो गई। जबकि नवलेश चौधरी की पत्नी तेतरी देवी घायल हो गई। घायल का इलाज कांडी स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है। डॉ शब्द प्रकाश सिन्हा ने बताया कि मरीज सामान्य है। घायल तेतरी देवी के परिजनों ने बताया कि हमलोग सोन नदी के डिला में खेती का काम तथा बकरी चरा रहे थे। अचानक वज्रपात होने से तेतरी देवी घायल हो गई।

### नवविवाहित दंपति ने फांसी लगाकर दी जान

**पूर्णिया।** पूर्णिया के मीरगंज थाना क्षेत्र के बघवा गांव में एक नव दंपति ने अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों के अनुसार दोनों में आपसी विवाद हुआ था और पत्नी रूठ कर अपने कमरे में जाकर सो गई थी। मां ने खाना बनाने को कहा और परिवार जनों के साथ खेत पर चली गई। पति का नाम रिशु कुमार और पत्नी का रंजना उर्फ रंजू देवी है। दोनों की शादी 6 महीना पहले अक्टूबर में हुई थी। परिजन के अनुसार रविवार की सुबह दोनों में अनबन हुई थी। पहले रिशु ने जाकर फंदे से लटक कर जान दे दी। इसे देख पत्नी ने भी जाकर फंदे से लटक गई और अपनी जान दे दी। पत्नी ने कहा था कि जब मेरे पति ही नहीं रहे तो मैं जी कर क्या करूंगी।घटना की सूचना पर मीरगंज थाना की पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच कर हर दृष्टिकोण से जांच किया। परिजन के अनुसार शाम करीब 6 बजे जब हमलोग खेत से अपने घर लौटे तो बेटे को खोजा। कमरे में सो रही बहू को उठाकर बेटे को बुलाने को कहा। बहु जब अपने पति को उठाने गई तो कमरा बंद था।

# मझिआंव में वोट का बहिष्कार, आश्वासन के बाद शुरू हुआ मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** अंचल सह मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 बीरबंधा गांव के ग्रामीणों ने बीरबंधा गांव को नगर पंचायत क्षेत्र से अलग करने को लेकर वोट का बहिष्कार कर दिया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीरबंधा बूथ संख्या 139 पर वोट बहिष्कार की सूचना पाते ही जोनल मजिस्ट्रेट विजय कुमार राय, सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शंभू राम, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दलबल के साथ पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात पदाधिकारी ने ग्रामीणों संग बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीण रूकमांगद पाठक, संजय पाठक, फुलेश्वर चौधरी, नागेश्वर चौधरी, चित्रांगद पाठक, रमेश चौधरी, इंकलेश चौधरी सहित अन्य मतदाताओं ने कहा कि बीरबंधा गांव बिल्कुल ग्रामीण क्षेत्र है, जहां पर सिर्फ किसानों का बसेरा है। यहां के लोगों का मुख्य पेशा खेती है। नगर पंचायत बनने से पूर्व इस गांव का निरीक्षण नहीं किया गया और नगर पंचायत के कोरम को पूरा करने के लिए इस गांव को शामिल कर लिया गया है। शहरी क्षेत्र होने के कारण यहां फसल बीमा नहीं किया जाता। फसल सुखाड़ राहत नहीं दिया जाता। पीएम किसान योजना लागू नहीं हो सकता। वन जीव द्वारा फसल नष्ट करने की शिकायत करने के बाद वन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा बोला जाता है कि आप लोग शहरी क्षेत्र में है। कृषि संबंधी कोई भी सुविधा नहीं मिलता है। यहां तक की सरकार को धान तक नहीं बेच सकते। सिंचाई संबंधी कुआं, ट्यूबवेल, चापानल, बोदर, आहार एवं पोखर ये सभी योजनाएं यहां लागू नहीं होती। जबकि कृषि प्रधान इस गांव में इसी की प्रमुखता है। कहा कि इस संबंध में पूर्व में हम सभी ग्रामीण जिला प्रशासन एवं हर स्तर से जनप्रतिनिधियों से प्रार्थना कर थक चुके हैं लेकिन आज तक कोई नहीं सुना। जिसके कारण बाय होकर हम सभी ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से चुनाव नहीं करने का निर्णय लिया है। सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ने सभी ग्रामीण एवं तमाम मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें। मैं आप सभी की समस्या को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के पास भेज कर समस्या का समाधान का पहल किया जाएगा। इसके पश्चात ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सीओ को एक लिखित आवेदन दिया। इसके पश्चात दो घंटा विलंब नौ बजे से ग्रामीणों ने वोट देना शुरू कर दिया।


मतदान केंद्र पर मतदाताओं को समझाते पदाधिकारी

### भगवा गमछा देख भड़के कार्यपालक पदाधिकारी, बुथ पर कार्यपालक एवं विधायक प्रतिनिधि के बीच हुआ विवाद

**मझिआंव।** लोकसभा चुनाव में सोमवार को अंचल क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित बुथ संख्या 146,147 राजकीय मध्य विद्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार पर विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी के द्वारा मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत की गई है। वहीं उपस्थित मतदाता बब्लू कुमार पटवा, उमाशंकर प्रसाद, सर्वोत्तम कुमार, जितू राम, मनीष गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने कार्यपालक के कार्य शैली को लेकर विरोा जताया है। मतदाताओं ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा भगवा गमछा देख कर मतदान केंद्र से बाहर निकाल दिया। बबलू पटवा ने कहा कि पदाधिकारी के द्वारा इस तरह से व्यवहार ठीक नहीं है जबकि हम लोग धूप में घर से वोट देने आए लेकिन यहां हम लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इस संबंध में उपायुक्त के लिए लिखे आवेदन में लिखा गया है कि कार्यपालक पदाधिकारी लगभग 10:30 बजे बुथ पर पहुंचे, पहुंचते ही चिलचिलाती धूप में भगवा गमछा ओढ़े हुए लोगों को बाहर भागना शुरू कर दिया, तथा एजेंट को भी भला-बुरा उन्होंने कहा।

# नये मतदाताओं को किया गया सम्मानित


वोट देने के बाद नये मतदाता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में बड़ी संख्या में नये मतदाताओं ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उत्साह से भरे युवा मतदाताओं को चुनाव आयोग की ओर से फूल देकर सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साह वर्द्धन किया गया। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका से उन्हें अवगत कराते हुए मतदान के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेष दिया गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण व सुदरवर्ती क्षेत्र में 108 एंबुलेस एमरजेंसी बहाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण व सुदरवर्ती क्षेत्र में 108 एंबुलेस सेवा पूरी चुनाव प्रक्रिया तक एमरजेंसी बहाल रहा। वैसे लोग जो बीमार दुर्घटना सहित अन्य मरीजों को 108 एंबुलेंस की सेवा मिला। इस संबा में सिविल सर्जन ड अशोक कुमार ने कहा कि लोक सभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव परक्रिया में कोई परेशानी न हो जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी फस्ट हेड कीट लेकर अपनी ड्यूटी में तैनात किए गए है।

## पेज एक का शेष

### भाजपा झूठों की...

उन्होंने लोगों से अपील की कि बस आप हमें आशीर्वाद दें हम दूबे जी नहीं जो कहते हैं जनता के बीच नहीं जाऊंगा, हम भगवान के पास जायेंगे। वहीं झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कि यहां आई भीड़ यह बता रही है कि झारखंड की सभी सीट पर हम जीत रहे हैं। आज झारखंड में जिन चार सीटों पर चुनाव हुए वहां की रिपोर्ट है कि उनके पास ये सीटें आ रही हैं। सांसद विजय हांसदा ने कहा कि हेमंत सोरेन ने हारना नहीं लड़ना स्वीकार किया। आज वो जेल से लड़ सकते तो हम बाहर होकर क्यों नहीं लड़ सकते हैं। राज्य की सभी 14 सीट जीतकर दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएंगे और हेमंत सोरेन को बाहर लायेंगे। सभा को पूर्व सांसद बिहार प्रभारी फुरकान अंसारी की बेटी शबाना खातून और कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव दीपिका पांडेय सिंह ने संबोधित किया।

### इस बार नहीं बन रही भाजपा ...

इस बार भाजपा की सरकार बनती है तो अगली बार चुनाव भी नहीं होगा। मोदी की तानाशाही के कारण संविधान भी खतरे में पड़ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पीएम को देश को यह बताना चाहिए था कि उन्होंने क्या काम किया। कितनी नौकरी दी। किसानों की आमदनी दोगुनी हुई या नहीं, काला धन वापस आया या नहीं। पीएम मोदी 56 इंच का सीना की बात करते हैं, लेकिन जनता को पेट भरने के लिए खाना और हर हाथ को काम की बात नहीं करते हैं। खड़गे ने कहा कि यह एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है। यह चुनाव देश के लिए महत्व रखता है। कांग्रेस की सरकार आएगी तो रोजगार देना पहली प्राथमिकता होगी।

# सीबीएसई की दसवीं, बारहवीं की परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी

## दसवीं में 94.75, बारहवीं में 91.52 प्रतिशत छात्रायें सफल, तिरुवनंतपुरम रीजन टॉप पर, गुवाहाटी सबसे पीछे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सीबीएसई की ओर से सोमवार घोषित किये गये नतीजों के अनुसार दसवीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं बारहवीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण हुयी हैं, जबकि बारहवीं की परीक्षा में 85.12 प्रतिशत और दसवीं की परीक्षा में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। इस साल कुल 93.60 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं. सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी है. 94.75 प्रतिशत छात्राएं पास हुईं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कियों से 2.04 प्रतिशत कम है. इस साल सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 22,38,827 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 20,95,467 छात्र सफल हुए हैं। 10वीं कक्षा में कुल 93.60 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं. इस साल 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 22,38,827 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 20,95,467 पास हुए। वहीं, 47,000 से अधिक छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि दो लाख से अधिक छात्रों का रिजल्ट 90 प्रतिशत से अधिक है. तिरुवनंतपुरम रीजन में सबसे अधिक 99.75 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं. गुवाहाटी में सबसे कम 77.94 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं. दिल्ली क्षेत्र में 98.61 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। 12वीं कक्षा के लिए 16 लाख 33 हजार 730 परीक्षार्थी पंजीकृत थे. इनमें से 16 लाख 21 हजार 224 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 14 लाख 26 हजार 420 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कुल 87.98 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा है।



### लड़कियों का परीक्षा परिणाम 91.2 फीसदी

परीक्षा परिणाम पर गौर करें तो लड़कियों का परीक्षा परिणाम 91.2 फीसदी रहा है जो गत वर्ष 90.68 फीसदी था। वहीं लड़कों का परीक्षा परिणाम 85.12 फीसदी रहा है। गत वर्ष 84.67 फीसदी था. जबकि ट्रांसजेंडर का परिणाम 50 फीसदी रहा है जो गत वर्ष के मुकाबले 10 प्रतिशत कम रहा है। बता दें कि इस बार देश भर के 17 रीजन में 18 हजार 417 स्कूल है. 1 लाख 16 हजार 145 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 24 हजार 68 विद्यार्थियों ने 95 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

### सबसे बेहतर परिणाम त्रिवेंद्रम का

सीबीएसई बोर्ड के देश भर में 17 रीजन है। इनमें त्रिवेंद्रम रीजन का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा है। यहां 99.91 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा है, जबकि प्रयागराज रीजन का परीक्षा परिणाम सभी रीजन में कम रहा है. यहां 78.25 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा है। रीजन वाइज परिणाम पर गौर करें तो त्रिवेंद्रम रीजन में 99.91 फीसदी, विजयवाड़ा रीजन में 99.04 फीसदी, चेन्नई रीजन में 98.47 फीसदी, बेंगलुरु में 96.95 फीसदी, दिल्ली वेस्ट में 95.64 फीसदी, दिल्ली ईस्ट रीजन में 94.51 फीसदी, चंडीगढ़ रीजन में 91.09 फीसदी, पंचकूला रीजन में 90.26 फीसदी, पुणे रीजन में 89.78 फीसदी, अजमेर रीजन में 89.53 फीसदी, देहरादून में 83.82 फीसदी, पटना में 83.59 फीसदी, भुवनेश्वर रीजन में 83.34 फीसदी और भोपाल रीजन में 82.46 फीसदी, गुवाहाटी 82.05 फीसदी, नोएडा रीजन 80.27 फीसदी और प्रयागराज रीजन का रिजल्ट सबसे 78.25 फीसदी रहा है।

### 16 से अंकों के सत्यापन के लिए ऑनलाइन आवेदन

बोर्ड के अनुसार परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी अपने अंकों के सत्यापन के लिए 16 मई से बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यदि इस दौरान किसी विद्यार्थी के अंकों में वृद्धि पाई जाती है तो उसे नई अंक तालिका जारी की जाएगी। साथ ही पुरानी अंक तालिका को संबंधित रीजनल कार्यालय में जमा करवाना होगा।

### अगले वर्ष 15 फरवरी से होगी बोर्ड परीक्षाएं

सीबीएसई बोर्ड ने इस सत्र 2024-25 की परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी है। 15 फरवरी 2025 से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होगी।

### इतने विद्यार्थियों को लगा कंपार्टमेंट

सीबीएसई बोर्ड के अनुसार इस वर्ष 12वीं कक्षा की परीक्षा में 1 लाख 22 हजार 170 विद्यार्थियों के कंपार्टमेंट लगा है. गत वर्ष के मुकाबले यह आंकड़ा कम है. गत वर्ष 1 लाख 25 हजार 705 विद्यार्थियों के कंपार्टमेंट लगा था.

### मेरिट सूची नही हुई जारी

सीबीएसई बोर्ड ने इस बार भी परिणाम के साथ कोई मेरिट सूची जारी नहीं की है. बोर्ड का मानना है कि विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए ऐसा पिछले कुछ सालों से किया जा रहा है. इसके अलावा बोर्ड अपने विद्यार्थियों को प्रथम द्वितीय या तृतीय श्रेणी भी नहीं देता है. हालांकि बोर्ड उन 0.1 फीसदी परीक्षार्थियों को योग्यता प्रमाण पत्र जारी करेगा, जिन्होंने विभिन्न विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं।

### पूरक परीक्षा 15 जुलाई से होगी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा के परिणाम जारी करने के साथ ही पूरक परीक्षा की तिथि भी जारी कर दी गई है. 15 जुलाई से पूरक परीक्षाएं होंगी. आगामी दिनों में बोर्ड इसके लिए शेड्यूल जारी करेगा।

## स्पीड न्यूज

### चुनाव तुष्टिकरण बनाम संतुष्टिकरण के बीच : धामी

**देहरादून/महाराष्ट्र।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को महाराष्ट्र के पालघर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत सारी शक्तियां मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोकना चाहती हैं। यह चुनाव मुगल परस्त ताकतों को आईना दिखाने वाला चुनाव है। इस बार का चुनाव तुष्टिकरण बनाम संतुष्टिकरण के बीच है। महाराष्ट्र के पालघर से पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार डॉ हेमंत विष्णु सवरा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी हैं तो दूसरी ओर घमंडिया गठबंधन है।

### गुरुग्राम को लूटने वालों से पाई-पाई का हिसाब लेने का वक्त: राज बब्बर

**गुरुग्राम।** यहां अर्जुन नगर में आयोजित चुनावी जनसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राज बब्बर के लिए सभी 36 बिरादरी से सीधा संवाद करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां राज बब्बर को सुनने आस-पास दर्जन भर कालोनियों से जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर राज बब्बर ने मौजूदा सांसद और भाजपा सरकार पर जमकर हमले किए। राज बब्बर ने कहा कि आपके बीच जुमलेबाजी करने बहुत से लोग आएंगे, बड़ी-बड़ी बातें करेंगे, लेकिन अब इनके झांसे में नहीं आना है। यहां मूलभूत सुविधाएं देने के लिए हर साल हजारों करोड़ का बजट पास होता है, उस बजट की इस कदर बंदर-बांट होती है कि लोग मूल भूत सुविधाएं पाने को मजबूर हैं।

### भविष्य में पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा बन जाएगा: एस. जयशंकर

**मुंबई।** भारत सरकार के विदेश मंत्री और भाजपा नेता एस. जयशंकर ने सोमवार को मुंबई में कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण भविष्य में पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा बन जाएगा। एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की आतंकियों के खिलाफ जबरदस्त लड़ाई के चलते देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पूरी तरह से आतंकवाद से मुक्त हो गई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों का प्रचार करने मुंबई आए थे।

### 115 वर्ष की महिला ने किया मतदान

**शुजालपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण मध्य प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों में सोमवार सुबह 7 बजे से देर शाम तक मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दिन लोकसभा चुनाव का माहौल शांति के साथ सुरक्षा बल की चौकस निगाहों पर निर्भर रहा। 13 मई का दिन लोकतंत्र का उत्सव चौथे चरण का मतदान सुबह से लेकर शाम तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान केंद्र पर मतदान कर्मियों के साथ पुलिसकर्मी, मतदान कर्मी, केंद्र पर सजावट, सेल्फी प्वाइंट, पानी की व्यवस्था रही, दिन भर मतदाताओं को घर निकालने के लिए प्रयास राजनीतिक दल के कार्यकर्ता करते रहे।

## वाराणसी के रोडशो में उमड़ी भीड़ से पीएम मोदी गदगद, कहा

# आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया

**एजेंसी**

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से तीसरी बार नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र में रोड शो और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। रोड शो में उमड़ी भीड़ से पीएम मोदी गदगद नजर आए। लंका से काशी विश्वनाथ मंदिर तक की छह किलोमीटर की दूरी करीब ढाई घंटे में पूरी करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रोड शो की तस्वीरें साझा करते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। काशीवासियों का वंदन करने के साथ बताया कि तीसरे कार्यकाल में क्या करना है। इसके साथ ही कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा। कहा कि इन लोगों ने आस्था की नगरी की लगातार उपेक्षा की है। पीएम मोदी मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।





इससे पहले अस्सी घाट पर गंगा स्नान और काल भैरव मंदिर में दर्शन करेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी पहली पोस्ट में रोड शो की चार तस्वीरों के साथ लिखा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी की देवतुल्य जनता-जनार्दन का नमन और वंदन! आज मेरा रोम-रोम काशी के कण-कण का अभिनंदन कर रहा है। रोड शो में आप सबसे जो अपनत्व और आशीर्वाद मिला है, वो अकल्पनीय और अतुलनीय है। मैं अभिभूत और भावविभोर हूं! आपके स्नेह की छांव में 10 वर्ष कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। तब मैंने कहा था कि मां गंगा ने मुझे बुलाया है। आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे जब-जब काशी आने का सौभाग्य मिला, हर बार आपने पलक-पांवड़े बिछाए हैं। इस बार यहां के बच्चों से बुजुर्गों तक और नारीशक्ति से मेरे युवा साथियों तक, सभी ने बढ़-चढ़कर जो भागीदारी की है, वह सदा के लिए मेरे हृदय-पटल पर अंकित रहेगी। अपनेपन की यह प्रगाढ़ भावना मुझे अपनी काशी और यहां के परिवारजनों की ज्यादा से ज्यादा सेवा के लिए असीम ऊर्जा प्रदान करेगी। कहा कि बीते 10 वर्षों में आप सभी के सहयोग और सहभागिता से काशी के कायाकल्प में मैंने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। आज बाबा विश्वनाथ धाम कॉरिडोर देश की गरिमा के अनुरूप काशी की पहचान की भव्य-दिव्य झांकी बना है। हमने एक दशक में रेल, रोड और एयर नेटवर्क का विस्तार हो या अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, शिक्षा-स्वास्थ्य और स्वच्छता से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट तक कई अभूतपूर्व काम किए हैं।

## मुंबई में आंधी ने मचाया कोहराम

# तीन की मौत, 59 घायल

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सोमवार को जोरदार आंधी ने हिला डाला। धूल भरी इस आंधी के चलते लोग जहां के तहां फंस गए और कई जगहों पर ट्रैफिक बाधित रहा। कहीं पेड़ गिर गए तो कहीं बैनर और बिलबोर्ड्स आदि आंधी में नीचे आ गिरे। एक तरह ऐसा ही बड़ा बिलबोर्ड गिरने के चलते 3 लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हैं। साथ ही 100 से ज्यादा अंदर फंसे बताए जा रहे हैं। इस आंधी के चलते पूरे शहर में ही धूल की चादर सी दिखाई दी और अंधेरा छा गया। इस आंधी के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बिलबोर्ड गिरने की घटना मुंबई के घाटकोपर इलाके की है। इसमें कई लोग दबे हुए हैं। बिलबोर्ड एक पेट्रोल पंप के सामने लगा था, जो आंधी आने पर पंप के बीचोंबीच जा गिरा, जहां कुछ लोग मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मलबे में फंसे जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है। मालूम हो कि मुंबई में इस सीजन की यह पहली बारिश है। बारिश होने से मुंबई और उसके आसपास के इलाके के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि, धूल भरी हवाओं के चलते लोगों को परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ा। तेज धूल भरी आंधी चली जिससे आज दोपहर में 3 बजे ही आसमान में अंधेरा छा गया।






# रायबरेली से सौ साल पुराना रिश्ता : राहुल-प्रियंका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्साहित होकर चुनाव प्रचार में शामिल होने पर रायबरेली के लोगों का अभिनंदन किया और कहा कि उनके नेहरू गांधी परिवार का रायबरेली से 100 साल पुराना रिश्ता है। श्री गांधी ने कहा रायबरेली और मेरे परिवार का बहुत पुराना रिश्ता है। हमारा ये रिश्ता 100 साल पुराना है। यहां पहले मेरे परदादा जवाहरलाल नेहरू जी आए थे। मैं यह कह सकता हूं कि जवाहरलाल नेहरू जी को रायबरेली की जनता ने राजनीति सिखाई थी। उन्होंने कहा जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने देश की नींव रखी। यानी देश की राजनीति की नींव रायबरेली की जनता ने रखी। फिर इंदिरा गांधी जी और सोनिया गांधी जी यहां आईं। उन्होंने यहां कई बड़े काम किए और अब मैं यहां आया हूं। श्री गांधी ने उन पर फिल्माये गये गीत के लिए भी रायबरेली के लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा ₹आपने इतने प्यार से मेरे लिए ये गाना बनाया और उस पर जोश, उमंग और डांस के संग हमारे अभियान को उत्सव बना दिया। इसके लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद। श्रीमती वाड्रा ने कहा, ₹हमारा रायबरेली परिवार सौ सालों से लगातार लोकतंत्र, संविधान और न्याय की लड़ाई लड़ता रहा है। पंडित मोतीलाल नेहरू जी के समय से लेकर आज तक रायबरेली ने हमेशा देश को रास्ता दिखाया है और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। एक बार फिर से रायबरेली परिवार एकजुट होकर न्याय की मशाल जलाने को तैयार है।



### हम करोड़ों को बनायेंगे लखपति : राहुल गांधी

रायबरेली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली में गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में 22 अरबपतियों का पूरा ख्याल रखा जबकि गठबंधन की सरकार आने पर वह देश की करोड़ों गरीब महिलाओं और बेरोजगारों को लखपति बनाने का काम करेंगे। ऊंचाहार क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर रहे। उन्होने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने गरीबों और किसानों की बजाय देश के चुनिंदा उद्योगपतियों को ध्यान रखा जबकि गरीब महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से त्रस्त रहे।

### इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में बाढ़ से 37 की मौत

**पडांग।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर भारी बारिश और अचानक बाढ़ आ जाने से कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि मॉनसून की बारिश और माउंट मारापी की ठंडे लावे वाली ढलानों से कीचड़ के प्रवाह से हुए भूस्खलन के कारण शनिवार मध्यरात्रि को एक नदी में उफान के कारण पश्चिम सुमात्रा प्रांत के चार जिलों के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि कई लोग बाढ़ में बह गए और 100 से अधिक घर और इमारतें जलमग्न हो गईं। ठंडा लावा, ज्वालामुखीय सामग्री और मलबे का मिश्रण है।

# चौथे चरण में 62 फीसदी से अधिक मतदान

- पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच सर्वाधिक 76.02 प्रतिशत वोटिंग
- यूपी में 57.91, बिहार में 55.92 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में 96 सीटों पर आज मतदान हुआ। यहां रात 8 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार मतदान 62.90 प्रतिशत रहा। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 76.02 प्रतिशत वोट डाले गए। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर सीट पर 36.74 प्रतिशत मतदान हुआ था जो पिछले कुछ दशकों का सर्वश्रेष्ठ मत प्रतिशत है। महाराष्ट्र में मतदान 52.75 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 57.91 प्रतिशत और बिहार में 55.92 प्रतिशत वोट डाले गये।

**माधवी लता पर मामला दर्ज :** तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के माधवी लता के खिलाफ मामला दर्ज किया। वीडियो में वह बुर्का पहने महिला मतदाताओं से कथित तौर पर चेहरा दिखाने के लिए कह रही थीं। आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल में हिंसा की घटनाओं और उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में चुनावों के बहिष्कार की खबरों के बीच आज वोटिंग हुई। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम 5 बजे तक 62.31 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। आंध्र प्रदेश में 68.04 फीसदी, बिहार में 54.14 फीसदी, झारखंड में 63.14 फीसदी, मध्य प्रदेश में 68.01 फीसदी, महाराष्ट्र में 52.49 फीसदी, ओडिशा में 62.96 फीसदी, तेलंगाना में 61.16 फीसदी और उत्तर प्रदेश में 56.35 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला।



**बंगाल में हिंसक घटनाएं :** पश्चिम बंगाल के 8 संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के कारण बीरभूम और बर्धमान-दुगार्पुर लोकसभा सीट के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। बर्धमान-दुगार्पुर से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष के काफिले पर दो जगहों पर पत्थर फेंके गए। बीरभूम लोकसभा सीट के अंतर्गत नानूर में, भाजपा के पोलिंग एजेंटों को कथित तौर पर बूथ में प्रवेश करने से रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ता टीएमसी कार्यकताओं से भिड़ गए। चुनाव आयोग की वेबसाइट के पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 75.66 प्रतिशत वोट डाले गये जबकि जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर सीट पर 35.75 प्रतिशत मतदान हुआ था जो पिछले कुछ दशकों का सर्वश्रेष्ठ मत प्रतिशत है।

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 28 सीटों के लिये चुनाव के लिये शाम पांच बजे तक क्रमशः 67.99 प्रतिशत और 62.96 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### कहां कितनी हुई वोटिंग

| | |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 68.04 |
| बिहार | 54.14 |
| जम्मू-कश्मीर | 35.75 |
| झारखंड | 63.14 |
| मध्य प्रदेश | 68.01 |
| महाराष्ट्र | 52.49 |
| ओडिशा | 62.96 |
| तेलंगाना | 61.16 |
| उत्तर प्रदेश | 56.35 |
| पश्चिम बंगाल | 76.66 |


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!